

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार · समाज जागरण · RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्ष: 1 अंक: 310 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 28 अगस्त 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 5 रुपया


# I-N-D-I-A में फिर तकरार!

## AAP ने किया बिहार चुनाव लड़ने का ऐलान

### आरजेडी-जदयू ने याद दिलाया गठबंधन का सिद्धांत

नई दिल्ली. अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) ने बिहार में अगला विधानसभा चुनाव लड़ने की अपनी योजना की घोषणा कर दी है. एक ऐसा कदम जो 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी एकता को और कमजोर कर सकता है. आप महासचिव संदीप पाठक ने राष्ट्रीय राजधानी में आप की बिहार इकाई के नेताओं और कार्यकताओं के साथ बैठक की है. बिहार में 2025 में विधानसभा चुनाव होंगे. बैठक के दौरान संदीप पाठक ने बिहार में पार्टी को मजबूत करने पर जोर दिया है. बैठक में दिल्ली से आप विधायक और बिहार प्रभारी अजेश यादव भी शामिल हुए.

आम आदमी पार्टी नेता संदीप पाठक ने कहा कि यह बिहार का दुर्भाग्य है कि गंदी राजनीति के कारण राज्य वहां आगे नहीं बढ़ पाया जहां उसे होना चाहिए था. आम आदमी पार्टी बिहार में चुनाव लड़ेगी. लेकिन, चुनाव लड़ने के लिए मजबूत संगठन होना जरूरी है. पाठक ने बिहार में पार्टी नेताओं से अपने संगठन का विस्तार करने के लिए हर गांव में समितियां बनाने का भी आग्रह किया. उन्होंने कहा कि "हम बिहार में चुनाव लड़ेंगे, लेकिन पार्टी तय करेगी कि कब लड़ना है. हम बिहार में सीधे चुनाव नहीं लड़ सकते हैं. इसके लिए हमें पहले संगठन को मजबूत करना होगा. हमें हर गांव में अपनी कमेटी बनानी होगी."





**आम आदमी पार्टी गुजरात की तरह बिहार में भी पूरी ताकत से लड़ेगी चुनाव**

पाठक ने कहा, "संगठन को मजबूत करने और विस्तार करने के लिए अभी से कड़ी मेहनत करें. एक बार संगठन मजबूत हो जाएगा तो हम चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे भी. आप गुजरात की तरह बिहार में भी पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगी. अपनी योजनाओं के बारे में बात करते हुए पाठक ने कहा कि पार्टी पहले स्थानीय निकाय चुनावों के माध्यम से राज्य में प्रवेश करेगी.

**आप एक राष्ट्रीय पार्टी, देश सबसे पहले**

बीजेपी पर निशाना साधते हुए पाठक ने कहा कि देश कठिन दौर से गुजर रहा है. विपक्षी गुट, भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन (I-N-D-I-A) पर उन्होंने कहा कि हालांकि राय भिन्न हो सकती है, लेकिन देश पहले आता है. उन्होंने कहा आप एक राष्ट्रीय पार्टी है और लोकसभा चुनाव लड़ेगी. उन्होंने कहा कि गठबंधन पर फैसला बाद में आएगा. **शेष भाग पृष्ठ संख्या 4 पर**

## जनसमस्याओं का निस्तारण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता: मुख्यमंत्री

### जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं 100 से अधिक लोगों की समस्याएं

समाज जागरण



लखनऊ, 27 अगस्त: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण हमारी प्राथमिकता है। सीएम ने अधिकारियों को जनसमस्याओं के हर हाल में सुनवाई व निस्तारण के निर्देश दिए। रविवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने आमजन से मुलाकात कर समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 100 से अधिक फरियादियों की उपस्थिति रही, मुख्यमंत्री ने एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने हर किसी को आश्वस्त किया कि सबकी समस्या का निस्तारण कराना उनकी प्रतिबद्धता है। प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने आमजन को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। किसी की जमीन पर कब्जा करने वाले, कमजोरों को परेशान करने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर भी पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भी भरोसा दिलाया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी।

## अक्टूबर से लाडली बहनों को मिलेगा 1250 रुपया, 450 में सिलेंडर सहित अन्य सुविधाएं देने का वादा



समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।(28 अगस्त )मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रक्षा-बंधन पर बहनों के खाते में सिंगल क्लिक से 312.64 करोड़ रुपए की राशि अंतरित कर उन्हें विशेष उपहार दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में बहनों को प्रतिमाह दी जा रही 1000 रूपए की राशि के स्थान पर अक्टूबर माह से 1250 रुपए की राशि दी जाएगी। राखी पर्व पर आज प्रत्येक बहन को उपहार के रूप में 250 रुपए दिए जा रहे हैं। बहनों के खाते में दस सितंबर को योजना के एक हजार रुपए डाले जाएंगे। इसके पश्चात अक्टूबर माह से 1250 रुपए की राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने जंबूरी मैदान भोपाल में विशाल लाड़ली बहना सम्मेलन में महत्वपूर्ण घोषणाएँ कीं।

**बहनों के जीवन को बदलने का संकल्प बना योजनाओं का आधार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में नारी शक्ति की आवाज गूंज रही है। आज यहां भाई बहन के पवित्र रिश्ते को प्रणाम करने आया हूँ। बहनों के बिना दुनिया आगे नहीं बढ़ सकती। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि उन्होंने जीवन में पैतृक ग्राम में ही बहनों के साथ भेदभाव के प्रसंग देखे। समाज में बेटों की संख्या ज्यादा होने लगी थी। महिलाओं के जीवन को सम्मानजनक बनाने के लिए तभी संकल्प लिया था। मुख्यमंत्री बनने के पहले विधायक और सांसद के रूप में भी अभावग्रस्त परिवारों की बेटियों के विवाह करवाने का कार्य किया। बहनों के जीवन को सँवारने के संकल्प को बाद में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रकट किया। यह संकल्प महिला कल्याण योजनाओं का आधार बना। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वे बेटियों और बहनों की आँखों में आँसू नहीं देख सकते। बहनों की जिंदगी बदलना जीवन का संकल्प है।

**शासकीय नौकरी में महिलाओं को मिलेगा 35% का आरक्षण**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस सहित अन्य भर्तियों में 35 प्रतिशत बहनों को नियुक्तियां दी जायेगी। शिक्षकों के पदों पर 50 प्रतिशत बहनें नियुक्त होंगी। स्थानीय निकायों में एल्डरमैन और अन्य पदों पर महिलाओं को प्राथमिकता दी जायेगी। बहनों और बेटियों को बेहतर शिक्षा का प्रावधान करते हुए बहनों की शिक्षण फीस शासन द्वारा दी जायेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बहनों का सम्मान सर्वोपरि है। यदि बहनें नहीं चाहेंगी तो किसी क्षेत्र में मदिरा की दुकान नहीं खुलेगी। इसके लिए आबकारी नीति में परिवर्तन किए जाएंगे।

## गृह मंत्री अमित शाह का ऐलान- तेलंगाना में अब होगा बीजेपी का सीएम, केसीआर-ओवैसी से नहीं मिलाएंगे हाथ

हैदराबाद. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने परिवारवादी राजनीति को लेकर कांग्रेस, एआईएमआईएम



और भारत राष्ट्र समिति पर तंज कसते हुए उन्हें 4जी, 3जी और 2जी पार्टी करार दिया. अमित शाह ने इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के उस आरोप पर पलटवार किया, जिसमें उन्होंने कहा है कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के साथ गुप्त सहमति है और वे चुनाव के बाद हाथ मिलाएंगे. इसके जवाब में अमित शाह ने कहा कि उनकी पार्टी राज्य में बीआरएस के साथ गठबंधन नहीं करेगी.

तेलंगाना के खम्मम में 'रायतु गोसा-बीजेपी भरोसा' रैली में शाह ने कहा कि 'भ्रष्ट और दमनकारी' मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली बीआरएस सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है, जिसे ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी का समर्थन प्राप्त है.

**'कांग्रेस-4जी, AIMIM- 3जी, BRS- 2जी पार्टी'**

अमित शाह ने कहा, 'कांग्रेस एक 4जी पार्टी है-जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा जी, राजीव जी और अब राहुल गांधी, यह चार पीढ़ियों की पार्टी है. केसीआर की पार्टी 2जी पार्टी है और ओवैसी की पार्टी 3जी पार्टी है.' इसके साथ ही उन्होंने कहा, 'ना 2जी आएगा, ना 3जी आएगा और ना ही 4जी आएगा.

## प्राइवेट विद्यालय कर रही है शिक्षकों का शोषण

### विद्यालय के वाहन चालकों से भी काम है शिक्षकों की वेतन

समाज जागरण/झारखंड

यह खबर पढ़ के पाठकों की होश उड़ जाएगी की एक विद्यालय को चलाने वाले मशीनरी विद्यालय की इंजन विद्यालय की आत्मा "शिक्षक" का वेतन, विद्यालय में काम कर रहे ड्राइवर से भी कम होती है , यह हाल है धनबाद में चल रहे लगभग- लगभग सभी गैर- सरकारी विद्यालयों का ।

जहां पर एक ड्राइवर नौकरी पर रखा जाता है तो उसकी तनख्वाह रु 9000 से रु 10000 महीने की होती है, जो कि शायद मैट्रिक पास या फेल भी होता है परंतु वही डी•एल•एड• प्रशिक्षित एवं इ.ए प्रशिक्षित शिक्षक अगर किसी प्राइवेट विद्यालय में पढ़ा रहे हैं तो उसकी वेतन मात्र रु3500 से लेकर रु 5000 तक की है। वह शिक्षक जो पूरे विद्यालय की इंजन के रूप में कार्य करती है। विद्यालय की आत्मा कही जाती है ।उसे शिक्षक के साथ शोषण किया जा रहा है परंतु ना ही राज्य-सरकार ना ही जिला-प्रशासन ना ही विधायक नहीं सांसद इस मजबूर प्राइवेट - शिक्षकों की ओर किसी भी प्रकार का ध्यान देते हैं। मजदूर के लिए मजदूर-दिवस होती है। **शिक्षक के लिए शिक्षक- दिवस होती है । मजदूर के लिए न्यूनतम वेतन तय की जाती है केवल शिक्षकों को ही अकेला छोड़ दिया जाता है ।**

**क्या न्यूनतम वेतन शिक्षकों के लिए तय नहीं की जा सकती है ?**

जहां एक तरफ मजदूरी करने वाले मजदूर को एक दिन का वेतन रु 545 दी जाती है , वहीं किसी प्राइवेट विद्यालय में पढ़ने वाले शिक्षक को एक दिन का वेतन 133/- रुपए से 233/- रुपए तक ही दी जा रही है।

किसी कंपनी या आउटसोर्सिंग में अगर कोई मजदूर कार्य कर रहा है तो उसे मासिक वेतन रु15,000 से रु 18,000 हजार रुपए के साथ कंपनी के द्वारा पी•एफ• एवं मेडिकल की सुविधा भी प्रदान की जाती है परंतु प्राइवेट विद्यालय जहां पर लगभग रु 500 से रु 1000 बच्चे पढ़ा करते हैं , विद्यालय में 10 से 20 शिक्षक कार्यरत होते हैं परंतु उस 10 20 शिक्षकों में किसी को भी ना तो न्यूनतम वेतन के रूप में वेतन मिलती है ना ही पी•एफ• ना हीं मेडिकल की सुविधा । दूसरों को ज्ञान देने वाली शिक्षक अगर स्वयं की हित के लिए आवाज उठाई तो , उसे दाल रोटी से भी बेदखल कर दिया जाता है । आज के समय में एक मजदूर होना पाप नहीं है पर शायद एक प्राइवेट शिक्षक होना सबसे बड़ा पाप और अभाग्य है ।

प्राइवेट विद्यालय के शोषण का शिकार कभी अभिभावक बनते हैं तो कभी उसी में कम कर रहे हैं शिक्षक बनते हैं ।ऐसे में हमारे सांसद, विधायक एवं डी•सी• महोदय को इस पर कड़ी निर्णय लेते हुए प्रत्येक कक्षा के लिए अधिकतम एवं न्यूनतम मासिक फी के साथ-साथ कक्षा अनुसार प्राइवेट शिक्षकों की भी वेतन निर्धारित करनी चाहिए। जिससे किसी भी वर्ग का शोषण ना हो ।

आजादी के इतने वर्षों बाद भी अगर कोई शोषण का शिकार होता है तो फिर हमारे आजादी का क्या महत्व रह जाता है।

## नूंह में शोभायात्रा पर अड़े हिंदू संगठन, पुलिस ने नहीं दी इजाजत,

नूंह/गुरुग्राम. हरियाणा के नूंह में ब्रजमंडल यात्रा को लेकर एक बार फिर से तनाव देखने को मिल रहा है. कुछ संगठनों ने 28 अगस्त को जल अभिषेक यात्रा फिर से शुरू करने का ऐलान किया है. पुलिस ने नूंह के हालात देखते हुए यात्रा निकालने की अनुमति नहीं दी है. इसकी घोषणा के बाद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है. पुलिस ने जिले की सीमाओं को सील कर दिया है और गहन चेकिंग के बाद ही वाहनों को प्रवेश करने दिया जा रहा है. इसके साथ ही पूरे इलाके में धारा 144 लागू कर दी गई. वहीं 29 अगस्त तक के लिए मोबाइल इंटरनेट पर भी रोक लगा दी गई है.

**इस बीच मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने भी शोभायात्रा निकालने की बजाय पास के मंदिरों में जाकर जलाभिषेक करने का अनुरोध किया है. वहीं**




हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने साफ किया है कि प्रशासन की तरफ से किसी भी संगठन को यात्रा निकालने की अनुमति नहीं दी गई है. वहीं नूंह में अगले दो दिनों तक मंदिरों में बाहरी व्यक्ति की इंट्री पर बैन लगा दिया गया है. नूंह जिला प्रशासन ने रविवार को यह आदेश जारी किया. इसके साथ ही नूंह और पलवल जिलों में दंगा निरोधक टीम ने रविवार को मॉक ड्रिल भी किया है. टोल प्लाजा पर वाहनों की जांच की जा रही है. वहीं नूंह में ब्रजमंडल यात्रा के आयोजकों ने चेतावनी दी देते हुए कहा कि वह कल (सोमवार, 28 अगस्त) नूंह में शोभायात्रा निकालेंगे.
28 अगस्त को विश्व हिंदू परिषद (विहिप) द्वारा बुलाई गई यात्रा से पहले गुरुग्राम के सोहना-नूंह टोल प्लाजा पर भारी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात कर दिए गए हैं. नूंह जिले की सीमा के साथ-साथ नया शहर के अंदर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. नूंह के मुख्य चौराहे पर हरियाणा पुलिस और RAF की तैनाती की गई है. कई जगह नाकाबंदी की गई है. WKT/IMP- नलहड़ मंदिर दो दिन 27 और 28 अगस्त के लिए बंद किया गया. जानकारी के मुताबिक मंदिर कमेटी जिन्हें पास इशू करेगी उन्हें ही मंदिर में प्रवेश की अनुमति होगी. मंदिर जाने वाले रास्ते पर अर्द्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है.

**29 अगस्त तक इंटरनेट बंद**

शोभायात्रा के ऐलान के मद्देनजर नूंह में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं. पूरे जिले में इंटरनेट सेवाएं 29 अगस्त रात 12 बजे तक बंद रहेंगी. जिले में धारा 144 लागू करने का ऐलान भी कर दिया गया है. फिलहाल बैंक और स्कूल खुले रहेंगे, लेकिन लॉ एंड ऑर्डर मेंटेन करने के लिए पूरे इलाके में प्रशासन की सख्ती साफ नजर आ रही है. कई तरह की पाबंदियां भी लगाई जा रही हैं.

**मुख्यमंत्री ने की यह अपील**

शोभायात्रा को लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा, 'महीने की शुरूआत में वहां (नूंह) जिस तरह की घटना हुई, उसे देखते हुए यह सुनिश्चित करना सरकार का कर्तव्य है कि इलाके में कानून-व्यवस्था बनी रहे. हमारी पुलिस और प्रशासन ने यह निर्णय लिया है कि लोग यात्रा (ब्रज मंडल शोभा यात्रा) निकालने के बजाय पास के मंदिरों में जाएं और पूजा करें.



यात्रा की अनुमति नहीं दी गई है, लेकिन लोग जलाभिषेक के लिए जा सकते हैं और मंदिरों में पूजा-अर्चना कर सकते हैं क्योंकि यह सावन का महीना है

**एसपी ने चेताया**

एसपी हिमांशु गर्ग ने एक्स पर लिखा, नूंह प्रशासन द्वारा ब्रजमंडल धार्मिक यात्रा को अनुमति नहीं दी गई है. भ्रामक जानकारी, धार्मिक भावनाएं भड़काने वाली, शांति भंग करने वाली पोस्ट को सोशल मीडिया पर वायरल करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी. जिला पुलिस द्वारा सोशल मीडिया की मोनिटरिंग की जा रही है.

# शिक्षा मे सांप्रदायिकता का माहौल, एक विशेष वर्ग को शिक्षा से दूर रखने की साजिश तो नही ?

**दैनिक समाज जागरण**

मुजफ्फरनगर. उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के एक स्कूल में टीचर द्वारा क्लास के एक छात्र को थप्पड़ लगवाने का वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन एक्शन में है. कहा जा रहा है कि मुजफ्फरनगर जिला प्रशासन ने उस स्कूल की मान्यता रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसमें एक शिक्षिका अपने कक्षा 2 के छात्रों को अपने सहपाठी को थप्पड़ मारने का निर्देश दिया था. शिक्षिका तृप्ता त्यागी पर शनिवार को मुजफ्फरनगर पुलिस ने मामला दर्ज किया था.

अब सवाल उठता कि क्या शिक्षा का सांप्रदायिकरण हो गया है, या फिर एक विशेष राजनीतिक वर्ग इसका इस्तेमाल अपने हित के लिए कर रहा है। क्या इस प्रकार की यह पहली घटना है ? आये दिन इस प्रकार के घटना होते रहते है तो क्या स्कूल को बंद कर दिया जाय ? क्या योगी सरकार स्कूलों को परमिशन देने के लिए तैयार है कि वह कि वह धार्मिक और जातीय आधार पर अपने सुविधा के हिसाब से बच्चे को एडमिशन दे ? अगर इस प्रकार के मामले जिसमे एक शिक्षिका जो कि विकलांग है और बच्चे को सुधारने हेतू इस प्रकार की कदम उठा दी तो गुनाह कर दिया।

हमे लगता है सभी सरकारी तथा प्राइवेट स्कूल को बंद कर देना चाहिए, क्योंकि यहाँ तो विवाद होते ही रहते है। समाज के मार्ग दर्शन करने वाले शिक्षक आज डर के साये मे जी रहा है। पता नही कब किस बात को सांप्रदायिक बना दिया जाय और न जाने कब उस पर एस सी एसटी एक्ट मे केस दर्ज करके उसको जेल भेज दिया जाय। शिक्षा की गिरते स्तर के लिए शिक्षक नही बल्कि शिक्षा पर लागू नियम कानून है जो एक शिक्षक को रोक रहा है शिक्षा देने से और कह रहा है कि आप अपना ज्ञान और अनुभव छात्रों को मत बताओ बल्कि उतनी ही ज्ञान दो जितने कि अग्रेजी किताबों मे पूर्वती सरकरों के द्वारा लिखवाये गये है। आपको अकबर महान कहना ही होगा नही कहेंगे तो सांप्रदायिक हो जायेंगे आप।

राजनीतिक फायदे के लिए सांप्रदायिक रंग देने वाले लोग नही चाहते कि भारत के मुस्लिम बच्चे भी समाज मे शिक्षा के उच्च स्तर को हासिल कर समाज के मुख्यधारा मे शामिल हो। उन्हे अपने वोट बैंक का डर है अगर यह लोग समझदार हो गए तो सवाल पूछेंगे कि आखिर 70 सालों मे आपने हमारे लिए क्या किया है ? यह कारण है कि बार-बार शिक्षा को सांप्रदायिक बनाने की कोशिश की जा रही है और सरकार इनके हाथ के कठपुतली बनी हुई है। आखिर कौन था जो उस समय पर स्क्लू के अंदर विडियों बना रहा था? क्या योगी सरकार ने एक्शन लेने से पहले विडियों का फारेंसिक करवा लिया है या फिर आरोप पर ही कार्यवाही शुरू कर दी गई है ? स्कूलो के द्वारा फिस वसूली के मामले मे चुर रहने वाली योगी सरकार आखिर इतने जल्दी एक्शन मोड मे कैसे ? धन्य हो ऐसी पत्रकारिता और राजनीति का जो हर बात को सांप्रदायिक एंगल बनाने समाज मे द्वेष पैदा करने के लिए उत्सुक रहती है निश्चित ही यह लोग अंग्रेजो से भी ज्यादा खतरनाक है जिसने भारत मे गुरुकुल व्यवस्था को तहत नहस कर दिया और अब यह लोग उन सभी स्कूलों को बंद करवाये लगता है जिसका मालिक इनके विचारधारा का नही हो। सरकार को एक बार पुनः विचार करते हुए सांप्रदायिक रंग देने वाले सभी लोगो पर कार्यवाही करनी चाहिए चाहे वह पत्रकार हो या फिर राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता ।

समाज को मार्ग दर्शन करने वाले शिक्षक मे व्याप्त भय से समाज को बड़ा नुकसान होने की आशंका जतायी जा रही है, सरकार और समाज से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो अन्यथा भारत मे आगे से न कोई स्कूल खोलना चाहेगा नही तो शिक्षक बनना पसंद करेगा। फिर क्या फिर तो विदेशियों के चांदी ही चांदी शिक्षा के नाम पर संस्कार को बट्टा लगाकर भारत की फिर से लूट।



संपादक रमन कुमार झा

# आवश्यकता है खेल और खिलाड़ी के विकास का

**दैनिक समाज जागरण**

वैश्विक परिदृष्य में आज हमारा देश खेलकूद के मामले में साधारण दिखाई देता है। बीते वर्षों के ओलंपिक खेलों को देखा जाए तो वहां से हम अधिकतर खेलों में खाली हाथ ही वापस आते नजर आते हैं। अपवाद स्वरुप कुछ खेलो जैसे लान टेनिस, कुश्ती, भारोत्तोलन, शूटिंग में ही गिनती के दो चार पदक हमारे देश के हिस्से में आते हैं। हां यह बात अलग है कि गत संपन्न हुए ओलंपिक के भाला फेंक स्पर्धा में व्यक्तिगत रूप से नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण पदक लाकर एक इतिहास रच दिया। एक सौ चालीस करोड़ की जनसंख्या वाले देश में ऐसा कोई भी खिलाड़ी ही नहीं है जो अन्य देशों के खिलाडियों से पंगा लेकर पदक ला सके। ठीक ऐसा ही हाल अन्य खेलों के अंतरराष्ट्रीय बड़े आयोजनों में भी है, चाहे वह एशियाई खेल हों या राष्ट्रकुल के खेल स्पर्धा हो या अन्य अंतर राष्ट्रीय खेल हों।

इसके सुधार के लिए हमारी खेल व्यवस्था और हमें आज मूलभूत परिवर्तन के साथ गुजरना होगा। तभी तो उक्त परिणामों में भी बदलाव आयेगा और पदकों की संख्या में वृद्धि होगी! आज के परिवेश में युद्ध से नहीं, खेल में पदक लाने से देश की प्रतिष्ठा में वृद्धि होती है। अतः जरूरी है कि खेल के स्तर को उंचा उठाया जाए! वैसे भी खेलकूद जो हमारे जीवन का अभिन्न अंग है! जिस पर हमें प्रवीणता हासिल करनी है। रोमांच और विविधताओं से भरी खेली की दुनिया में शिखर पर पहुंचने का सपना हर देश का होता है, कुछ देश जैसे चीन, जर्मनी, जापान, कोरिया, ब्रिटेन, अमेरिका,रूस, फ्रांस, ब्राजील आदि इस मंजिल को पा लेते हैं, और कुछ देशों को प्रायः निराश होकर लौटना पड़ता है। दुर्भाग्य से हमारे देश की गिनती निराश होकर लौटने वाले देशों में होती है। हाल ही में हुए ओलंपिक खेल में भारत का प्रदर्शन बहुत ही साधारण रहा! हमारा देश खेल के क्षेत्र में इतना क्यों पिछड़ता जा रहा है, क्या इस सवाल पर किसी ने कभी ध्यान दिया है ? सरसरी तौर पर देखा जाए तो खेलों कि खराब परिस्थिति के लिय कई कारण नजर आयेंगे। जैसे धन की कमी प्रमुख कारण है। खेल पर हम अपने कुल बजट का आधा प्रतिशत भी खर्च नहीं करते। पैसे के अभाव में खेल सुविधाओं के विस्तार की योजना अधूरी रह जाती है। खिलाड़ियों के पास जब खेलने के लिये आधुनिक सुविधायें ही नही रहेंगी तो फिर वे अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कैसे अपने प्रतिस्पर्धियों के ठहर सकते हैं।

वहीं खेल के लिये आवश्यक प्रबंधन ढांचे का अभाव भी एक प्रमुख कारण है,खेल की दुर्दशा का। वस्तुतः खेल के विकास और प्रसार की हमारी अधिकतर योजनाएं दिखावटी ज्यादा हैं। हम अभी तक अपने देश में खेल का एक मजबूत मूलभूत ढांचा (इन्फ्रास्ट्रक्चर) विकसित नहीं कर पाये हैं। जब तक हम खेलों को गांवों, कस्बों और छोटे-छोटे नगरों तक नहीं ले जायेंगे, तब तक खेल के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर शिखर तक पहुंचने की उम्मीद भी नहीं की जा सकती। इस संबंध में एक उदाहरण ही काफी है कि रूस में राष्ट्रीय खेलों में मोटे तौर पर आबादी का एक चौथाई हिस्सा शिरकत करता है। यहां बहुत निचले स्तर से स्पधाएं शुरू हो जाती हैं ,और सुव्यवस्थित रुप से आखिर तक चलती है। हमारे यहां अभी खेलों का ढांचा विकसित ना हो पाने के कारण खेलों में लोगों की भागीदारी बहुत कम है। वहीं चीन जैसा देश जो पिछले कुछ वर्षों में खेल के क्षेत्र में खासी प्रगति कर चुका है। आज अंतर्राष्ट्रीय खेल जगत का चीन एक प्रमुख हस्ती बन चुका है। एशियाई खेलों में तो वह हमेशा ही सिरमौर रहता आया है। यही कारण है कि तात्कालीन केन्द्रीय युवा एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि हमे भी खेल में विकसित देशों की तरह सुव्यवस्थित ढांचा खड़ा करना होगा। खिलाड़ियों को निखारने के लिए उन्हें उचित सुविधा व सम्मान देना होगा, तभी शायद हम भी खेल के क्षेत्र में एक प्रमुख हस्ती बन सकते हैं।

आज स्थिति यह है कि क्रिकेट को छोड़कर हमारे देश में खेलों के प्रति रुचि और आकर्षण ना के बराबर है। इसका बहुत बड़ा कारण यह भी है कि खेलों की दुनिया ने सफलता के बाद भी इस बात को कोई गारंटी नहीं है कि कोई खिलाड़ी बिना संघर्ष के जीविकोपार्जन कर सके। यह अविश्वास ही खिलाड़ी के आकर्षण को एक झटके में समाप्त कर देता है।

हमारे देश में बहुधा यह भी देखा जाता है कि यदि सभी परिस्थितियों से जूझते हुये खिलाड़ी अंततः शिखर पर पहुंच भी गया तब भी हमारे यहां उसे राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण अंतर्राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा में भाग लेने का मौका खोना पड़ सकता है। यही मूल कारण है कि राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से ज्यादा फिक्र राजनैतिक समीकरण की करने लगता है। इससे होता यह है, कि खिलाड़ियों का खेल कौशल भी प्रभावित हो रहा है। उनकी योग्यता को नकारने से उनमें कुंठा और निराशा जन्म ले लेती है, जिसका सीधा प्रभाव उनके प्रदर्शन पर पड़ता है। इन्हीं कारणों को देखते हुए मेजर ध्यानचंद सिंह की जयंती पर्व पर आज राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जा रहा है। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद सिंह ने लगन, दृढ़ता के साथ अभाव में भी अपने खेल को जिस तरह से निखारा और सजाया- संवारा वह अप्रतिम ही है। ऐसे ही उन्हें "हाकी का जादूगर" नहीं कहा जाता है। मुझे आज तक समझ में नहीं आया कि ना जाने क्यों हमारे देश की केंद्र सरकारों ने उन्हें आज तक "भारत रत्न" की उपाधि से वंचित कर रखा है। यह तो जगत विख्यात है हमारे देश का बच्चा-बच्चा जानता है ओलंपिक में जब तक वे खिलाड़ी के तौर पर हिस्सा लेते रहे उन्होंने हाकी के खेल में स्वर्ण पदकों की लाइन लगा रखी थी। खैर इन सब के बावजूद भला हो यूपी सरकार का जिन्होंने मेरठ स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद सिंह बैस के नाम पर रखने का निर्णय लिया।

हमारे देश मे खिलाड़ियों के सतत अभ्यास और अच्छे प्रशिक्षण की भी कमी है। प्रशिक्षण सुविधाओं का अभाव तो है ही साथ ही अच्छे प्रशिक्षकों की भी कमी है। विद्यालयों और महाविद्यालयों में होने वाले खेलकूद महज औपचारिकता बनकर रह गए हैं। खेलकूद का स्तर सुधारने के लिए हम सभी में पूरी निष्ठा का होना बहुत आवश्यक है ।बजट प्रावधानों में खेल के लिए खर्च होने वाली राशि में वृद्धि की जाए। तो वही ग्रामीण स्तर वह निचले स्तर पर खेलकूद गतिविधियों को विशेष बढ़ावा दिया जाए। प्रचार-प्रसार माध्यम ना केवल खेलकूद के समाचारों को पर्याप्त महत्व दें, बल्कि इसके साथ ही सफल खिलाड़ियों का हौसला अफजाई भी करें ।इस संबंध में सबसे पहली जरुरत एक विस्तृत और सुव्यवस्थित खेल नीति की है।

निष्कर्षतः खेलों के विकास के लिये पहली जरूरत एक राष्ट्रीय खेल नीति की है। दूसरी खास जरूरत ग्रामीण क्षेत्रों से क्षप्रतिभाओं को निकालकर लाने रऔर फिर उन्हें तराशने की है। यदि हम ऐसा कर तो निश्चय ही एक दिन हम खेल की दुनिया में काफी ऊपर पहुंच सकते हैं। और वैश्विक खेलों में प्रमुख हस्ती बन सकते हैं।

**- सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

## ललित कला और काव्य-कौमुदी

ललित कला है प्रवीणता,
तो भावों का उद्गार है कविता,
वैचारिक साधना है कविता,
ईश्वर प्रदत्त उपहार है कविता।

शृंगार, करुण, वीभत्स, वीर रस,
अद्भुत, रौद्र, भयानक, शान्त रस,
वात्सल्य प्रेम व भक्ति विनय रस,
कवि की रचना के हैं यश अपयश।

रस धार बने जैसे कविता की,
आभूषित अलंकार कर देते,
शब्द, अर्थ के अलंकार कविता,
सुरसरि सुरभित मोहित कर देते।

अनुप्रास, यमक, श्लेस शब्दों से
कवि की रचना का मान बढ़ाते,
शब्दों का शब्दों से मिलना,
संयोग सरस सम्मान बढ़ाते ।

उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, भ्रांतिमान,
संदेह, विभावना, मानवीकरण कर
अतिशयोक्ति कृत सब अलंकार,
पाठक को निहित अर्थ में उलझाते।

श्लोक, सवैया, कुंडलियाँ, बरवै,
छन्द, सोरठा, दोहा और चौपाई,
छप्पय, गीत, गजल रचि रचि दें,
कविकुल काव्य कला दिखलाई।

काव्य- पिपासा स्वांतः सुखाय है,
सर्वे भवंतु सुखिनः सब जनहिताय है।
काव्य कौमुदी, कला कौमुदी समाज,
के जीवन की सर्वे संतु निरामयाः हैं।

वैचारिक संशोधन, साहित्य सृजन
गतिशील सामाजिक तत्वज्ञान है।
आदित्य कवि की काव्य कल्पना,
सामाजिक जीवन का इक दर्पण है।

कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य लखनऊ

# भारतीय संस्कृति का परिदर्शक ऋग्वेद उपाकर्म

**दैनिक समाज जागरण**

अत्यंत प्राचीन काल से शरीर, मन और इंद्रियों की पवित्रता का पुण्य पावन पर्व श्रावणी उपाकर्म श्रावण मास के श्रवण नक्षत्र व चंद्र के मिलन अर्थात पूर्णिमा की तिथि अथवा हस्त नक्षत्र में श्रावण पंचमी को मनाए जाने की वैदिक परिपाटी है। श्रावणी उपाकर्म में श्रावणी और उपाकर्म दो शब्द हैं। श्रावणी शब्द श्रु श्रवणे धातु से ल्युट् प्रत्यय पूर्वक छन्दसि (वेदार्थ) में स्त्री लिंग में श्रावणी शब्द सिद्ध होता है। जिसका अर्थ होता है- सुनाये (सुनाई) जाने वाली। अर्थात जिसमें आहति अर्थात वेदों की वाणी को सुना जाये, वह श्रावणी कहलाती है। अर्थात जिसमें निरन्तर वेदों का श्रवण-श्रावण और स्वाध्याय व प्रवचन होता रहे, वह श्रावणी है। उपाकर्म शब्द उप+ आ+कर्म से बना है। उप अर्थात सामीप्यात, आ अर्थात समन्ताद, कर्म अर्थात यज्ञीय कर्माणि। अर्थात जिसमें ईश्वर और वेद के समीप ले जाने वाले यज्ञ कर्मादि श्रेष्ठ कार्य किये जायें, वह उपाकर्म कहाता है। पारस्कर गृह्यसूत्र 2/10/1-2 में उपाकर्म शब्द की व्याख्या करते हुए कहा गया है-
अध्ययनस्य उपाकर्म उपाकरणं वा। -पारस्कर गृह्य सूत्र 2/10/1-2
अर्थात- यह समय स्वाध्याय का उपकरण था। उप अर्थात समीप +आकरण अर्थात ले आना। अर्थात जनता को ऋषि-मुनियों, समाज के विद्वानों के समीप ले आना।

उल्लेखनीय है कि प्राचीन काल से ही भारत में ऋषि-मुनि, वेद के विद्वान आचार्य, पुरोहित के समीप आकर उनके सत्य वचनों को सुनकर उनका सम्मान करने, उनके द्वारा प्रदत्त ज्ञान को आत्मसात कर जीवन में उतारने की परंपरा रही है। वैदिक मत में विद्वानों के समीप बैठ उनके वचनों को सुनना, उन्हें आत्मसात करते हुए उनका सम्मान कर उन्हें यथेष्ट दान देना ही ऋषि तर्पण की संज्ञा से संज्ञायित है। उपाकर्म एक वैदिक अनुष्ठान है। उपाकर्म का अर्थ है- प्रारम्भ, शुरूआत, किसी चीज का आरम्भ। यह दिन वेदाध्ययन अर्थात वेद पढ़ने- सीखने के कर्मकांडों के प्रारम्भ का दिन होता है। उपाकर्म वर्ष में एक बार श्रावण के महीने में श्रवण नक्षत्र व चंद्र के मिलन के अवसर पर आता है। तमिल और कुछ अन्य कैलेंडरों के अनुसार यह धनिष्ठा नक्षत्र के दिन आता है। परमेश्वरोक्त ग्रंथ वेदों को मानने वाले विद्वान विशेषकर वर्तमान के ब्राह्मण समुदाय अलग-अलग तरीके से इसे मानते हैं, फिर भी इस पर्व पर की जाने वाली सभी क्रियाओं का यह मूल भाव विगत समय में मनुष्य से हुए ज्ञात-अज्ञात बुरे कर्म का प्रायश्चित करना और भविष्य में अच्छे कार्य करने की प्रेरणा देना ही है। उपाकर्म का मुख्य उद्देश्य वेद के बारे में मानवजाति को ज्ञान देने वाले अर्थात मानव के लिए सामने लेकर आने वाले ऋषि- मुनियों को धन्यवाद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित करना है। वर्तमान में ऋग्वेद मानने वाले ब्राह्मण सावन माह की पूर्णिमा के एक दिन पूर्व शुक्ल पक्ष चतुर्दशी के श्रवण नक्षत्र में इसे मनाते हैं। इसे ऋग्वेद उपाकर्म भी कहते है। यजुर्वेद मानने वाले ब्राह्मण इसे श्रावण पूर्णिमा के दिन मनाते है। इसे यजुर्वेद उपाकर्म कहते है। इसके अगले दिन गायत्री जप कर संकल्प लिया जाता है। सामवेद को मानने वाले ब्राह्मण सावन माह की अमावस्या के दूसरे दिन अर्थात भाद्रपद की हस्त नक्षत्र को इसे मनाते है। इसे सामवेद उपाकर्म कहते है। उपाकर्म को उपनयनं एवं उपनायाना भी कहते है। इस वर्ष 2023 में ऋग्वेद उपाकर्म 29 अगस्त दिन मंगलवार, यजुर्वेद उपाकर्म 30 अगस्त दिन बुधवार, गायत्री जापं 31 अगस्त दिन बृहस्पतिवार को मनाई जाएगी। सामवेद उपाकर्म 16 सितंबर शनिवार को मनाई जाएगी।

वैदिक परंपरा में भारतीय संस्कृति के आध्यात्मिक पथ का परिदर्शक श्रावणी उपाकर्म नामक यह पर्व वेद स्वाध्याय पर्व के रूप में मनाया जाता है। प्राचीन काल से ही स्वाध्याय भारतीय संस्कृति का प्रधान अंग रहा है। इसलिए ब्रह्मचारियों को आचार्य के अधीन रहकर वेदाध्ययन करते रहने का आदेश दिया गया है-आचायार्धीनो वेदमधीष्व। उनके स्नातक हो जाने पर उनको गृहस्थ आश्रम में प्रवेश करने पर भी स्वाध्याय करने के लिए आदेश दिया गया है - स्वाध्यायान्मा प्रमदः, स्वाध्याय प्रवचनाभ्यां न प्रमदितव्यम् । अर्थात- विद्याध्ययन कर चुकने के बाद भी स्वाध्याय करते रहना। वानप्रस्थ आश्रम में प्रवेश करने वालों को भी स्वाध्याय का आदेश दिया गया है- स्वाध्याये नित्य युक्तः स्यात। अर्थात- सदा स्वाध्याय में युक्त रहे। संन्यासी को भी सब कुछ छोड़ देने, लेकिन वेद का स्वाध्याय नहीं छोड़ने का आदेश दिया गया है- संन्यसेत्सर्वकर्माणि वेदमेकं न संन्यसेत। इस प्रकार श्रावण माह में ब्रह्मचारी, गृहस्थ, वानप्रस्थ, संन्यासी, ब्राह्मण क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र सभी को स्वाध्याय में लगने का आदेश है।

श्रावण उपाकर्म के इस दिन नया यज्ञोपवीत धारण करने की परंपरा है। यज्ञोपवीत में तीन धागे होते है। वे तीन ऋणों के प्रतीक हैं- ऋषि ऋण, देव ऋण, पितृ ऋण। इसका उद्देश्य मनुष्य को इन तीनों ऋणों का बोध कराना है। यज्ञोपवीत ज्ञान ग्रहण करने का बाह्य चिह्न है। इसीलिए इस समय जिन लोगों ने यज्ञोपवीत नहीं धारण किया हुआ है, उन्हें नया यज्ञोपवीत धारण कर इस बात का संकल्प करना चाहिए कि वे अज्ञान, अंधकार से बाहर निकलने का हरसंभव प्रयास करेंगे और ज्ञानवान होकर परिवार, समाज, राष्ट्र को प्रकाशित करेंगे। पूर्व से यज्ञोपवीत धारण कर चुके, कर रहे व्यक्तियों को पुराने यज्ञोपवीत को उतारकर नया धारण करना चाहिए। और इस बात का संकल्प करना चाहिए कि वह अपने जीवन में स्वाध्याय और यज्ञ को कभी नहीं छोडेंगे।

पौराणिक मान्यतानुसार भगवान बिष्णु ने श्रावण पूर्णिमा के दिन ही असुरों से वेदों के उद्धार के लिए हयग्रीव रूप में अवतार लिया था। हयग्रीव के इस अद्भुत अवतार में विष्णु का सिर घोड़े लेकिन धड़ अर्थात सम्पूर्ण शरीर मनुष्य का था। कथा के अनुसार असुरी शक्ति मधु और कैटभ ने वेद को भगवान ब्रह्मा से चुरा लिया था। इन असुरों से वेदों को बचाने के लिए भगवान विष्णु ने हयग्रीव अवतार लिया था। इसी दिन को ब्राह्मण उपाकर्म या अवनि अवित्तम के रूप में मनाते हैं। सावन महीने की पूर्णिमा के दिन कर्नाटक, आंध्रप्रदेश व उड़ीसा आदि दक्षिण के कुछ हिस्सों में उपाकर्म मनाया जाता है। कालांतर में आततायी मुगलों के आक्रमण से त्रस्त अबलाओं द्वारा अपनी रक्षा के लिए वीरों के हाथ में राखी बांधने की परिपाटी का प्रचार इस दिन हुआ। इसमें कोई भी अबला किसी पुरुष के हाथ में राखी बांधकर उसे जीवन भर के लिए अपना भाई बना लेती है, और फिर वह भाई उस बहन को जीवन भर उसकी सहायता व रक्षा करने का आश्वासन देता है।

संसार की सर्वाधिक प्राचीनतम वैदिक संस्कृति समस्त विश्व को वरणीय है। आज भी समस्त विश्व के द्वारा गुणगान किया जाने वाला सभ्यता- संस्कृति भारतीय वैदिक संस्कृति ही है। यह भारतीय अर्थात वैदिक संस्कृति पूर्णतः संस्कृत पर अवलंबित है। भारतीयों के संस्कृत से नाता तोड़ दिए जाने के कारण भारत माता रूपी यह वसुंधरा हमसे रूठी हुई है। संस्कृत के छोड़ देने से हमारी वैदिक संस्कृति छूट गई, हमारी सनातन सभ्यता छूट गई, हमारा सत्य ज्ञान विज्ञान छूट गया। हमारा गौरवपूर्ण इतिहास छूट गया। भारतीय संस्कृति की प्राण संस्कृत भाषा ईश्वर वाणी, वेद वाणी, देव वाणी और समस्त भाषाओं की जननी है। संस्कृत ही वह भाषा है, जिसकी पूर्णतः वैज्ञानिक और ईश्वर द्वारा प्रदत्त अपनी ध्वनि व देवनागरी लिपि है। संस्कृत के बिना भारत की संस्कृति अधूरी है। संसार में सबसे अधिक साहित्य संस्कृत भाषा के हैं। सबसे अधिक शब्दों का भंडार संस्कृत भाषा का है। परमेश्वर की वाणी वेद भी संस्कृत भाषा में ही है। बालक के पुष्ट होने और सम्पूर्ण विकास के लिए मातृ दुग्ध का स्तनपान अत्यावश्यक होने की भांति ही संस्कृत के बिना भारत, भारतीय व भारतीयता भी अपुष्ट व अधूरी है। इसीलिए वेद स्वाध्याय के इस महान पर्व पर संस्कृत के प्रचार प्रसार के लिए भारतीय मनीषियों के द्वारा श्रावण पूर्णिमा के दिन को विश्व संस्कृत दिवस के रूप में मनाया जाता है। संस्कृत भाषा कठिन नहीं, अपितु अत्यंत सरल, मधुर, कर्णप्रिय बोलने में अति रुचिकर है। अत्यंत प्राचीन काल की बात छोड़ भी दी जाए, तो भी इस देश में महाभारत काल के पश्चात आदि शंकराचार्य के काल तक तक सभी भारतीय आपस में संस्कृत में ही वातार्लाप किया करते थे। स्वामी दयानन्द सरस्वती के अपने कार्य क्षेत्र में उतरने पर उनके व्याख्यान की भाषा भी संस्कृत हुआ करती थी। अर्थात भारत के लोग स्वामी दयानन्द के काल में भी अच्छी तरह से संस्कृत समझ लिया करते थे। लेकिन बाद में भारतीयों की वैदिक विद्या के कारण होती उन्नति से जलने वाले विदेशियों, विधर्मियों के शासनकाल में भारतीय संस्कृति के प्राण संस्कृत भाषा के पठन- पाठन, अध्यापन और प्रचार- प्रसार में भांति- भांति के अवरोध उत्पन्न किए गए। इनके पठन- पाठन के केंद्र गुरुकुल नष्ट कर शासकीय संरक्षण में प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति को समाप्त कर दिया गया और नए ढंग के मदरसे, मकतब, कॉनवेंट स्कूल, कॉलेज स्थापित कर विदेशी शिक्षा का प्रचलन किया गया। जिसके कारण अरबी, फारसी, उर्दू, अंग्रेजी आदि भाषा का देश में पदार्पण हुआ, और संस्कृत को भारतीय मानस के हृदय से मिटाने का, भुलाने का भरसक प्रयत्न किया गया। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात स्वाधीन कही जाने वाली इस भारत में संस्कृत के प्राण बहुरने की उम्मीद थी, परंतु भारत विभाजन के बाद बने राष्ट्र के प्रभुओं ने भारतीय संस्कृति की प्राण वेदवाणी, देववाणी संस्कृत भाषा को मृतभाषा कहकर इसके प्रचार- प्रसार तो क्या इसके विधिवत शिक्षा को भी शासन- प्रसासन की मुख्यधारा से वंचित करने का हरसंभव प्रयास ही किया है। जिसके कारण संस्कृत भारतीयों के मानस पटल से दूर होती गई है। केंद्र की वर्तमान सरकार के द्वारा संस्कृत के पुनर्स्थापन के लिए संस्कृत के विश्वविद्यालय आदि खोलने की दिशा में अपनी उत्सुकता दिखलाये जाने जाने से कुछ उम्मीद बंधती है। इस प्रकार निःसंदेह ही श्रावणी उपाकर्म नामक यह पर्व भारतीय संस्कृति के आध्यात्मिक पथ का परिदर्शक है।



**-अशोक प्रवृद्ध**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# महिला थाने में दिया आवेदन नहीं हुई कोई कार्रवाई

## अंततः पत्नी ने अपने पति विनोद रंजन "कार्यपालक अभियंता" को सड़कों पर दौड़ा-दौड़ा कर चप्पल से पीटी जान बचाकर किसी तरह टेम्पू से भागे,पति देव महोदय!

**दैनिक समाज जागरण,सत्य प्रकाश नारायण सहायक विधि संवाददाता/ धनंजय कुमार विधि संवाददाता बिहार झारखंड प्रदेश**

शर्मसार हैं औरंगाबाद के लोग ... ,फिर भी शर्म की झलक नहीं पहूँची है, महिलाओं को न्याय दिलाने हेतु महिला थाने में बैठी महिला थानाध्यक्ष महोदय को!

बेटी एमबीबीएस के अंतिम वर्ष में और बेटा कोटा में पढ़ रहा है पत्ति नहीं देता है कोई खर्चा ।

न्याय नहीं मिला तो पीड़ित महिला ने ली कानून को अपने हाँथ में , आखिर जबाबदेह कौन?

औरंगाबाद (बिहार) 27 अगस्त 2023 :- अगर आप पैसा वाले हैं तो बिहार प्रदेश के औरंगाबाद जिले के विभिन्न थाना में थानेदारों के संरक्षण में अपराध व मौज मस्ती करने की छूट हैं, यह हम नहीं यहाँ के हलात बता रहे हैं !

बिहार प्रदेश के औरंगाबाद जिले में कार्यरत एलईओ विभाग के कार्यपालक अभियंता विनोद कुमार रंजन की पत्नी स्मिता रंजन ने अपने पति पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने कहा कि उनके पति को विभाग की महिला सहकर्मी से अवैध संबंध है। मैं सात माह से मायके में रह रही हूं। महिला थाना औरंगाबाद में भी आवेदन दिया, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, क्योकि मेरे पति के पास दौलत हैं।

प्लास्टिक की पाइप, छड़ी चप्पल से पतिदेव को किया गया पिटाई, इस दौरान जमकर हुआ हंगामा ।

कार्यपालक अभियंता विनोद रंजन सड़क पर दौड़ते हुए, भागते नजर आए ,किसी तरह ऑटो पर सवार होकर वहां से भाग निकले। प्राप्त जानकारी के अनुसार मामला पुलिस अधीक्षक तक पहुंचा, एसपी महोदया ने कार्रवाई करने का भरोसा दिया। पत्नी अस्मिता रंजन ने कहा कि एक बेटी और एक बेटा जैसे-तैसे जीवन बसर कर रहे हैं। बेटी एमबीबीएस की पढ़ाई की अंतिम वर्ष में है और बेटा कोटा में तैयारी कर रहा है।



खर्च का नाम पर कभी दो हजार तो कभी तीन हजार रुपए दे देते है। पटना में तीन फ्लैट है, लेकिन किसी भी फ्लैट का उसने चाबी नहीं दिया। बहुत हल्ला हंगामा करने के बाद एक फ्लैट की चाबी मिली है । उन्हें लगातार धोखा दिया जा रहा है, जिसका उसने कई बार विरोध किया तो उसके पति और परिजनों द्वारा मारपीट व प्रताड़ित किया जाता है । कार्यपालक अभियंता विनोद कुमार रंजन एल.ई .ओ पद पर स्थापित है पद स्थापना के बाद वह अपने कड़े व्यवहार के लिए सुर्खियों में रहे हैं। आगे ठेकेदारों में चर्चा चल रही थी कि आदमी बहुत कड़ा है, कई ठेकेदारों को उसने फटकार भी लगाया है अब इस घटना के बाद उनकी चर्चा ब्यापक पैमाने पर हो रही है। हालांकि मारपीट की घटना से संबंधित विनोद कुमार रंजन से पक्ष जाने का प्रयास किया गया तो उनके मोबाइल उनकी पत्नी के पास था। ऐसे में उनसे संपर्क नहीं हो सका। कार्यालय अभियंता के पीटाई का, जब वीडियो बनाया जाने लगा तो कार्यालय के कर्मचारी तमाशा बनकर घटना को देखने लगे । पत्नी का आरोप है कि शेरघाटी में जब ये कार्जरत थे तब एक महिला सहायक अभियंता से इनका अवैध संबंध बन गया था ,जिसे अब औरंगाबाद के किराए के मकान में रखकर उसका पूरा खर्च चलाते हैं ।इसकी लिखित और मौखिक सूचना कई बार महिला थाना को दिया गया परंतु इस पर किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई ।पुन इस घटना की सूचना शनिवार को महिला थाना को दिया गया है, देखिए अब पुलिस प्रशासन के द्वारा इन पर क्या कार्रवाई की जाती है अथवा विभागीय कौन सी कार्रवाई होती है, यह आने वाला समय ही बताएगा!

# 'देश के जवानों की कलाइयों पर ओजस्विनी का रक्षासूत्र' कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

"मातृभूमि की रक्षा करके, इस राखी की लाज निभाना"
*अपने कर्म-पंथ पर भैया, निर्भय आगे बढ़ते जाना।।"(-डॉ. रश्मि)

गया (बिहार)- भाई-बहन के निश्चल स्नेह तथा अटूट विश्वास भरे रिश्ते की याद दिलाने वाले पवित्र त्योहार रक्षाबंधन के तहत अन्तरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद की महिला शाखा 'ओजस्विनी' द्वारा ओजस्विनी जिलाध्यक्षा डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी के नेतृत्व में 'देश के जवानों की कलाइयों पर ओजस्विनी का रक्षासूत्र' कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके अंतर्गत ओजस्विनी बहनों ने जेल परिसर में स्थित 159 बटालियन सीआरपीएफ मुख्यालय, गया में 'सेन्ट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स' के 159 बटालियन के जवानों की कलाइयों पर स्नेह एवं शुभकामनाओं भरे रक्षासूत्र बाँधे. कार्यक्रम का शुभारंभ ओजस्विनी अध्यक्षा डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने सीआरपीएफ के कमाडेंट कुमार मयंक, सूबेदार मेजर पी.एस. रॉय, इंस्पेक्टर के. पी. सिंह एवं सीआरपीएफ के सभी अधिकारियों तथा जवानों की कलाइयों पर रक्षासूत्र बाँध कर किया.तत्पश्चात डॉ रश्मि के नेतृत्व में ओजस्विनी की महामंत्री अमीषा भारती, जिलामंत्री शिल्पा साहनी, कोषाध्यक्ष प्रतिज्ञा, रजनी त्यागी, श्रेया कुमारी, निकिता केसरी, निधि प्रिया, तान्या कुमारी, लवली कुमारी, रियाश्री, शीतल साहनी, मुस्कान सिन्हा, रिया कुमारी, प्रगति कुमारी, पलक शर्मा, अमीषा सिन्हा एवं अंजली कुमारी आदि ओजस्विनियों ने देश की रक्षार्थ रात-दिन तत्पर सभी सैनिक भाइयों के कुशल स्वास्थ्य और दीर्घ आयु की कामना करते हुए विजय-तिलक लगाकर राखियाँ बाँधीं।ओजस्विनी अध्यक्षा डॉ रश्मि ने देश की सुरक्षा में तैनात रहने वाले सीआरपीएफ के जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश की उन्नति एवं समृद्धि का सर्वप्रथम श्रेय हमारे तपस्वी तथा कर्तव्यनिष्ठ सैनिक भाइयों को जाता है। हम सभी अगर आज सुरक्षित हैं, देश में निश्चिंत रहकर अपने जीवन को आत्मसम्मान के साथ जी पा रहे हैं, नयी-नयी उपलब्धियाँ हासिल कर पा रहे हैं, तो यह हमारे देश की सेना की निर्भीकता एवं कर्मठता का ही परिणाम है.डॉ. रश्मि ने देश के वीर जवानों का शत-शत अभिवंदन करते हुए अपनी स्वरचित काव्य पंक्तियाँ समर्पित करते हुए कहा-"मातृभूमि की रक्षा करके, इस राखी की लाज निभाना. अपने कर्म-पंथ पर भैया, निर्भय आगे बढ़ते जाना। राखी के ये धागे रक्षा करें आपकी, बनकर ढाल। रहे हमारी भारत माँ का मस्तक ऊँचा, उन्नत भाल।।"

राखियाँ बँधवाते समय सभी सैनिक भावविभोर दिख रहे थे. उन सभी में अद्भुत उत्साह और जोश दिखाई दिया है.सीआरपीएफ के कमाडेंट कुमार मयंक ने कहा कि ओजस्विनी से आयी बहनों को देख हमें अत्यंत प्रसन्नता हो रही है. गौरवबोध हो रहा है कि हमारी देश की बहनों की शुभकामनाएं हमारे साथ हैं.अमीषा भारती ने कहा कि सैनिक भाइयों की कलाइयों पर राखी बांधना एक अविस्मरणीय तथा गौरवमय अहसास है. श्रेया ने रक्षाबंधन के इस कार्यक्रम को ओजस्विनी का अत्यंत गौरवपूर्ण आयोजन ठहराया. प्रतिज्ञा, शिल्पा एवं रिया ने कहा कि हम ओजस्विनियाँ हर वर्ष सैनिक भाइयों को राखियाँ बाँध कर उनके स्वास्थ्य और उज्ज्वल जीवन के लिए मंगलकामनाएँ करती हैं. ओजस्विनी अध्यक्षा ने रक्षाबंधन कार्यक्रम को सफल बनाने में 'अन्तरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद' के विभागाध्यक्ष-सह-राष्ट्रीय बजरंग दल के दक्षिण बिहार प्रांत महामंत्री शशिकांत मिश्र, अहिप, गया के संरक्षक राजू अग्रवाल, मीडिया प्रभारी अश्विनी कुमार, प्रकाश कुमार गुप्ता आदि के सहयोग और शुभकामनाओं के लिए हार्दिक आभार जताया. उन्होंने सीआरपीएफ के सभी सैनिक भाइयों एवं अधिकारियों के प्रति भी हार्दिक कृतज्ञता प्रकट की है.

दुर्गेश नंदिनी, डॉ ज्योति प्रिया, सोनाली, निकिता, साक्षी सिन्हा, अन्या, अंशु, पलक शर्मा, अमीषा सिन्हा, विद्या, आस्था, अनु आदि ओजस्विनी बहनों ने भी सैनिक भाइयों के लिए मंगलकामनाएँ प्रेषित की हैं.

ज्ञात हो कि सेन्ट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) भारत के केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में सबसे बड़ा है, जो भारत सरकार के गृह मंत्रालय के तहत काम करता है. देश तथा समाज में कानून-व्यवस्था को बनाये रखने में इनकी अत्यंत संवेदनशील भूमिका है.सीआरपीएफ के वीर जवान पुलिस कार्रवाई में राज्य तथा संघ शासित प्रदेशों को सहयोग प्रदान करते हैं. ये आतंकवाद के प्रबल शत्रु हैं.

# अति पिछड़ा विकास संघर्ष समिति के बैनर तले टिलहा धर्मशाला के एन पैलेस के प्रांगण में किया गया बैठक

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार )- गया अतिपिछड़ा विकास संघर्ष समिति बिहार के बैनर तले टिल्हा धर्मशाला स्थित एक एन पैलेस के प्रांगण में बैठक का आयोजन किया गया. जिसकी अध्यक्षता समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचन्द्र आजाद, व संचालन अनुमंडल प्रभारी विनोद शर्मा ने किया. वहीं मुख्य अतिथि के रूप में आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक व विधान पार्षद रामबली सिंह चन्द्रवंशी भी शामिल थे.बैठक में विभिन्न समस्याओं को लेकर बारी- बारी से वक्ताओं ने अपनी बातें रखी. साथ ही रामचन्द्र आजाद ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा है कि आरक्षण बचाओ संघर्ष मोर्चा के द्वारा आयोजित पटना में 7 अक्टूबर को पदयात्रा के बाद पटना मिलर स्कूल मैदान में समापन समारोह में भाग लेने की जरूरत है. उन्होंने बैठक में केन्द्र में अतिपिछड़ा आयोग का गठन करने, केन्द्र में कपूर्री फामूर्ला के तौर पर अतिपिछड़ी जातियों के लिए आरक्षण की व्यवस्था करने. जननायक कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित करने ,अत्यंत पिछड़ी जातियों में सन 2014-15 में शामिल किये गए दबंग जाति को अतिपिछड़ा वर्ग से हटाकर उसे अलग से आरक्षण की व्यवस्था करने. विद्यालय, महाविद्यालय व विश्वविद्यालयों में अतिपिछड़ी जातियों के छात्र छात्राओं के लिए अलग छात्रावास की व्यवस्था करने ,अतिपिछड़ी जातियों के लिए संसद व विधानमंडलों एवं दोनो सदनों में राजनैतिक आरक्षण की व्यवस्था , आरक्षित समुदायों के मेधावी छात्र छात्राओं को सामान्य कोटि में पूर्व की भांति शामिल करने, अत्यंत पिछड़ी जातियों को अनुसूचित जाति की तरह दर्जा देने , न्यायालय में भी अतिपिछड़ी जातियों को आरक्षण की व्यवस्था करने आदि .मांगों पर जनांदोलन तेज करने का निर्णय लिया गया है. उक्त बैठक में उपस्थित होने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचन्द्र आजाद, विधान पार्षद रामबली सिंह चन्द्रवंशी, हुमायूँ अंसारी, सुरेश कुमार निषाद, अजय कानू, श्याम नंदन ठाकुर, समिति के जिला प्रभारी नंद किशोर ठाकुर, अनुमंडल प्रभारी विनोद शर्मा, लालदेव ठाकुर,, सामाजिक कार्यकर्ता मो .जफरबारी अंसारी उर्फ. छोटू मियां, सुरेश प्रजापति, देव चरण मिस्त्री, सुनिल शर्मा, मुन्ना सिंह चन्द्रवंशी, रामानुज ठाकुर, कैलाश चन्द्रवंशी, मनोरंजन शर्मा समेत सैकड़ों लोग शामिल थे.

# रक्तवीर योद्धाओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु की गई बैठक

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार , अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार) प्रखंड मुख्यालय स्थित हसपुरा आईटीआई प्रशिक्षण संस्थान के प्रांगण में रविवार को रक्तवीर सम्मान समारोह को लेकर कमिटी के अध्यक्ष राजू भारती की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें 16 सितम्बर दिन शनिवार को हसपुरा ड्रीम प्लेस मैरिज हॉल में समारोह की जायेगी ! बैठक का संचालन शहबाज मिन्हाज ने किया ! बैठक दौरान सर्वसहमति से यह निर्णय लिया गया की इस बार के आयोजन में सम्पूर्ण भारत के रक्तवीर योद्धाओं को मेमोटों और प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा !

इस बैठक में सर्वसहमति से राजू भारती को अध्यक्ष, अनीश केशरी को सचिव, कोषाध्यक्ष रॉकी गुप्ता, उपाध्यक्ष राजकुमार, मिथिलेश शर्मा, महासचिव हिमांशु, उपसचिव रिशु गुप्ता, उपकोषाध्यक्ष विवेक कुमार और मिडिया प्रभारी अंकित कुमार को बनाया गया !



कमिटी के मुख्य संरक्षक के रूप में प्रोफेसर अलखदेव प्रसाद अचल, शम्भू शरण सत्यार्थी, अभय कुमार पिन्टू, सहबाज मिन्हाज, जय प्रकाश कुमार, दीपक कुमार को बनाया गया !इस आयोजन के मुख्य व वरिष्ठ अतिथियों की सूची अगली बैठक के दौरान ली जायेगी !

# लोहार अनुसूचित जनजाति जागृति मंच पंचायत स्तर पर कमेटी को करेगा मजबूत

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड मुख्यालय के अवधकिशोर स्मृति भवन में रविवार को बिहार लोहार अनुसूचित जनजाति जागृति मंच जिला के सांगठनिक बैठक जिला संगठन प्रभारी दिलीप विश्वकर्मा की नेतृत्व में किया गया। में पंचायत स्तरीय कमेटी को मजबूत कर जिला स्तर पर एक बड़ा आंदोलन करने का निर्णय लिया जाएगा। साथ ही समाज के लोगो ने राजनीतिक चेतना जागृत करने के लिए गांव-गांव का दौरा करने पर बल दिया गया। जिला संगठन प्रभारी ने कहा कि लोहार समाज के साथ सरकार के दोगली नीति नीति के कारण लोहार समाज हासिये पर है। जिलाध्यक्ष विजय विश्वकर्मा ने कहा कि एसटी के संवैधानिक अधिकार प्राप्त करने के लिए समाज के हर लोगो को जोड़ने का काम किया जाएगा। बैठक में सभी प्रखंड प्रभारी एवं अध्यक्ष ने पूरी तन्मयता से कार्य करने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर जिला महासचिव मनोज विश्वकर्मा, अर्जुन विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष अभिराम विश्वकर्मा, प्रवक्ता गणेश विश्वकर्मा, जिला ऑडिटर नरेश विश्वकर्मा,



औरंगाबाद सदर प्रखंड रामश्लोक विश्वकर्मा, ओबरा प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र विश्वकर्मा, गोह प्रखंड अध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, सचिव नंदकिशोर विश्वकर्मा, शिक्षक त्रिकाल विश्वकर्मा, शिव विश्वकर्मा, रंजीत विश्वकर्मा, सुनील विश्वकर्मा, जयराम विश्वकर्मा, सूरज विश्वकर्मा, गोपाल विश्वकर्मा सहित कई मंच के सदस्य उपस्थित थे।

# तुलसीदास जयंती का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 27 अगस्त 2023 :- मानस महामंडल के तत्वावधान में रविवार को कुटुंबा में संत शिरोमणि, उच्च कोटि के राम भक्त और हिंदी के महाकवि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर मानस महामंडल के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने गोस्वामी जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। विदित हो कि मानस महामंडल की स्थापना हिंदी के सुपरिचित विद्वान स्व. वशिष्ठ नारायण द्विवेदी ने की थी। यह एक विशुद्ध साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था है जो साहित्यिक एवं वैचारिक गोष्ठी करती रहती है। वक्ताओं ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने सनातन परंपरा को प्रचारित- प्रसारित करने के लिए अनेक काव्य ग्रंथों की रचना की। जिसमें रामचरितमानस



सर्वकालिक कालजयी रचना है। जो लोक और परलोक को सात्विक करने वाला महाकाव्य है। यह आनंद और प्रेम को बढ़ाने वाला और हृदय के दोषों को मिटाकर निर्मल करने वाला है। वक्ताओं ने कहा कि बच्चों को रामचरित मानस जरूर पढ़ना चाहिए। इससे पारिवारिक एवं नैतिक मूल्यों की शिक्षा मिलती है। इसमें मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम की कथा है ,जिसे हर बच्चों को जानना और समझना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक राजेश्वर सिंह और संचालन हेडमास्टर चंद्रशेखर प्रसाद साहू ने किया। इस अवसर पर शिव प्रसाद तिवारी, सत्येन्द्र नारायण दुबे ,अंबिका सिंह, मुखा तिवारी, नरेंद्र सिंह, विनय सिंह, विरेंद्र दुबे ,महेंद्र मेहता ,उपेंद्र सिंह, यदु मौवार, रामनाथ साव एवं बच्चे उपस्थित थे।

# आयुष्मान भारत योजना का लाभ उठाएं लाभुक : बमेंद्र

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल**

सूही में समाजसेवी बमेंद्र ने आयुष्मान भारत के प्रति लोगों को किया जागरूक

आयुष्मान भारत के तहत प्रति परिवार प्रति वर्ष पांच लाख रुपए तक इलाज के खर्च का है प्रावधान .

औरंगाबाद (बिहार )- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना,आयुष्मान भारत योजना की जानकारी एवं सहयोग के लिए औरंगाबाद की स्वयं सेवी संस्था पथ प्रदर्शक के सचिव समाजसेवी बमेंद्र कुमार सिंह द्वारा समय समय पर आयुष्मान के लाभुकों को जागरूक किया जाता है.इसी क्रम में रविवार को बमेंद्र ने कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत सुही पंचायत के खपिया एवम रोहदासखाप गांव के आयुष्मान लाभुकों को योजना का लाभ उठाने के लिए जागरूक एवम प्रेरित किया गया.आयुष्मान भारत का गोल्डन कार्ड अधिकांश लोगों का बना हुआ है ,परन्तु योजना की जानकारी न होने की वजह से गोल्डन कार्डधारी लाभ लेने से वंचित रह जा रहे हैं.वर्ष 2011 के सामाजिक,आर्थिक, जातिगत सर्वेक्षण में गरीबी रेखा से नीचे बसर करने वाले लोगों के लिए आयुष्मान भारत योजना की शुरूआत की गई थी, जिसके तहत प्रति परिवार



प्रति वर्ष पांच लाख तक का इलाज एवं ऑपरेशन सरकारी एवं सूचीबद्ध अस्पतालों में बिल्कुल मुफ्त किया जाता है.इलाज एवम ऑपरेशन के लिए जरूरतमंद कार्डधारियों तक जानकारी पहुंचाने एवम लाभ दिलाने के उद्देश्य से समाजसेवी बमेंद्र द्वारा जागरूकता अभियान शुरू किया गया है.पथ प्रदर्शक के सचिव बमेंद्र कुमार सिंह ने भेंट वार्ता के दौरान मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि लोगों के पास गोल्डन कार्ड होते हुए भी जानकारी के अभाव में गरीब योजना का लाभ लेने से वंचित हैं. उन्होंने आगे कहा कि हमारा प्रयास है, ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक कर इस योजना का लाभ दिलाया जाय. श्री बमेंद्र ने कि आयुष्मान भारत योजना से इलाज व ऑपरेशन हेतु नजदीक में सबसे बड़ा अस्पताल नारायण मेडिकल कॉलेज एवम अस्पताल जमुहार है,जहां लाभुकों के सभी तरह का इलाज संभव है. इस जागरूकता अभियान में खपिया गांव के रामचंद्र यादव, कैलाश यादव, मंदीप यादव, प्रदीप यादव, ललन राम,लालदेव राम सहित कई ग्रामीणों के साथ टीम पथ प्रदर्शक के धनंजय कुमार भी उपस्थित थे.

# महान स्वतंत्रता सेनानी चंपारण आंदोलन के प्रणेता ब्रह्म भट्ट शिरोमणि पंडित राजकुमार शुक्ला की मनाई गई जयंती समारोह- अर्चना राय भट्ट

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

पटना (बिहार )- महान स्वतंत्रता सेनानी चंपारण आंदोलन के प्रणेता ब्रह्मभट्ट शिरोमणि पंडित राजकुमार शुक्ला की जयंती समारोह भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय स्थित अटल सभागार में आयोजित किया गया.इस कार्यक्रम का उदघाटन भाजपा बिहार प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने किया, वही मुख्य अतिथि के रूप में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय , विशिष्ट अतिथि नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा , बिहार सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, पूर्व केंद्रीय मंत्री संजय पासवान , कार्यक्रम संयोजक राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा कार्यसमिति सदस्य झारखंड प्रभारी श्रीमती अर्चना राय भट्ट के



नेतृत्व में ब्रह्मभट्ट समाज के सैंकड़ों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया. कार्यक्रम में ब्रह्मभट्ट समाज के पूर्व आईएएस सतीश शर्मा , एल पी राय , पूर्व वैज्ञानिक रामचंद्र , शिवानी भट्ट ( गायिका ) , डी के पाल , ललन शर्मा आनंद राज, डॉक्टर विमल कुमार राय ( चिकित्सक ) , दीपक कुमार आदि सैंकड़ों की संख्या में मौजूद थे.

# नागा आश्रम देवहरा में नए महंत के आगमन पर चादरपोशी व भंडारे का हुआ आयोजन

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)नागा आश्रम के ब्राह्मलिन महंत वृंदावन दास उर्फ नागा बाबा के तेरहवीं व नए महंत के चादरपोशी पर शनिवार को गोह प्रखंड के देवहरा पुनपुन नदी घाट के समीप विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। दिनभर भजन-कीर्तन और प्रवचन का दौर चलता रहा। दोपहर बाद से शुरू हुआ भंडारा देर शाम तक चलता रहा। वहीं नागा आश्रम के नये महंत के रूप में भोला दास जी महाराज को जलगोविंदपुर महंत गजेंद्राचार्य के सानिध्य में शिवकुमार दास, देवकुंड महंत कन्हैयानंद पुरी, आचार्य देवेंद्राचार्य, राजेंद्र मिश्रा, अखिलानंद मिश्रा सहित अन्य विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ चादरपोशी कर नए महंत के रूप में पदभार सौंपा गया। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व भाजपा विधायक मनोज शर्मा, जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी, जिलाध्यक्ष दीपक उपाध्याय, सुनील शर्मा, मोहन शर्मा, सुनील दुबे, मुखिया प्रतिनिधि सुनील प्रसाद,विकास मिश्रा, राजीव मिश्रा, समिति सदस्य मनोज कुमार, विक्रम मिश्रा, मंटू सोणी, बिकू त्रिपाठी, मोनू उपाध्याय, लल्लू, राकेश, कुंदन , गुड्डु सहित सैंकड़ों लोग शामिल थे।

# शराबी को एक महिला के साथ छेड़छाड़ करना महंगा पड़ा

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित कुशवाहा टोला में शनिवार की संध्या एक व्यक्ति शराब के नशे में एक महिला को गाली गलौज, मारपीट एवं महिला के साथ छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। मामला कुशवाहा टोला के मालती देवी की है मालती देवी अपने घर में बैठी हुई थी। इसी बीच महिला के घर के दरवाजे पर शराब के नशे में आए गया जिला के डेल्हा थाना क्षेत्र के खरखूरा गांव निवासी वेद प्रकाश महतो शराब के नशे में उक्त महिला को गाली गलौज एवं छेड़छाड़ करने के मामले गिरफ्तार कर थाना लाया गया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया मामले में महिला के बयान पर कांड संख्या 294/23 दर्ज किया गया है। जिसमें वेदप्रकाश को आरोपित कर रविवार को उत्पाद न्यायालय भेज दी है।

# कुटुंबा थाना में मनाया गया रक्षाबंधन

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 27 अगस्त 2023 :- हिंदू धर्म जागरण के तत्वाधान में एकल अभियान के तहत रविवार को कुटुंबा थाना परिसर में रक्षाबंधन का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन थाना



अध्यक्ष बलवंत सिंह ने किया। धर्म जागरण जिला प्रमुख अजीत कुमार सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है कि प्रत्येक व्यक्ति एक दूसरे की रक्षा करें और अपनी संस्कृति को बरकरार रखे। हमारी संस्था के द्वारा दलित बस्तियों में एकल विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। जिसमें विद्यार्थियों को राष्ट्र की रक्षा और सांस्कृतिक शिक्षा के साथ भजन-कीर्तन और सत्संग की शिक्षा दी जाती है। उन्होंने इस अभियान से जुड़ने के लिए लोगों से अपील की। इस अवसर पर आंचल अभियान प्रमुख सत्येंद्र राम, कथावाचक श्रीमती इंदु देवी, सेवानिवृत शिक्षक राजदेव पासवान, एस आई बिजेंद्र सिंह आदि लोग उपस्थित हुए।

# सड़क हादसे मे बाइक सवार महिला के हुई मौत, आक्रोशित स्थानीय लोगों ने किया सड़क जाम

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल**

गया (बिहार)- गया जिला के शेरघाटी स्थित जीटी रोड मोरहर नदी पुल पर सड़क हादसे में आमस थाना क्षेत्र के महुआमा पंचायत के बरुआ गांव के रहने वाली बाइक सवार महिला की सड़क हादसे में मौत होने की खबरें प्राप्त



हुआ है. वही मृतक महिला की पहचान रेणु देवी के रूप में हुई है. प्राप्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार महिला अपने परिजन के साथ बाइक पर सवार होकर शेरघाटी बस स्टैंड में बस पकड़ने के लिए जा रही थी, नियंत्रित, तेज रफ्तार वाहन के चपेट में आ गईऔर सड़क पर गिर गई,वाहन के चपेट मे आने से महिला के घटनास्थल पर ही मौत हो गई. घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क पर उतरकर सड़क को जाम कर दिया और हल्ला हंगामा करना शुरू कर दिया. घटना की जानकारी मिलते ही शेरघाटी व आमस थाने की पुलिस ने जाम कर रहे लोगो को समझाने का प्रयास कर रही है.पीड़ित परिजनों का कहना है कि जब तक पुलिस घटना से संबंधित कार्रवाई नहीं करती है तब तक सड़क जाम रहेगा. वहीं टक्कर के बाद वाहन चालक वाहन लेकर फरार होने में सफल हो गया है.

# नंदवंशी चेतना मंच के तत्वाधान में गया के ऐतिहासिक मैदान से निकाला तिरंगा यात्रा

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार )- नंदवंशी चेतना मंच के तत्वाधान में गया के गाँधी मैदान से



तिरंगा यात्रा निकाला गया .यह यात्रा गाँधी मैदान से होते हुए टॉवर चौक, रमना रोड, पितामहेश्वर, रामसागर होते हुए म्यूजियम सभागार में एकत्रित हुआ. इस मौके नंदवंशी चेतना मंच के द्वारा सम्मान समारोह आयोजन किया गया है .इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंदी कुमार राजवंशी ने कहा कि आज नंदवंशी समाज को एकत्रित होने की आवश्यकता है .उन्होंने यह भी कहा कि आज जिस तरह से दूर दराज के लोग गया के गांधी मैदान में एकजुट हो रहे हैं, यह तिरंगा यात्रा सफल होने की पहचान है . उन्होंने आगे कहा कि इस यात्रा में प्रदेश अध्यक्ष चंदन नंदवंशी, जिला अध्यक्ष संतोष कुमार नंदवंशी, नगर जिला अध्यक्ष, रोशन कुमार नंदवंशी, पवन कुमार नंदवंशी, संदीप कुमार नंदवंशी प्रवक्ता, जैकी कुमार, विकाश कुमार शक्ति कुमार नंदवंशी के साथ महिलाओं के साथ हजारों लोग उपस्थित थे.

# जिन्होंने आम आदमी पार्टी को बिहार बुलाया, उनके लिए मुश्किलें- भाजपा

शेष भाग पृष्ठ संख्या 1 का



### जिन्होंने आम आदमी पार्टी को बिहार बुलाया, उनके लिए मुश्किलें- भाजपा

बिहार में विधानसभा चुनाव लड़ने की आप की घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि यह कदम उन लोगों के लिए समस्याग्रस्त होगा जिन्होंने उन्हें (आप) बिहार में आमंत्रित किया था. उन्होंने कहा कि बिहार में 40 सीटें हैं और सभी सीटें एनडीए जीतेगी. आप बिहार में लोकसभा चुनाव लड़ सकती है. हमें कोई समस्या नहीं है, यह उन लोगों के लिए समस्याग्रस्त होगा जिन्होंने उन्हें बिहार में आमंत्रित किया है.

### जदयू, राजद ने दी प्रतिक्रिया, कहा- आप गठबंधन के सिद्धांतों का पालन करेगी

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद मनोज ने भी बिहार में विधानसभा चुनाव लड़ने के आप के फैसले पर प्रतिक्रिया दी. समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए मनोज झा ने कहा, "जब गठबंधन की नींव रखी जा रही थी, तब कुछ सिद्धांत बनाए गए थे. इन सिद्धांतों के बारे में विस्तृत बातचीत हुई थी. इस बयान को अलग रखते हुए, मुझे लगता है कि वे (आप) उन सिद्धांतों का पालन करेंगे."

### गठबंधन के मतभेदों को समय के साथ सुलझाएंगे

इस बीच, जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) नेता नीरज कुमार ने कहा कि हर पार्टी को अपना विस्तार करने का अधिकार है. हम अन्य राज्यों में भी विस्तार करते हैं. मल्लिकार्जुन खड़गे और संजय सिंह दोनों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि हम एक साथ लड़ेंगे. उन्होंने कहा कि राज्यों के भीतर गठबंधन के मतभेदों को समय के साथ सुलझा लिया जाएगा.

### NDA से मुकाबला करने के लिए एक साथ आई 26 विपक्षी पार्टियां

इस बीच, आप समेत 26 विपक्षी दलों ने एक समूह इंडिया का गठन किया है, जहां पार्टियां पीएम मोदी की भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से मुकाबला करने के लिए एक साथ आई हैं. विपक्षी गुट का लक्ष्य 2024 के लोकसभा चुनावों में एनडीए को केंद्र में लगातार तीसरी बार जीतने से रोकना है.

# अखिल भारतीय ब्रह्म समाज का 21वां मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह बड़ी धूम धाम से रवीन्द्रालय, लखनऊ में आयोजित किया गया

**समाज जागरण**

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । अखिल भारतीय ब्रह्म समाज का 21 वां छात्र छात्र सम्मान समारोह बड़ी धूमधाम से संस्था द्वारा इस वर्ष 362 बच्चों को पुरस्कृत किया गया जिसमें विभिन्न वर्गो के 15 सर्वश्रेष्ठ अंक पाने वाले बच्चे भी सम्मलित है। संरक्षक वी. एन. मिश्रा (रिटायर्ड डी.जी.पी.), कर्नल दयाशंकर दुबे एवं गंगाचरण पाण्डेय द्वारा कु० अदिति मिश्रा एवं यश त्रिवेदी को संस्था के संस्थापक ब्रह्मलीन करुणा शंकर शुक्ल स्मृति में कप देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की गयी। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सी. पी. अवस्थी ने संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय महामंत्री देवेन्द्र शुक्ल ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुये संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विजय त्रिपाठी ने कहा कि संस्था इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को और आगे बढ़ने के लिये प्रेरित करती है। प्रदेश महासचिव एम. पी. दीक्षित ने स्वागत भाषण किया। इस अवसर पर उरई से आये हुए प्रभात त्रिवेदी, सनातन हिन्दू एकता संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा सोनकिया, सरिता ने राष्ट्रीय अध्यक्ष



एवं महामंत्री का स्वागत किया और संगठन की सदस्यता ली । इस अवसर पर कोमल द्विवेदी, गोविन्द मिश्र, विजय त्रिपाठी, दयाशंकर पाण्डेय, राम कुमार चौबे, राम कृष्ण त्रिपाठी, शिव कुमार शुक्ल, शैलेन्द्र शुक्ल, चन्द्र प्रकाश मिश्रा, पी.के. मिश्रा, डा० शशि मिश्रा, मानवेन्द्र पाण्डेय, आर. के. शर्मा, रमा शंकर वाजपेयी, कौशिक बनर्जी, गिरिजा शंकर त्रिपाठी, वी. के. मिश्रा एवं विकास कुमार मिश्रा को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अर्जुन द्विवेदी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, राज्य सभा सांसद व मुख्य सचेतक डा. अशोक वाजपेयी, सांसद प्रयागराज प्रो. रीता बहुगुणा जोशी, महापौर लखनऊ सुषमा खर्कवाल, भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष एवं सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, पूर्व विधायक एवं पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा सुरेश चन्द्र तिवारी का स्वागत कमल किशोर मिश्रा, जे. पी. वाजपेयी, अंजनी कुमार दीक्षित, अमिता त्रिपाठी, धारानाथ मिश्रा, राजीव शुक्ला, शिव शंकर मिश्रा, अवधेश अवस्थी, माधुरी मिश्रा, अर्जुन द्विवेदी, एम. पी. दीक्षित, कमलेश वाजपेयी, प्रभा मिश्रा, शैलजा त्रिपाठी, योगेन्द्र मिश्रा आदि ने सम्मानित किया ।

# शहर को स्वच्छ और स्वस्थ रखने के उद्देश्य से नगर में चला वृहद कूड़ा उठान अभियान

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह जी के निदेर्शानुसार नगर निगम द्वारा कूड़ा उठान की व्यवस्था को कड़ी मशक्कत व निरंतर किये जा रहे प्रयासों के बाद पटरी पर लाया गया है।जिस क्रम में इको ग्रीन के निष्क्रिय एवं गैरजिम्मेदार वेंडरों को हटा कर नगर निगम द्वारा स्वयं के प्रयासों से कूड़े का उठान कार्य कराया जाना सुनिश्चित किया गया है।जिसके तहत आज जोनवार अभियान के रूप में वृहद स्तर पर कूड़ा उठान के कार्य का विवरण निम्नवत है।




जोन-1-क्षेत्रान्तर्गत हजरतगंज, रामतीर्थ, विक्रमादित्य मशकगंज, वार्ड में विशेष सफाई अभियान चालया गया। निरीक्षण के दौरान जोनल अधिकारी, जोनल सेनेटरी अधिकारी व सहायक अभियन्ता के नेतृत्व में वार्ड मशकगंज, वजीरगंज की साफ सफाई व नालियों की सिल्ट, पड़ावघरों से कूड़े उठान का कार्य कराया गया। साथ ही सहायक अभियन्ता किशोरी लाल को पड़ावघर की स्थिति को देखते हुए ठीक करने के निर्देश दिये गये।

जोन-2-क्षेत्रान्तर्गत नवाबगंज, रानीगंज, प्रकाश पुरम, राम नगर,बुलाकी अड्डा (ट्रांसफर स्टेशन), गुड शेड रोड सहित कुल 14 स्थानों के पडावघरों से लगभग 139 मीट्रिक टन कूड़े का उठान किया गया। जिसे 14 हाइवा शिवरी प्लॉट पर जा भेजा जा चुका है।साथ ही शिल्पा जोनल अधिकारी जोन-2, अशोक यादव एक्स०ई०एन० जोन-2 आशीष श्रीवास्तव जेड०एस०ओ० जोन-2, सचिन प्रकाश सक्सेना, राजेश कुमार कुशवाहा सफाई एवं खाद्य निरीक्षक द्वारा लगातार उक्त पडाव घरों का निरीक्षण किया जा रहा है।

जोन-3-क्षेत्रान्तर्गत विशेष सफाई अभियान उप नगर आयुक्त/जोनल अधिकारी संजय यादव, जोनल सेनेटरी अधिकारी राम सकल एवं समस्त खाद्य एवं सफाई निरीक्षको के नेतृत्व में चिन्हित पड़ावघरों से कूड़ा उठान कराकर शिवरी प्लाट भेजा जा रहा है। 03 जेसीबी व 08 हाईवा के माध्यम से अब तक 15 हाईवा कूड़ा पड़ावघरों से उठान कराया जा चुका है। इसके अतिरिक्त 05 हाईवा एवं 02 जेसीबी बढ़ाकर कूड़ा उठान का कार्य लगातार जारी रहेगा। प्राइमरी वाहन टाटा एस, डीआई, रोबोट, डम्बर प्लेसर (डिब्बा वाहन), ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से समस्त वार्डो में नियमित रुप साफ-सफाई का कार्य कराने के उपरान्त कूड़ा उठान कराया जा रहा है। नालियों की सफाई कराकर सिल्ट का उठान कराया जा रहा है। तदोपरान्त संचारी रोग नियंत्रण के लिये एण्टी लार्वा स्पे एवं चूना, ब्लीचिंग का छिड़काव जलभराव एवं नालियों में कराया जा रहा है।

जोन-4- क्षेत्रान्तर्गत पड़ाव घरों से कूड़े का उठान तथा खाली प्लाटों में पड़े कूड़े को हटवाने एवं वृहद साफ सफाई हेतु अभियान चला कर कार्य कराया गया। ईकोग्रीन व वेंडर की व्यवस्था खराब होने के कारण नगर निगम द्वारा स्वयं डोर-टू-डोर कूड़े के कलेक्शन की बागडोर सम्भाल ली है। कूड़े के उठान हेतु गाड़ियाँ भेजी गयी व डोर-टू-डोर कूड़े का कलेक्शन कार्य किया गया। नगर आयुक्त महोदय इन्द्रजीत सिंह व एल०डी०ए० बी-०सी० डॉ० इन्द्रमणि त्रिपाठी द्वारा पेपरमिल वार्ड के क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय जोनल अधिकारी-4 आकाश कुमार, मा० पर्षाद राजेश सिंह, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक रश्मि शुक्ला व नेहरू इनक्लेव आर0डब्लू0ए0 के पदाधिकारियों के साथ मौके पर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया तथा विनीत खण्ड व विराम खण्ड-5 में जोनल सेनेटरी अधिकारी- 4, पंकज शुक्ला व सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री र-किेश वर्मा, बाल गोंविद सिगरौर की उपस्थिति में सफाई कार्य कराया गया ।

जोन-5-क्षेत्रान्तर्गत उप नगर आयुक्त / जोनल अधिकारी संगीता कुमारी के नेतृत्व में विशेष सफाई अभियान वार्ड- रामजीलाल सरदार पटेल नगर में चलाया गया। विशेष सफाई अभियान में प्रभारी जोनल सेनेटरी अधिकारी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक के द्वारा उक्त वार्ड के सिंगार नगर, बहादुर खेडा, श्री नगर, रामप्रसाद खेड़ा मोहल्ले में खाली प्लाटों, नालियों, की साफ-सफाई कराई गई एवं वार्ड में स्थित पड़ाव घरों की सफाई कराते हुए चूने का छिडकाव कराया गया। संक्रामक बिमारियों के दृष्टिगत वार्ड में जगह-जगह एण्टी लार्वा व चूने का छिड़काव कराया गया।

जोन-6-क्षेत्रान्तर्गत उप नगर आयुक्त / जोनल अधिकारी नंद किशोर के नेतृत्व में विशेष सफाई अभियान वार्ड- आलमनगर, भवानीगंज, अम्बरगंज, गढ़ी पीर खां, आचार्य नरेंद्र देव, कश्मीरी मोहल्ला,आचार्य नरेंद्र देव, दौलतगंज सहित कुल 20 पड़ाव घरों से कूड़े का उठान कार्य कराया गया। विशेष सफाई अभियान में उक्त वार्ड के नालियों, की साफ-सफाई कराई गई एवं वार्ड में स्थित पड़ाव घरों की सफाई कराते हुए चूने का छिडकाव कराया गया। संक्रामक बिमारियों के दृष्टिगत वार्ड में जगह-जगह एण्टी लार्वा व चूने का छिड़काव कराया गया।

जोन-7-क्षेत्रान्तर्गत विशेष सफाई अभियान जोनल अधिकारी मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में शहीद भगत सिंह प्रथम वार्ड में मायावती कालोनी, देवा रोड, कंचपुर मटियारी में चलाया गया। विशेष सफाई अभियान में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक के द्वारा मोहल्ले में खाली प्लाटों, नालियों, की साफ-सफाई कराई गई एवं वार्ड में स्थित पड़ाव घरों की सफाई कराते हुए चूने का छिडकाव कराया गया। संक्रामक बिमारियों के दृष्टिगत वार्ड में जगह-जगह एण्टी लार्वा व चूने का छिड़काव कराया गया।

जोन-8-क्षेत्रान्तर्गत प्रत्येक पडाव घरों से सायं काल तक कूड़ा उठान का कार्य करा गया एवं वृहद अभियान के तहत क्षेत्र मे साफ सफाई कराई गई।अभियान के तजत जोन-8 के अन्तर्गत स्थित समस्त पडाव घरो से कुल 11 वाहनों से 34 ट्रिप लगभग 300 टन अपशिष्ट को शिवरी प्लान्ट भेजा गया।उक्त अभियान जोनल अधिकारी के नेतृत्व में अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति में चलाया गया।

उक्त अभियान के तहत इतवार को सांय 06 बजे तक आठों जोनों से 165 गडियों के माध्यम से लगभग 16500 एम.टी. अपशिष्ट शिवरी प्रसंस्करण प्लांट पहूंचाया गया।वहीं आज रात्रि 12 बजे तक लगभग 300 से 400 एम.टी. अपशिष्ट पहुंचाया जाएगा।वहीं दिनांक 26.08.2023 को 200 गडियों के माध्यम से लगभग 1900 एम.टी. अपशिष्ट शिवरी प्लांट पर पहुंचाया गया।

# भारत के ज्ञान -विज्ञान -चिंतनगौरव परम्परा का प्रमुख स्रोत संस्कृत --डा कपिल देव

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ। नवयुग कन्या महाविद्यालय के संस्कृत विभाग के तत्वाधान में संस्कृत सप्ताह के प्रथम दिन संस्कृत दिवस निमित्तक ऑनलाइन राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय की अध्यक्षता में एवं डॉ वन्दना द्विवेदी के संयोजकत्व मे आयोजित किया गया`श्रावणी पूर्णिमा अर्थात रक्षाबंधन के दिन संस्कृत दिवस मनाया जाता है राष्ट्रीय विद्युत संगोष्ठी का प्रारंभ वंदना द्विवेदी द्वारा मंगलाचरण से किया गया तथा इसके पश्चात स्नातक पंचम सत्र की छात्रा प्रतिभा द्विवेदी के द्वारा संस्कृत ध्येय मंत्र एवं सरस्वती गीत प्रस्तुत किया गया । इस कार्यक्रम के और सरस्वत अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में महाराज सयाजी राव विश्व विद्यालय वडोदरा गुजरात के, परम्परागत संस्कृत विभाग के प्रोफेसर कपिल देव शास्त्री जी आभासी मंच पर उपस्थित रहे`मुख्य वक्ता के द्वारा अपने उद्बोधन में गुरु शिष्य परंपरा पर विचार प्रस्तुत किया गया` उन्होंने यह कहा कि आज गुरु और शिष्य के सम्बन्धों में निरन्तर ह्रास आया है, वेदों एवं उपनिषदों के उ-दाहरणों द्वारा गुरु शिष्य सम्बन्धों को सुदृढ़ करने पर जोर दियोवैदिक विचारधारा के अनुसार बालक शैशवावस्था को पार कर मातृमान और पितृमान बनकर आचार्यवान होने के लिए गुरुकुल में प्रविष्ट होता है तब आचार्य रूप अग्नि में अपने आप को समिधा बनकर ज्ञान ज्योति से प्रदीप्त हो जाता है यह प्रथम शिक्षा का आश्रम होता है गुरु वह है






जो मृत्यु बनाकर विद्यार्थियों के सब कु संस्कारों को सुधार सके` शिक्षक को इस कला में अवश्य ही निपुण होना चाहिए गुरु औषधि बनाकर शिष्यों के शारीरिक एवं मानसिक रोगों को दूर करने वाला होता है

संस्कृत दिवस निमितक ऑनलाइन राष्ट्रीय विद्वत संगोष्ठी के द्वितीय विशिष्ट वक्ता डॉ चंद्रकांत दत्त शुक्ला जी रहे जो वरिष्ठ सहायक आचार्य संस्कृत विभाग संत गणिनाथ राजकीय स्नातकोत्तर महा-विद्यालय मोहम्मदाबाद गोहना मऊ से थे`उन्होंने सुसंस्कृत समाज की अवधारणा विषय पर अपने विचार को व्यक्त किया विशिष्ट वक्ता डॉ शुक्ल के द्वारा कहा गया कि हम भारतीय हैं ,और हमारी संस्कृति सनातन है जो हमारे ऋषि मुनियों -पूर्वजों विद्वानों की सारस्वत साधना ज्ञान परम्परा से अलंकृत है इसी श्रेष्ठ परम्परा की आत्मा संस्कृत है इसलिए सभी लोग स्वयं को सुसंस्कृत बनाए ,जब स्वयं सुसंस्कृत बनेंगे तभी परिवार और समाज भी सुसंस्कृत होगा यह तभी संभव है जब हम सभी स्वयं देवभाषा संस्कृत को आत्मसात करेंगेमहाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने कहा कि गुरु कुम्हार के सदृश होता है जो कच्चे घड़े के अन्दर हाथ रखकर घड़ा को सही स्वरूप प्रदान करता है उसी प्रकार गुरु भी अपने शिष्य को कायिक-वाचिक-मानसिक रुप से सुदृढ़ता प्रदान करता है` संगोष्ठी के अन्त में धन्यवाद ज्ञापन संस्कृत विभागाध्यक्षा प्रोफेसर रीता तिवारी के द्वारा किया गयो

*राष्ट्रीय खेल दिवस के तहत आज मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम मे बालक वर्ग में कुश्ती प्रतियोगिता का हुआ आयोजन*

# डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद में आयोजित हो रहा है राष्ट्रीय खेल सप्ताह

खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के निदेर्शों के क्रम में एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद गौतम बुद्ध नगर में राष्ट्रीय खेल दिवस के अंतर्गत 21 अगस्त से 29 अगस्त तक राष्ट्रीय खेल सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी श्रंखला में आज उप क्रीड़ा अधिकारी अनीता नागर ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय खेल सप्ताह के तहत मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन बालक वर्ग में किया गया, जिसमें जनपद के 38 बालकों ने प्रतिभाग किया। कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ रवि खारी इंटरनेशनल रेफरी द्वारा किया गया। उप क्रीडा अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस सप्ताह 29 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। 29 अगस्त को



राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में प्रतियोगिताओं का समापन किया जाएगा। 29 अगस्त को हॉकी बालक 14 वर्ष आयु वर्ग का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 29 अगस्त को प्रातः 9:00 बजे से एस्टर पब्लिक स्कूल ग्रेटर नोएडा में किया जाएगा व राष्ट्रीय खेल दिवस सप्ताह का समापन 29 अगस्त को सांयकाल 3:00 बजे से मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में पुरस्कार वितरित कर किया जाएगा। इस अवसर पर, ज्योति नागर, दानवीर आदि उपस्थित रहे। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# अंतदेर्शीय जलमार्ग परिवहन में अपार संभावनाएं, शीघ्र गठित हो उत्तर प्रदेश अन्तदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में उत्तर प्रदेश अंतदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण के गठन के संबंध में समीक्षा बैठक की और यथाशीघ्र इसके गठन की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए।

प्राधिकरण के स्वरूप पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्राधिकरण के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के पद पर ख्यातिलब्ध विशेषज्ञ को जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। प्रदेश के परिवहन आयुक्त को इस्-ाका सीईओ नामित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्राधिकरण नोडल अथॉरिटी के रूप में भारतीय अंतदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण के साथ समन्वय का कार्य करेगा। प्राधिकरण द्वारा अंतदेर्शीय जल परिवहन एवं पर्यटन संबंधित समस्त गतिविधियों का रेगुलेशन किया जाएगा, साथ ही, जल परिवहन से संबंधित पर्यावरण एवं सुरक्षा कानूनों का अनुपालन, जलमार्गों के विकास एवं बेहतर उपयोग हेतु हा-इड्रोग्राफिक सर्वेक्षण एवं जांच की जिम्मेदारी का निर्वहन भी करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राधिकरण द्वारा अंतदेर्शीय जल यातायात डेटा का अध्ययन एवं विश्लेषण किया जाना चाहिए। अंतदेर्शीय जल परिवहन, पर्यटन एवं शिपिंग तथा नेविगेशन संबंधित गतिविधियों के संबंध में वैज्ञानिक अनुसंधान किया जाए। अंतदेर्शीय जल परिवहन से संबंधित स्टेक-होल्डर्स एवं अधिकारियों/कर्मचारियों का तकनीकी प्रशिक्षण भी कराया जाए।

उत्तर प्रदेश के नदियों के जलमार्गों के सदुपयोग एवं विनियमन के परिप्रेक्ष्य में जलग्रहण क्षेत्र का निर्धारण, नदियों को चैनलाइज करने तथा पूरे वर्ष नेविगेबल बनाए रखने, अविरल प्रवाह हेतु ड्रेजिंग गतिविधि कराने तथा अंतदेर्शीय जल परिवहन हेतु ढांचागत सुविधाओं आदि की स्थापना के अलावा, पर्यटक सर्किट मार्ग तैयार करने में प्राधिकरण की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्राधिकरण द्वारा जल परिवहन के अन्य परिवहन साधनों के साथ समन्वयन तथा पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप एवं निजी भागीदारी प्रोत्साहित करने का भी कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर नदी की प्रकृति भिन्न होती है। ऐसे में अंतदेर्शीय जलमार्गों के वर्गीकरण के लिए प्राधिकरण द्वारा मानक तय किया जाना चाहिए।

> अंतदेर्शीय जल परिवहन में यात्रियों और कार्गो परिवहन के व्यापक अवसर: मुख्यमंत्री
>
> मुख्यमंत्री जी ने की उत्तर प्रदेश अंतदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण के गठन के संबंध में समीक्षा बैठक
>
> जलमार्ग सेक्टर के विशेषज्ञ होंगे प्राधिकरण के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, ट्रांसपोर्ट कमिश्नर होंगे सीईओ
>
> प्रस्तावित प्राधिकरण नोडल अथॉरिटी के रूप में भारतीय अंतदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण के साथ समन्वय का कार्य करेगा

## बच्चों के एक्सपोजर विजिट की भी होगी व्यवस्था

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत खंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में प्रति विकास खंड चयनित 100 बच्चों का एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट कराया जाएगा। बच्चों को चिन्हित करने में यह ध्यान रखा जाएगा कि बालक-बालिका एवं विभिन्न वर्ग के बच्चों को समान अवसर प्राप्त हो सके। जनपद स्तर पर आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिनिधित्व करने वाले बच्चों को एक्सपोजर विजिट में अवश्य सम्मिलित किया जाएगा। एक्सपोजर विजिट में बच्चों के साथ विज्ञान एवं गणित के 02 शिक्षक या प्रधानाध्यापक, संबंधित विकास खंड के विज्ञान एवं गणित के एआरपी तथा संबंधित विकास खंड के खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा भ्रमण में प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाएगी। एक्सपोजर विजिट में कम से कम दो महिला शिक्षिका अथवा एआरपी को अवश्य सम्मिलित किया जाएगा, ताकि छात्राओं को कोई असुविधा न हो। एक्सपोजर विजिट के लिए जनपद के अंदर अथवा निकट के जनपद, मण्डल में अवस्थित प्रतिष्ठान जैसे चीनी मिल, तारामंडल, न्यूज पेपर प्रिन्टिंग प्रेस, रीजनल सांइस सिटी म्यूजियम, नेशनल बॉटनिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट, इंस्टीट्यूट आफ हार्टीकल्चर टेक्नोलॉजी, औद्योगिक इकाई, प्रयोगशाला,वैज्ञानिक अनुसंधान इत्यादि का चिन्हांकन किया जाएगा।

# क्विज, एग्जिबिशन और एक्सपोजर विजिट के माध्यम से बच्चों में वैज्ञानिक मनोवृत्ति का विकास करेगी योगी सरकार

लखनऊ, 27 अगस्त। उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों में जिज्ञासा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने, वैज्ञानिक मनोवृत्ति का विकास करने, प्रयोग के अवसर उपलब्ध कराने तथा विज्ञान, गणित एवं प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से योगी सरकार राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत प्रदेश में विभिन्न गतिविधियों को शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत सरकार की ओर से जनपद और विकास खंड स्तर पर गतिविधियों के संचालन के निर्देश दिए गए हैं। इन गतिविधियों में ब्लॉक स्तर पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन, जनपद स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन, प्रदेश के अंदर और प्रदेश के बाहर बच्चों की एक्सपोजर विजिट जैसी गतिविधियों को सुनिश्चित किया जाना है। इन कार्यक्रमों के संचालन के लिए सरकार ने वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2023-24 में 17.46 करोड़ की धनराशि स्वीकृत है, जिसे जनपदों को जारी किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि 'राष्ट्रीय आविष्कार अभियान' भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित किया जा रहा है। योगी सरकार इसी कार्यक्रम को उत्तर प्रदेश में आगे बढ़ा रही है।

### ब्लॉक स्तर पर होगा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

राज्य परियोजना निदेशक विजय किरण आनंद के द्वारा समस्त जनपदों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को गतिविधियों के संचालन से संबंधित कार्ययोजना और निर्देश जारी किए हैं। इसके अनुसार प्रधानाध्यापक एवं विज्ञान व गणित विषय के शिक्षकों द्वारा परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के लिए विज्ञान विषय से संबंधित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाएगा। प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालयों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा-6 से 01, कक्षा 7 से 02 एवं कक्षा-8 से 03 बच्चों की ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभागिता सुनिश्चित कराई जाएगी। यदि किसी कक्षा में बच्चों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं है तो ऐसी परिस्थिति में प्रधानाध्यापक द्वारा किन्हीं 02 कक्षाओं से अधिकतम 06 बच्चों का चयन किया जाएगा। विकास खंड स्तर पर खंड शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन संबंधित ब्लॉक के एआरपी, उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालय (कक्षा 6 से 8) के प्रधानाध्यापकों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कराया जाएगा। बच्चों की कापी जांचने के लिए आवश्यकतानुसार विज्ञान एवं गणित के शिक्षकों को नियोजित किया जाएगा। ब्लॉक स्तर पर क्विज प्रतियोगिता के लिए स्वीकृत कुल धनराशि में से 10 प्रतिशत की धनराशि उन बच्चों को दी जाएगी, जो जनपद स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभाग करेंगे।

> राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत ब्लॉक से लेकर राज्य स्तर पर गतिविधियों का होगा संचालन
>
> ब्लॉक स्तर पर क्विज प्रतियोगिता तो जनपद स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी का किया जाएगा आयोजन
>
> गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ छात्रों को प्रदेश के अंदर और प्रदेश के बाहर कराई जाएगी एक्सपोजर विजिट

### जनपद स्तर पर लगाई जाएगी विज्ञान प्रदर्शनी

जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में कुल 100 बच्चों की प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाएगी। विज्ञान पर आधारित समसामयिक विषयों पर मॉडल बनाने के लिए बच्चों को प्रेरित किया जाएगा तथा बच्चों को विज्ञान के शिक्षक, एआरपी द्वारा अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## बाईक व साईकिल की टक्कर में साईकिल सवार की हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण लालबिहारी गुप्ता,तिलौथू रोहतास**

रोहतास जिले के तिलौथू प्रखंड क्षेत्र के अमझोर थाना अंतर्गत जागोडीह छउर पर रविवार को सुबह एक मोटरसाइकिल व साइकिल की टक्कर में साइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि अमझोर थाना क्षेत्र के जागोडीह निवासी स्वर्गीय कांग्रेस राम का 25 वर्षीय पुत्र संजय राम साइकिल पर सवार होकर कुछ काम से तिलौथू की ओर आ रहा था, की जागोडीह छऊर पर खेल मैदान के समीप एन एच टू सी पथ पर एक बाइक की ठोकर से वह गिर पड़ा जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के तत्पश्चात ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल ले जाने की कोशिश की लेकिन युवक मृत पड़ा हुआ था। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने तिलौथू रोहतास एन एच टू सी पथ



को जाम कर दिया तथा ग्रामीण व परिजन मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। मौके पर पहुंची अमझोर पुलिस द्वारा काफी मशक्कत के बाद भी ग्रामीण जाम को नहीं हटाए। अंत में मौके पर पहुंचे सीओ कुमार भारतेंदु ने लोगों को सरकारी लाभ का भरोसा दिलाया। जिनके आश्वासन पर ग्रामीणों द्वारा जाम को हटाया गया। थानाध्यक्ष के के केसरी ने बताया कि रविवार की सुबह जागोड़ीह छऊर पर संजय राम अपने घर से तिलौथू की ओर आ रहा था जबकि विपरीत दिशा से जा रही बाइक ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे संजय राम की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के शव को पुलिस अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सासाराम भेज दिया है।

## 40 लीटर देसी महुआ शराब के साथ दो कारोबारी धराया

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार,रोहतास ब्यरो**

रोहतास जिला अंतर्गत काराकाट थाने की पुलिस ने देशी महुआ शराब के साथ दो कारोबारी को रंगे-हाथों धर दबोचा। थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के अमरथा टोला से अमरथा निवासी लालबाबू पासवान एवं रविंद्र सिंह को गुप्त सूचना के आधार पर दोनों कारोबारी को 40 लीटर देशी महुआ शराब के साथ रंगे-हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए कोविड-19 जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया।

## अंबेडकर चर्चा पर कार्यक्रम का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण नोखा,रोहतास**

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा संविधान में दी गई अनुच्छेदों का भाजपा हटाना चाहती है। जिससे डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के द्वारा निर्मित संविधान में छेड़छाड़ कर दलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा के विकास के लिए दिए अनुच्छेद को हटाना चाहती है। उक्त बातें रजद के प्रखंड अध्यक्ष अख्तर जमाल ने कही। मौका था राष्ट्रीय जनता दल द्वारा नोखा प्रखंड के सभी 13 पंचायत में डॉक्टर भीम राव अंबेदकर पर चर्चा कार्यक्रम जहां पर भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि विपरीत परिस्थितियों और भारत को विकसित देश की परिकल्पना कर सभी वर्गों को एक सूत्र में सभी वर्गों के विकास को लेकर के कानून का प्रारूप तैयार कर निर्माण किया। जिसे भाजपा अब अपनी मर्जी के अनुसार संसोधन करना चाहती है। प्रखंड अध्यक्ष अख्तर जमाल ने बताया कि नॉनसारी पंचायत के सिसिरित टोला, उत्तरी वराव , दक्षिणी बराव सहित सभी पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर वीरेंद्र कुमार,राकेश कुमार ,संजय कुमार, अरुण कुमार, वीरेंद्र कुमार,अखिलेश यादव, विजय पटेल अनीश कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

## पूर्व के केस के दो आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण नौहट्टा,रोहतास**

रोहतास जिले के नौहट्टा थाना क्षेत्र के पहाड़िया कोलनी से पुलिस ने पूर्व के केस के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बताया गया की पूर्व केस के इन आरोपियों को पुलिस कब से तलास कर रही थी। वही गुप्त सूचना पर पुलिस ने शैलेन्द्र रजवार सुरेन्द्र रजवार पहाड़िया कोलनी से गिरफ्तार किया है।

## पुलिस ने शराब मामले के आरोपित को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण संझौली,रोहतास**

रोहतास जिले के संझौली थाने की पुलिस ने रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर पूर्व शराब के मामले में अमेठी ग्राम से छापामारी कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि पूर्व शराब के मामले में आरोपी अमेठी ग्राम के अभिषेक कुमार बहुत दिनों से फरार चल रहा था। जिसे पुलिस ने गुप्त सूचना के आधर पर अमेठी ग्राम से गिरफ्तार कर उसे जेल दिया।

## जनता दल यूनाइटेड का राज्यव्यापी अभियान तहत राज्य सरकार की उपलब्धियों पर की गई चर्चा

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार,रोहतास ब्यरो**

रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मोथा , जयश्री, काराकाट एवं काराकाट नगर पंचायत गोड़ारी के करूप गांव में जनता दल



यूनाइटेड राज्यव्यापी अभियान के तहत ग्राम संसद, सद्भाव की बात राज्य सरकार की उपलब्धियों पर लोगों के बीच विशेष रूप से चर्चा की गई। जिस कार्यक्रम की अध्यक्षता काराकाट प्रखंड अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने की। उन्होंने कहा कि यह अभियान 15 अगस्त से शुरू होकर 31 अगस्त तक चलेगा। जिस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्टी के जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुशवाहा, जिला महासचिव जयशंकर सिंह पटेल, जिला सचिव परशुराम सिंह, प्रखंड प्रवक्ता रामचंद्र पासवान, डिहरी नगर अध्यक्ष मुन्ना कुशवाहा , गोरख मेहता सहित तमाम जदयू के वरिष्ठ साथी, पंचायत अध्यक्ष , पंचायत सचिव समेत सैकड़ों की संख्या में अन्य कार्यकर्ता लोग उपस्थित थे।

## छात्रा हत्याकांड:मृत छात्रा के परिवार से मिले राज्यपाल

**उत्तम सिंह: संवाददाता: दैनिक समाज जागरण: सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग):**

छात्रा हत्याकांड में राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने मृतक के परिवार से मुलाकात की।आज वह कोलकाता से बागडोगरा हवाईअड्डे पर उतर कर मृत छात्रा के घर पहुंचे। वह करीब आधे घंटे तक नाबालिगा छात्रा के पिता और मां से बातचीत की।

इसके बाद राज्यपाल सिलीगुड़ी स्टेट गेस्ट हाउस पहुंचे। उन्होंने वहां एक पत्रकार सम्मेलन की। छात्रा की मौत पर राज्यपाल ने कहा कि ऐसा कहीं भी किसी भी लड़की के साथ नहीं होना चाहिए। कन्या के बिना कन्याश्री नहीं हो सकती। बेटी की जान चली गयी। सरकार और मुख्यमंत्री महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाएंगी। इस घटना का राजनीति नहीं करना चाहिए।

## एक शराब भट्ठी ध्वस्त, 5 लीटर महुआ शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार,रोहतास ब्यरो**

रोहतास जिले के चुटिया थाना क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण को लेकर चुटिया थानाध्यक्ष मंगल सिंह के नेतृत्व में सघन छापामारी अभियान चलाया गया। जिसके तहत पुलिस ने बेसाडीह के जंगलों में एक शराब भट्ठी को ध्वस्त किया है। जहां लगभग सौ लीटर महुआ पास को भी विनष्ट किया गया है। साथ पुलिस ने मौके से एक शराब धंधेबाज को भी 5 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। बताया गया की अवैध शराब निर्माण को लेकर पुलिस को गुप्त सूचना मिल रही थी। वही पुलिस ने शराब धंधेबाज नन्हकू पासवान को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## भाजपा कार्यकताओं ने सुनी मन की बात

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी,बिक्रमगंज रोहतास**

रविवार को काराकाट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत घुसियां खुर्द के बूथ संख्या 98 पर भाजपा के तमाम कार्यकताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुनी । उक्त दौरान पार्टी कार्यकताओं में काफी उत्साह देखा गया । मौके पर नवनीत साह , कमला देवी , धर्मशिला देवी , सुकुमारी देवी , पीतांबर गुप्ता, इंद्रदेव चौधरी , विवेकानंद , मुन्ना गुप्ता , संतोष गुप्ता, लाल बिहारी चौधरी, किशोर महतो , भवन महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## कोचाधामन: दो कांडों में फरार अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज**

कोचाधामन थाना कांड सं.-290/20 आर्म्स एक्ट एवं कांड सं.-38 / 22 में अभियुक्त पप्पु उम्र करीब 31 वर्ष पिता अब्दुल जलील साकिन मस्तलिया वार्ड नं.-13 फरार चल रहे थे। उपरोक्त दोनों कांडों में वांछित अभियुक्त के संबंध में 25 अगस्त की रात्रि घर आने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई। इसी सूचना पर पुलिस टीम के द्वारा रात्रि 10:30 बजे अपराधी को उनके घर पर छापामारी कर गिरफ्तार किया गया तथा न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## किसान की पुत्री प्रियंका ने बीपीएससी ऑडिटर परीक्षा में पाई सफलता

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार, रोहतास ब्यरो**

रोहतास जिले के दावथ प्रखंड के हीरापुर निवासी भारत सिंह एवं सुमन देवी की पुत्री प्रियंका कुमारी बिहार लोक सेवा आयोग के द्वारा ऑडिटर पद की ली गई परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। जिससे परिवार जनों तथा गांव वासियों में खुशी का माहौल है। बता दें कि शुक्रवार की शाम बिहार लोक सेवा आयोग के ऑडिटर पद का फाइनल परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कुल 366 अभ्यर्थी सफल हुए। प्रखंड के हीरापुर गाँव की रहने वाली प्रियंका कुमारी बिहार लोक सेवा आयोग के द्वारा प्रकाशित की गई परीक्षा परिणाम में 258 वां स्थान प्राप्त की। परिजनों ने बताया कि प्रियंका की प्रारंभिक



पढ़ाई लक्की चिल्ड्रेन एकेडमी दावथ से हुई थी। वही मैट्रिक प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय दावथ से करने के बाद ए.एस कॉलेज बिक्रमगंज से इंटर इण्टर व मगध महिला कॉलेज पटना से स्नातक की पढ़ाई पूरी की। बता दे कि प्रियंका के पापा एक किसान है जबकि माता एक कुशल गृहणी है। ग्रामीण परिवेश में रहकर ही प्रियंका ने यह सफलता अर्जित की है। प्रियंका के शिक्षक भरत प्रसाद गुप्ता,चारों धाम मिश्रा, धनेश कुशवाहा, प्रदीप गिरी सहित कई लोगों ने उसकी सफलता पर खुशी व्यक्त किया है।

## अनुमंडलीय अग्निशमन पदाधिकारी ने विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं से बचाव को लेकर दिए टिप्स

**दैनिक समाज जागरण बिक्रमगंज,रोहतास**

अनुमंडलीय अग्निशमन पदाधिकारी प्रेमचंद्र राम ने अपने विभाग के अन्य अधिकारियों व कर्मियों के साथ काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत दहियारी, बसंत बिगहा, कर्मा के वार्ड संख्या 13 ,14,15 एवं ग्राम पंचायत सिकरियां के आमजन, जनप्रतिनिधि एवं किसानों के साथ विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं से बचाव को लेकर बैठक की। साथ ही बैठक के दौरान विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं से बचाव को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई। उन्होंने बैठक के दौरान उपस्थित लोगों को सुझाव देते हुए कहा कि आग लगने पर क्या करें और क्या ना करें, साथ ही अपने जान-माल की सुरक्षा कैसे करें इन सभी बिंदुओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई। साथ ही साथ विभिन्न आपदाओं से बचाव के लिए भी उनके द्वारा सुझाव दिए गए। बैठक में श्री राम के द्वारा बाढ़ आपदा, भूकंप , तूफान , ठनका , लू , सर्पदंश सहित अन्य आपदाओं से बचाव के लिए लोगों को टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि अनजान जगहों पर नदी, तालाब, आहर, पोखर नहीं पार



करना है। ठनका गिरने की स्थिति में अगर घर में है, तो खिड़की एवं दरवाजा बंद कर ले और खेत-बाधार में है तो पेड़ के नीचे व आस-पास नहीं रहे। अगर दूर बाधार में है तो अपने खेतों के मेड़ पर कान बंद कर नीचे सिरकर चुका-मुकी बैठ जाय। उन्होंने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को सांप काट ले ,तो झार-फूंक एवं ओझा गुनी पर विश्वास ना करें। तुरंत वैसे व्यक्ति को अपने नजदीकी अस्पताल में तुरंत प्राथमिक इलाज के लिए भर्ती कराएं। क्योंकि बिहार के सभी अस्पतालों में सर्पदंश के लिए वैक्सीन उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि सर्प काटे हुए व्यक्ति को पानी नहीं पिलाये और साथ ही वैसे व्यक्ति से हमेशा बातचीत करते रहे। उन्होनें काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न पंचायतों के गांवों में घूम-घूमकर प्राकृतिक आपदाओं से बचाव को लेकर अनेकों टिप्स दिए। मौके पर अनुमंडलीय अग्निशमन पदाधिकारी प्रेमचंद्र राम, संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी समेत आमजन, जनप्रतिनिधिगण एवं सैकड़ो की तादात में किसान लोग उपस्थित थे।

## शतरंज में अमयरा, ग्रंथ, वर्षिका व धानी बने विजेता

**राहुल साह : दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में गट्टानी कॉम्प्लेक्स तेघरिया में संचालित की जा रही शतरंज प्रशिक्षण केंद्र किशनगंज चेस एकेडमी में रविवार को एक निःशुल्क शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें अपने-अपने विभागों में अमयरा रहमान ,ग्रंथ जैन, वर्षिका चितलांगिया एवं धानी अग्रवाल विजेता घोषित हुए।

उपरोक्त जानकारी संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं वरीय संयुक्त सचिव तथा उक्त केंद्र के संचालक कमल कर्मकार ने दी। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रतियोगिता में मयंक मंडल, आरव अग्रवाल, दीवा सोमानी एवं रमित जैन को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। जबकि कुंज अग्रवाल,अयान अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल एवं तनय अग्रवाल तीसरे स्थानों पर रहे। अंश साहा, रौनक कुमार साहा, अनाया अग्रवाल एवं



अन्य क्रमशः इनके पीछे-पीछे रहे। इस प्रतियोगिता के विजेताओं को संघ के वरीय उपाध्यक्ष मनोज गट्टानी, उपाध्यक्ष बासुकीनाथ गुप्ता, महासचिव शंकर नारायण दत्ता, पंजीपाड़ा से पहुंचे श्रीमती राधा अग्रवाल एवं रिंकी नाथ ने संयुक्त रूप से पुरस्कृत किया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री गट्टानी ने कहा कि बच्चों के मानसिक विकास एवं स्वस्थ मनोरंजन हेतु शतरंज एक बेहतरीन खेल है ।अतः सभी अभिभावकों को इस खेल का समर्थन करना चाहिए तथा अपने बच्चों को इसे खेलने के लिए बढ़ावा देना चाहिए। व्यवस्था संभालने में संघ के संयुक्त सचिव सुधांशु सरकार, रोहन कुमार, सहायक सचिव मोहम्मद अमानुल्लाह एवं अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## शहर की तरह गांव में भी सुना गया मोदी के मन की बात

**समाज जागरण संवाददाता:- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमण्डल**

पालीगंज/ रविवार को दूरदर्शन के माध्यम से प्रसारित किया गया पीएम नरेन्द्र मोदी के मन की बात दुल्हिन बाजार स्थित सदावह गांव में भाजपा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सुना गया।

जानकारी के अनुसार दुल्हिन बाजार प्रखंड क्षेत्र के सदावेह गांव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात की 104 वां एपिसोड सुनने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने किया एवं संचालन पंचायती राज जिला संयोजक सुनील कुमार ने किया। मन की बात प्रसारण में मोदी ने कहा कि चंद्रयान 3 की सफलता पर देश भर में उत्साह का माहौल है। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 से नए भारत की पहचान बना है। हम चंद्रमा पर इसलिए पहुंच पाए क्योंकि आज हमारे सपने बड़े हैं और हमारे प्रयास भी बड़े हैं। चंद्रयान 3 की सफलता में हमारे वैज्ञानिकों की अहम भूमिका रही है। मोदी ने शायराना अंदाज में कहा कि 23 अगस्त को भारत ने और भारत के चंद्रयान अभियान ने साबित कर दिया है कि संकल्प के कुछ सूरज चांद पर भी उगते हैं।

आगे उन्होंने कहा कि 15 अगस्त को सभी का प्रयास दिखा इसी वजह से हर घर तिरंगा अभियान सफल रहा। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद संगठन महामंत्री विक्कू भाई दालसानिया ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से देश में प्रेरणादायक विषयों पर प्रकाश डालते हैं वह समाज के ऐसे लोगों की चर्चा करते हैं जो अपने बलबूते पर खुद को स्थापित किया और समाज की प्रगति में योगदान दिया। अंत में मंडल अध्यक्ष जीत कुमार के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

मौके पर भाजपा के पंचायती राज प्रदेश संयोजक ओमप्रकाश भूअन, पूर्व बिधायक रामजन्म शर्मा, रविंद्र रंजन, बिनोद सिंह, शिवेन्द्रधारी सिंह, अभिमन्यु कुशवाहा, अजेश सिंह, मनोज सिंह ,कुंदन कुमार शिवेंद्र धारी सिंह, सिंधु सिंह, पुरुषोत्तम शर्मा, अजित कुमार सौण्डिल्य, बंशीधर शर्मा ,सीमा देवी ,झुन्नी कुमारी, साही शर्मा, सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डीएम ने किया मद्धनिषेध पुलिस पर हुए हमले की मामला की जांच

**समाज जागरण संवाददाता:- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमण्डल**

पालीगंज/ अनुमण्डल सह प्रखण्ड क्षेत्र के नरौली मठिया गांव स्थित मुशहरी मे शनिवार की शाम मद्धनिषेध पुलिस व ग्रामीणों के बीच हुई झड़प में एक महिला गम्भीर रूप से घायल हो गयी। वही मद्धनिषेध के तीन पुलिसकर्मी भी घायल हो गए व बिभाग की चार वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गयी थी। जिजकी सूचना पाकर रविवार को नरौली मठिया गांव पहुंचे पटना डीएम व एसएसपी ने मामले कि जांच किया।

जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम मद्धनिषेध की टीम पालीगंज अनुमण्डल सह प्रखण्ड क्षेत्र के नरौली मठिया गांव में छापेमारी करने गयी थी। जहां टीम में मौजूद मद्धनिषेध के पुलिसकर्मियों को ग्रामीणों के साथ झड़प हो गयी। जिसके दौरान उसी गांव के दिव्यांग महेन्द्र मांझी के 40 वर्षीय पत्नी सुनीता देवी पुलिस की पिटाई से बेहोश होकर गिर पड़ी। वही टीम में मौजूद जवान महेश प्रसाद, जितेन्द्र यादव व सुजीत कुमार चोटिल हो गया। साथ ही मद्धनिषेध की चार वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दी गयी। वही घटना में चोटिल जवानों को पालीगंज पीएचसी में इलाज कराया गया जबकि घायल महिला सुनीता देवी को पालीगंज अनुमण्डल अस्पताल से डॉक्टरों द्वारा पटना पीएमसीएच रेफर कर दी गयी है।

वही घटना की सूचना पाकर पटना डीएम चंद्रशेखर कुमार ने घटना की जांच के लिए रविवार को नरौली मठिया गांव पहुंचे। जहां उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि पूरी घटना में संलिप्त छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर सभी पर कार्यवाई करने का आदेश दिया गया है। साथ हो निर्दोष लोगों के खिलाफ कोई कार्यवाई नही किये जाने का निर्देश दिया गया है। वही मद्धनिषेध कार्यालय में ही पैसे की लेन देन व शराब पिये जाने की बात पूछी जाने पर डीएम ने कहा कि इसकी भी जांच किया जाएगा। वही पालीगंज एसडीएम जयचंद यादव ने बताया कि नरौली मठिया गांव में छापेमारी अभियान चलाई गई है। जिसके दौरान एक घर से 13 बोरी मीठा व पूरे छापेमारी के दौरान आठ



सौ से साढ़े आठ सौ के करीब मिटी के अंदर छुपाई गयी शराब ध्वस्त किया गया है। शराब बनाने की कुछ बरतने भी बरामद हुई है। अनुमण्डल अस्पताल में इलाजरत महिला के घर से सवा दो सौ लीटर शराब बरामद हुई है।

वही ग्रामीणों ने बताया कि मद्धनिषेध पुलिस छापेमारी के नाम पर बगैर महिला पुलिस लिए गांव में आई तथा घर के बाहर बैठे लोगों के साथ मारपीट करने लगी। उसी दौरान मसौढ़ी गांव से रिश्तेदार के घर आये गौतम कुमार नामक बच्चे की पिटाई होते देख जब महिला सुनीता देवी विरोध की तो उसके साथ मद्धनिषेध के जवान मारपीट करने लगा। जब महिला बेहोश हो गयी तो अनहोनी की आशंका समझ मद्धनिषेध के जवान वहां से भाग चले व अपनी बचाव में खुद ही वाहनों के सीसा तोड़ डाले। जबकि अस्पताल में इलाजरत महिला की आवाज नही निकल पा रही थी वह इशारे से कुछ कहना चाह रही थी। वही उसके पास मौजूद उसकी सास दुलारी देवी व पति महेन्द्र मांझी ने उसके घर मे शराब होने की बात से साफ इनकार किया है।

## पूर्व के मारपीट के मामलें में दो गिरफ्तार भेज गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी,करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र के कुम्हिला गांव में शनिवार की देर




शाम गुप्त सूचना के आधार पर मारपीट के दो अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष सुन्देश्वर कुमार दास ने बताया कि पूर्व में जमीनी विवाद को लेकर की गई मारपीट के मामले मे कुम्हिला गांव में फरार चल रहे अभियुक्तों को लेकर छापेमारी कि गई। जिसमें कन्हैया सिंह पिता दुधनाथ सिंह व शुभम कुमार पिता कन्हैया सिंह को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को अग्रिम कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## ससुराल गया युवक लापता, दस दिन बाद भी नहीं मिला कोई सुराग, परिजन बेहाल

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी,बिक्रमगंज रोहतास**

प्रखंड क्षेत्र के नोनहर गांव से अपने ससुराल गया युवक लापता हो गया। दस



दिनों बाद भी युवक का कोई सुराग नहीं मिल सका है , जिससे परिजन बेहाल है।बताया जाता है कि नोनहर निवासी बीरेंद्र राम का 20 वर्षीय पुत्र विकास राम 17 अगस्त को अपने दादा जामदार राम के साथ अपने ससुराल औरंगाबाद जिला के मोर डिहरी गया था। दो दिनों बाद उसके दादा वापस गांव लौट आए। उसके एक दिन बाद युवक अपने ससुराल के लोगों से शौच करने सोन नदी के तट की ओर जाने की बात कह निकला, लेकिन वापस लौटकर नहीं आया। काफी खोजबीन के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला तब परिवार के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। युवक के गायब होने से उसकी पत्नी और परिवार वालों का बुरा हाल है।

## पुलिस ने पूर्व के मामले में दो को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार,रोहतास ब्यरो**

रोहतास जिला अंतर्गत नोखा थाना क्षेत्र के नगर परिषद के रघुनाथपुर गांव व जगन्नाथ टोला से एक महिला को पूर्व के मामले में गिरफ्तार करके पुलिस ने जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि थाना क्षेत्र के जगन्नाथ टोला से शकुंतला कुंवर व रघुनाथपुर से बजरंगी राम को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। जो पूर्व के शराब के मामले में नामजद अभियुक्त था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार का जेल भेज दिया।

## शराब धंधेबाज गिरफ्तार

**दैनीक समाज जागरण मनोज कुमार,रोहतास ब्यरो**

रोहतास जिले के राजपुर थाने की पुलिस ने रविवार को क्षेत्र के बलिगांव गांव निवासी शराब के धंधे में संलिप्त हरेराम पासवान गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व में छापेमारी के दौरान इसके पास से दस लीटर देसी शराब बरामद की गई थी। गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया।

## पुलिस ने समकालीन अभियान तहत विभिन्न मामले में संलिप्त 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**दैनीक समाज जागरण मनोज कुमार,रोहतास ब्यरो**

रोहतास जिले के बिक्रमगंज अनुमंडल की पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत विभिन्न मामले में संलिप्त अलग-अलग जगहों से 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया।इसकी जानकारी थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने दी।

## बिजली के तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत

**दैनीक समाज जागरण मनोज कुमार रोहतास ब्यरो**

रोहतास जिले के सूर्यपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सुअरा गांव के बाधार में बिजली के तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के सुअरा निवासी डिप्टी सिंह के 26 वर्षीय पुत्र मुकेश सिंह अपने गांव के बाधार में खेत पर काम के वास्ते गए हुए थे। जिस क्रम में मुकेश कुमार बिजली के तार की चपेट में आ गए। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूर्यपुरा थानाध्यक्ष प्रिया कुमारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर स्थानीय पुलिस पहुंच शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के परिजनों के समक्ष पंचनामा तैयार कर अंत्यपरीक्षण के लिए जिला सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया।

## मारपीट के मामले में पिता-पुत्र गए जेल

**दैनीक समाज जागरण मनोज कुमार,रोहतास ब्यरो**

रोहतास जिले के सूर्यपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत धांगो गांव में पिता- पुत्र के बीच आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने पिता और पुत्र को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष प्रिया कुमारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के धांगो गांव में आपसी विवाद को लेकर पिता व पुत्र के बीच मारपीट हुई। जिस मामले में पुत्र राकेश राम ने अपने पिता रामराज राम के विरुद्ध थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया। जिस मामले में पुलिस ने पिता रामराज राम व पुत्र राकेश राम को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया।

## नासरीगंज पुलिस ने पूर्व हत्या के मामले में संलिप्त दो आरोपी को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार,रोहतास ब्यरो**

रोहतास जिले के नासरीगंज थाने की पुलिस ने पूर्व हत्या के मामले में संलिप्त दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के यादव टोला नासरीगंज वार्ड संख्या 01 के रहने वाले मूलनिवासी नागेंद्र यादव पिता विश्वनाथ यादव एवं मिथिलेश कुमार पिता दूधेश्वर सिंह उर्फ साधु को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी के विरुद्ध स्थानीय थाना में कांड संख्या 61/21 के आलोक में हत्या करने का मामला दर्ज था। 30 अप्रैल 2021को काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत नोंक-परासी गांव के रहने वाले मृतक ददन सिंह नासरीगंज बारात में आए हुए थे, जिस दौरान उनकी हत्या हो गई थी। हत्या के दोनों आरोपी काफी लंबे दिनों से पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहे थे। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को कोविड-19 जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया।

## भाजपा नेता मृणाल शेखर 31 अगस्त 2023 को फीता काटकर करेंगे वीणा ऑटोमोबाइल सर्विस सेंटर का विधिवत उद्घाटन!

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता लक्ष्मण पासवान**

बांका अमरपुर ( बिहार) प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तारडीह पंचायत के रघुनाथपुर गांव के आगे एवं लक्ष्मीपुर गांव से पहले तारडीह जाने वाली सड़क के किनारे बिना ऑटोमोबाइल सर्विस सेंटर बनाया गया है ! यहां सभी प्रकार के टु एवं फोर व्हीलर गाड़ियों के मरम्मती कार्य हेतु सर्विस सेंटर का निर्माण किया गया है ! वीना ऑटो मोबाइल सर्विस सेंटर में सभी प्रकार की गाड़ियों की रिपेयरिंग की जाएगी और साथ-साथ सभी पाट्र्स भी उचित मूल्य पर उपलब्ध कराया जाएगा इस मोबाइल सर्विस सेंटर में कर रिपेयरिंग , स्पेयर पाट्र्स , डेटिंग एवं पेंटिंग , कार फॉर्म वॉशिंग , इंश्योरेंस , एलाइनमेंट और बैलेंसिंग , रबिंग पॉलिशिंग आदि कार्यों की सुविधा उपलब्ध रहेगी ! उपरोक्त बारे में सारी जानकारी देते हुए ऑटोमोबाइल्स सर्विस सेंटर के संचालक विशाल आनंद ने बताया कि इस सर्विस सेंटर की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है , 31 अगस्त 2023 ई को भाजपा नेता मृणाल शेखर के द्वारा इस सर्विस सेंटर का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन होना सुनिश्चित हुआ है ! उन्होंने बताया कि क्षेत्र वासियों को इस सर्विस सेंटर पर सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है ! बस अब इंतजार है की 31 अगस्त 2023 ई को भाजपा नेता मृणाल शेखर के द्वारा विधिवत उद्घाटन होने के पश्चात
सर्विस सेंटर चालू की जाएगी !
आपको बता दूं कि यह सर्विस सेंटर भागलपुर बांका मुख्य पक्की सड़क से डुमरामा हाई स्कूल के आगे से तारडीह जाने वाली सड़क में रघुनाथपुर गांव के ठीक आगे कुछ ही दूरी पर इस सर्विस सेंटर को बनाया गया है !
जिससे चारों दिशाओं से आने वाले ग्राहकों को किसी भीं परेशानियों का सामना नहीं करना
पड़ेगा ! लक्ष्मीपुर गांव के सामाजिक कार्यकर्ता संजीब घोष
आदि कई ग्रामीणों ने क्षेत्र में नया ऑटोमोबाइल्स सर्विस सेंटर खुलने पर प्रसन्नता जाहिर की है !

## प्रोन्नत मध्य विद्यालय लक्ष्मीपुर विद्यालय कैंपस से, चापानल की हुई चोरी

**समाज जागरण जिला संवादाता लक्ष्मण पासवान**

बांका /अमरपुर ( बिहार) प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत प्रोन्नत मध्य विद्यालय लक्ष्मीपुर विद्यालय कैंपस से चापा नल की चोरी होने का
मामला प्रकाश में आया है !
उपरोक्त आशय की जानकारी प्रभारी प्रधानाध्यापक नागगेंद्र
प्रसाद ने देते हुए बताया कि
इस विधालय मे दो चापानल
है , एक में पानी खराब आता है ! जबकि दूसरे मरम्मत कराया गया था , उसी से विद्यालय का मध्यान भोजन बनता था ! आगे प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि कुछ मनचले युवकों द्वारा जानबूझकर सरकारी विद्यालय को क्षति पहुंचा जा रहा है ! प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय अवधि के बाद



कुछ नए युवकों के द्वारा जानबूझकर विद्यालय को क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से विगत दिनों विद्यालय में पूर्व में हुए बिजली वायरिंग के कार्यों को तोड़ फोड़ दिया गया है ! जबकि पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक के द्वारा विद्यालय के पांच कमरों में बिजली वायरिंग का कार्य संपन्न कराया गया था !

## पूरे बिहार में शांति सद्भावना भाईचारे का मिसाल कायम किये हैं, पूर्व विधायक प्रत्याशी श्री पप्पू यादव

**समाज जागरण कार्यालय प्रभारी आनंद कुमार**

भागलपुर( बिहार) विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के अंतिम सोमवारी के पवन अवसर पर नाथनगर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी श्री पप्पू यादव 31 वर्षों से डाक बमों का सेवा करते आ रहे हैं। शांति सद्भावना भाईचारे का पैगाम जाता है। श्री पप्पू यादव सभी त्योहार। जैसे होली हो ,दुर्गा पूजा, काली पूजा हो बकरीद ,मोहर्रम यानी सभी कोम के त्योहार को भाईचारे शांति सद्भाव के साथ मानते हैं, जोकि मिशाल कायम के हैं। जिले में विकास पुरुष के नाम से चर्चित व पूजा शांति समिति के अध्यक्ष श्री पप्पू यादव सावन के लास्ट सोमवारी को अपने टीम के सदस्यों के साथ नाथनगर, जगदीशपुर ,ढाका मोड़ पहुंच डाक बमों के सेवा में फल, फ्रूट के साथ-साथ डिस्टिल्ड




वॉटर का वितरण किये। जो कि पूरे बिहार शांति सद्भावना भाईचारे का संदेश जाता है। ऐसे भी जब से अध्यक्ष पद को संभाले हैं तब से आज तक किसी प्रकार का शांति भंग नहीं हुआ है। हम आपको बता दें कि क्षेत्र के तमाम जरूरतमंद लोगों के बीच मसीहा के रूप में भी जाने जाते हैं। जनता के बीच निस्वार्थ भाव से सेवा दे रहे हैं। वही प्रशासन के बीच भी मजबूत पकड़ है। हर कोई से मधुर सबंध है। जनता के बीच निस्वार्थ भाव से सेवा को लेकर आज पूरे बिहार में नाम चर्चित है। समिति के नीतू देवी , प्रवीण यादव, लकी राज ,रोहित यादव ,आकाश यादव ,आदिल्या यादव अन्य

## सावन की अंतिम सोमवारी को लेकर कांवरियों की उमड़ी भीड़, भक्ति गीतों पर जमकर थिरके कांवरिया, आयुष्मान योग नक्षत्र में करेंगे जलाभिषेक

**समाज जागरण जिला ब्यूरो चीफ प्रभात कुमार मिश्रा**

भागलपुर (बिहार)सावन की आठवीं सोमवारी पर आयुष्मान योग नक्षत्र का संयोग बन रहा है, कांवरिया अंतिम सोमवारी को लेकर आज शहर के बरारी पुल घाट सीढ़ी घाट खंजरपुर आदि घाटों से जल उठाएं इसको लेकर हंसडीहा दुमका पोडियाघाट बाराहाट बौंसी पुंसिया बैजानी बांका आदि जगहों से डाक बम व साधारण कांवरिया अहले सुबह से ही भागलपुर पहुंच गए हैं और अंतिम सोमवारी को लेकर शिव भक्तों की भीड़ गंगा तट पर उमड़ गई ,घाटों पर श्रद्धालुओं के लिए कई पूजन सामग्री की दुकान खुल गई हैं, श्रद्धालु जल भरकर बासुकीनाथ गोनू धाम ज्येष्ठगोरनाथ धनु मन्नू धाम शिवपुरी मंदिर आदि के लिए प्रस्थान कर चुके हैं बता दे की आज सभी दिनों से ज्यादा भीड़ कांवरियों की देखी गई सभी कांवरिया भक्त जमकर शिव भक्ति गीतों में झूमते नजर आए साथ ही साथ कई सामाजिक संस्थाओं ने कांवरियों की सेवा के लिए अपनी कई मुरादे लेकर आए हैं कोई अपनी नौकरी को लेकर तो कोई निरोग होने की मंशा से भगवान



भोलेनाथ का जलाभिषेक करने चल पड़े हैं। वहीं कई जगहों पर कांवरियों के मनोरंजन के लिए भजन संध्या व सांस्कृतिक कार्यक्रम के भी आयोजन किए गए हैं' वही नाथनगर पूर्व विधायक प्रत्याशी श्री पप्पू यादव 31 वर्षों से डाक बमो का सेवा करते आ रहे हैं।

(Column order on page: ...शिवालयों में जलाभिषेक करने के लिए शिविर भी लगाए जहां पानी जूस लस्सी फल कांवरियों को वितरण किया जा रहा है। कांवरियों की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन के द्वारा हर चौक चौराहे पर पुलिस की व्यवस्था की गई है वही कांवरिया कई जगह से एकत्रित होकर शिवालयों में जलाभिषेक करने के)

## राष्ट्रीय ध्वज को विधि पूर्वक ही सम्मान करना भारतीयो का कर्तव्य है।

फतेहपुर प्रखण्ड क्षेत्र मे घर घर झंडा के तहत 13 अगस्त से 15 अगस्त को प्रत्येक घर मे चौक चौहराह मे झंडा लगाया गया था सरकारी गैर सरकारी संस्थान मे राष्ट्रध्वक्ष को राष्ट्रीय विधि पूर्वक फहराया गया, फिर राष्ट्रीय सम्मान के साथ नीचे उतारा गया ।हर हिन्दुस्तानी के आन वान शान की प्रतिक राष्ट्रध्वज को अभी तक जहाँ तहाँ 15 अगस्त से 27 अगस्त तक चौक चौराह बड़ी बड़ी इमारतो मे आज भी लहरा रहा है ।लोगो मे चर्चा का आलम बना हुआ है कि क्या इस कदर राष्ट्रीय ध्वझ को फहरा के लहराने को छोड़ देना न्याय संगत है या नही, अगर न्याय संगत नही है तो किसी पदाधिकारी का अभी तक नजर आखिर पड़ा क्यों नही ,नजर पड़ा तो अभी तक क्यों नही सम्मान के साथ उतारने को बाध्य नही किया ।इतना ही नही दो पहिए से लेकर चार पहिए वाहन मे भी राष्ट्रीय ध्वज को लगाके रखा गया । यह भी चर्चित होते जा रहा है कि ऐसा ही झंडा को जहाँ तहाँ फहरा कर छोड़ देना अगर है तो 15 अगस्त और 26 जनवरी मे नियम पूर्वक फहराना और उतारना कहां तक सही है।
इस सम्बन्ध मे प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी से फोन मे सम्पर्क करने पर उन्होंने बताया कि सरकार की आदेशानुसार 13 अगस्त से 15 अगस्त के बाद उतार देना चाहिए। प्रश्न उठता है या तो जानकार नही या दादा गिरि ।इस पर अंकुश नही लगाया गया तो कुछ भी होने का आशंका हो सकता है।

## कहलगांव के राधाकृष्ण ठाकुरवाड़ी में पंच दिवसीय झूलन प्रारंभ।

**समाज जागरण अनुमंडल संवादाता कन्हैया खंडेलवाल**

कहलगांव (बिहार)शहर के चौधरी टोला स्थित प्राचीन राधाकृष्ण ठाकुर-वाड़ी में आज से पांच दिवसीय झूलन का कार्यक्रम प्रारंभ हो गया है। यह कार्यक्रम आगामी 31 अगस्त तक चलेगा। मन्दिर के प्रबंधक सह सेवायत पण्डित बाल कृष्ण पांडेय ने बताया की आज विधिवत पूजा भोग के उपरांत भगवान राधाकृष्ण जी को झूला में बैठाया गया। इस अवसर पर भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया जिसमे चंदननाथ चौधरी अर्पित झा रंजन झा शास्वत कुमार आदि ने अपने भजन से प्रभु को रिझाया, कहलगांव शहर मे स्थित राधाकृष्ण ठाकुरबारी के सेवायत पूजारी श्री बालकृष्ण पांडे ने बताया की
झूलन यात्रा भगवान श्री कृष्ण के अनुयायियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है जो श्रावण के महीने में मनाया जाता है। यह त्योहार जुलाई-अगस्त की अवधि में आता है। यह वैष्णवों हिंदू धर्म का सबसे बड़ा और सबसे लोकप्रिय धार्मिक अवसर है। सजे-धजे झूलों, गीत और नृत्य के शानदार प्रदर्शन के लिए जाना जाने वाला, झूलन भारत में बारिश के मौसम में उत्साह के साथ मिलकर राधा कृष्ण के प्यार का जश्न मनाने वाला एक आनंदमय त्योहार है। समाजसेवी एवं विधिक सेवा प्राधिकार कहलगांव के मनीष पांडे ने बताया ने बताया की यह उत्सव का मुख्य स्थानः भारत के सभी स्थानों में से मथुरा, वृंदावन, पुरी, मायापुर झूलन यात्रा समारोह के लिए सबसे प्रसिद्ध हैं। झूलन यात्रा श्रावण (अगस्त) के महीने में, शुक्ल पक्ष (एकादशी) के ग्यारहवें दिन से लेकर पूर्णिमा के दिन (पूर्णिमा) तक मनाई जाती है, जिसे






श्रावण पूर्णिमा कहा जाता है। जो आमतौर पर रक्षाबंधन त्योहार के साथ मेल खाता है। हजारों कृष्ण भक्त दुनिया भर से पवित्र शहर मथुरा, वृंदावन, ओडिशा के पुरी और पश्चिम बंगाल के मायापुर में आते हैं। राधा और कृष्ण की मूर्तियों को वेदी से निकालकर भारी अलंकृत झूलों पर रखा जाता है,
इसी उपलक्ष्य में कहलगांव के इस राधाकृष्ण ठाकुर बारी में फूलों एवं अन्य सामग्रियों से श्री कृष्ण जी का झूलन उत्सव की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। सभी भक्तजन झूला झुलाते हैं और भगवान के प्रेम में विभोर हो जाते हैं। देखा जाए तो वृंदावन का श्री रूप-सनातन गौड़िया मठ, बांके बिहारी मंदिर और राधा-रमण मंदिर, मथुरा का द्वारकाधीश मंदिर, जगन्नाथ पुरी का गौड़िया मठ, इस्कॉन मंदिर, गोवर्धन पीठ, श्री राधाकांत मठ, श्री जगन्नाथ बल्लव मठ और मायापुर का इस्कॉन मंदिर कुछ प्रमुख हैं। जहां यह त्योहार उनकी सबसे बड़ी भव्यता के साथ मनाया जाता है। आज इस अवसर पर कहलगांव के राधाकृष्ण ठाकुरबारी में श्री पवन कुमार खेतान, मुक्तेश्वर साह, संदीप उर्फ लल्लू रूंगटा, मनोज संथालिया, कन्हैया खंडेलवाल, मुरारी खेतान, टिवरेवाल, मनीष पांडेय, अभीषेक मिश्रा, अविकाश कुमार और मनोज पाण्डेय सहित अनेक भक्तगण उपस्थित थे। मन्दिर के प्रबन्धक श्री बालकृष्ण पांडेय ने बताया की आधुनिकता के इस दौर में प्रायः झूलन तो अब खत्म ही हो गया है। कहलगांव के इक्का दुक्का मन्दिर को छोड़कर अब तो झूलन सजता भी नही है। यही एकमात्र मन्दिर है जो वर्षों से अब तक निरंतर प्रभु सेवा में यह अयोजन करता आ रहा हैं।

## विश्वकर्मा जयंती के पावन दिन में नरेंद्र मोदी के जन्मदिन होने पर भाजपा निकालेगी झांकी!

**समाज जागरण वरीय संवाददाता विष्णु कुमार**

भागलपुर (बिहार)मोहदीनगर स्थित विश्वकर्मा मंदिर परिसर में विश्वकर्मा संघ द्वारा एक बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रीतम विश्वकर्मा ने किया। सर्वप्रथम भाजपा जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर संतोष कुमार का विश्वकर्मा समाज की ओर से माला एवं मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया गया ।जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अगले महीने सितंबर में जन्मदिन आने वाला है और इस बार भी भारतीय जनता पार्टी भागलपुर इस दिन को बड़े स्तर पर मनाने की योजना बना रही है.
अगले महीने 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती पर पीएम विश्वकर्मा योजना लॉन्च की जाएगी। जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से अपने संबोधन के दौरान इस योजना के लॉन्च के तारीख की घोषणा की थी। इस योजना से पांच साल में बुनकरों, सुनारों, लोहारों,बढ़ई,धोबी,



नाव बनाने वाला, मालाकार,मूर्तिकार और नाई समेत 18 पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के 30 लाख परिवारों को फायदा होगा.
इस योजना का सीधा फायदा भागलपुर के अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) और पशमांदा समाज को मिलेगा.यही वजह है कि विश्वकर्मा योजना को जमीन और जनता तक पहुंचाने के लिए बीजेपी भागलपुर में 17 सितम्बर को सभी समाज के द्वारा जीवंत झांकी में परंपरागत काम करते हुए सभी कारीगर को देखा जाएगा। दक्षिणी क्षेत्र विश्वकर्मा मंदिर से निकलकर शहर का भ्रमण करते हुए अलीगंज होते हुए मोहदीनगर स्थित विश्कर्मा मंदिर मे समाप्त होंगी। बैठक में रंजीत शर्मा, कैलाश शर्मा, मनोहर शर्मा फंटूस शर्मा, वासुदेव शर्मा, जगदेव शर्मा उपस्थित थे।

## पुलिस द्वारा अवैध बालू के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सात ट्रैक्टर सहित चार ड्राइवर हुए गिरफ्तार

**समाज जागरण जिला ब्यूरो चीफ प्रभात कुमार मिश्रा**

भागलपुर (बिहार) हबीबपुर थाना क्षेत्र के हबीबपुर चौक के पास बालू से भरा ट्रैक्टर पुलिस से बच कर भगाने के क्रम में डॉक्टर मकसूद अहमद के क्लीनिक में घुस गया। गानीमत यह रही की घटना में कोई घायल नहीं हुआ। दरअसल सुबह लॉ एंड आर्डर डीएसपी डॉ गौरव कुमार और माइनिंग विभाग के अधिकारियों के द्वारा अवैध बालू के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा था। जिस दौरान सात ट्रैक्टरों को बालू के साथ पकड़ा गया। वही चार ड्रा-इवर भी गिरफ्तार किए गए हैं। वहीं पुलिस को देखकर एक ट्रैक्टर तेजी में भागने लगा और इसी दौरान ट्रैक्टर डॉक्टर के क्लीनिक में जा घुसा। इस-के बाद आसपास के लोगों के साथ-



साथ पीछा कर रहे पुलिस पदाधिकारी और जवान मौके पर पहुंचे और ट्रैक्टर को जप्त कर लिया है। वही लोगों का कहना है कि रोज यहां पर ट्रैक्टरों का ठहराव रहता है और अवैध बालू की बिक्री की जाती है। लेकिन पुलिस के द्वारा कार्रवाई नहीं की जाती है और आज मीनिंग और पुलिस के द्वारा कार्रवाई की गई। जिसमें ट्रैक्टर चालक के द्वारा तेजी से ट्रैक्टर भगाने का प्रयास किया। जिसमें यह घटना घटी है।

## मन की बात" एक अद्भुत पहल है, संतोष कुमार

**समाज जागरण कार्यालय प्रभारी आनंद कुमार**

भागलपुर (बिहार ) रविवार को नाथनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सबौर मंडल स्थित लोदीपुर ग्राम के बूथ नंबर 236 पर मन की बात का 104 एपिसोड को जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने सुना।



इसकी जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी ने दी।जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने मन की बात सुनकर कहा की मन की बात कार्यक्रम के जरिए हर बार एक नया अनुभव मिलता है।
यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चंद्रयान-3 सहित ॠ20, खेल जगत, स्वतंत्रता दिवस, संस्कृत भाषा की महत्वत्ता सहित भारत की विभिन्न उपलब्धियों और प्रेरणादायक तथा ज्ञानवर्द्धक बातों का उल्लेख किया।
सबौर मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा की आजादी के अमृत काल' में देश को एकात्मता के सूत्र में पिरोने की यह पावन यात्रा 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के भाव के साथ 140 करोड़ देश वासियों को जोड़ने जा रही है।
इस अवसर पर मनीष कुमार,जिला मिडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी,प्रवक्ता विनोद सिन्हा,कुमार श्रवण,पांडव कुमार निराला,शरद वाजपेयी,बूथ अध्यक्ष मिथलेश दास,भारत भूषण,नवीन,प्रकाश झा,रूबी देवी, संजय कुमार,सचिन कुशवाहा उपस्थित रहकर मन की बात सुना।

## डीएसपी से जमीन की मापी करवाने के लिए गुहार

**दैनिक समाज जागरण श्याम कुमार ठाकुर**

बिहपुरः (बिहार) नवगछिसा डीएसपी को बिहपुर प्रखंड के बिहपुर-जमालपुर पंचायत निवासी मो.ईजहार ने आवेदन देकर जमीन की मापी करवाने की गुहार लगाया है।आवेदन में ईजहार ने बताया है कि मड़वा मौजा में थाना नंबर 57,खाता नंबर 1847,खसरा3560/4297 में रकवा एक एकड़16 डिसमील जमीन है।बिहपुर अंचल अधिकारी द्वारा पैमाईश के लिए उक्त जमीन पर नापी के लिए अंचल अमीन गए।जहां मेरे विरोधी पक्ष मु.जहांगीर व उसकी पत्नी सहीमा खातून व पुत्रों द्वारा बगैर नापी कराए अंचल अमीन को भगा दिया गया।ईजहार ने आवेदन में बताया है कि इसके लिए मैंने सीओ व झंडापुर ओपी में भी जानकारी दिया।लेकिन कोई कार्रवाई नहीं किया गया।ईजहार ने डीएसपी से सरकारी अंचन अमीन द्वारा उक्त जमीन की मापी पुलिस की सुरक्षा में कराने की मांग किया है।

## दबंगों द्वारा जबरन जमीन घेराबंदी को लेकर पीड़ित युवक न्याय की गुहार लगाने पहुंचे डीआईजी कार्यालय

**समाज जागरण जिला संवादाता विवेक कुमार**

भागलपुर बिहार सरकार की स्थिति आज के समय में इस कदर जंगल राज की ओर जा रही है जहां दबंग का खौफ लोगों पर सर चढ़कर बोल रहा है, आय दिन खून खराबा डकैती जमीन विवाद बढ़ता ही जा रहा है ,एक तरफ जहां प्रश-ासन अपराधियों पर नकेल कसने के लिए कई हथकंडे अपना रहे हैं वहीं अपराधी को शायद प्रशासन का जरा भी डर नहीं, सबसे ज्यादा विवाद अगर अभी आ रहा है तो वह है जमीनी विवाद, ताजा मामला भागलपुर के इंग्लिश



चिचरोन का है जहां इस गांव के पीड़ित राजीव रंजन ने कहां की हमारे गांव के दबंगों ने हमारी ही जमीन जो मैंने 20 साल पहले खरीदी थी उसपर जबरन कब्जा कर लिया है और कुछ गुंडो की सहायता से बाउंड्री भी कर रहे हैं इसको लेकर मैं आज डीआईजी ऑफिस पहुंचा हूं साथ ही वरीय पुलिस अधीक्षक को भी यह जानकारी दिया हूं हमें उम्मीद है प्रशासन जरूर हमारी सहायता करेगी और ऐसे दबंग पर नकेल कसेगी।

## श्रवण के अंतिम सोमवारी के पूर्व संध्या पर डाक बम सहित कावरिया की सेवा में अमरपुर प्रखंड के शिक्षक गण

**समाज जागरण जिला संवाददाता लक्ष्मण पासवान**

बांका अमरपुर ( बिहार) विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के अंतिम सोमवार के पावन अवसर पर बाबा भोले की नगरी में शिवलोक धर्मशाला के पास अमरपुर प्रखंड में पदस्थापित शिक्षक दंपति सहित कई शिक्षक गण डाक बम एवं कमरियों की सेवा में शिविर लगाकर सेवा करते देखे गए ! डाक बम सहित कमरिया की सेवा में पूर्व सीआरसी राजेश कुमार साह , उनकी धर्मपत्नी पूनम कुमारी एवं प्रोन्नत मध्य विद्यालय सुरिहारी के प्रधानाध्यापक गुलाब राय , वरीय शिक्षक मानिक मिश्रा , पूर्व सीआरसी केदारनाथ शर्मा , एवं बेलहर प्रखंड में पदस्थापित शिक्षक भोला ठाकुर आदि के द्वारा डाक बम सेवा शिविर का आयोजन कर डाक बम सहित कमरिया की सेवा में निस्वार्थ भाव से सेवा की भावना से सेवक करते देखे गए ! सेवा की भावना से इस टीम के द्वारा सेवा शिविर का आयोजन कर नींबू पानी चाय थके कावरिया को स्प्रे मारकर डाक बम सहित कमरिया की सेवा किया गया ! इस टीम के द्वारा कई दिनों सेवा शिविर का आयोजन कर भोलेनाथ की राह में चलने वाले श्रद्धालुओं डाक बम सहित कावरिया की सेवा किया गया !

# नियोजन नीति की मांग को ले कर जनसैलाब उमड़ा

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवादादाता चतरा**

चतरा(झारखंड)27अगस्त 2023:- जिले के बाबा घाट मैदान में झारखंडी मुद्दों पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। यह जनसैलाब झारखंड में स्पष्ट स्थानीय और नियोजन नीति की माँग कर रही है। साथ ही यह जनसैलाब झारखंड के 81 विधानसभा और 14 लोकसभा सीटों पर स्थानीय झा-रखंडी को सांसद, विधायक बनाने के लिए लालायित है। और इस महा सभा को संजय मेहता सम्बोधित करते हुए झारखंडी मुद्दों एवं जनसमस्याओं को लेकर बदलाव संकल्प महासभा का आयोजन झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (खइडरर) के बैनर तले किया गया। यह समिति पुरे झारखण्ड में जनमुद्दों को लेकर सभाएं कर रही है और लगातार जन जागरूकता अभियान चला रही है। महासभा में झारखंड के चतरा, कोडरमा, हजारीबाग और गिरिडीह लोकसभा के कार्यकर्ता और आम लोग पहुँचे। साथ ही सभी विश्वविद्यालयों से हजारों छात्र, नौजवानों ने भाग लिया। सभी ने एक स्वर में कहा कि झारखंड एक और इंकलाब मांग रहा है। महासभा की शुरूआत से पहले झारखंड के वीर क्रांतिकारियों को याद कर नमन किया गया। जिसके बाद वक्ताओं ने अपनी-अपनी बातों को रखा।

22 सालों के बाद भी झारखण्ड शोषण मुक्त नहीं, बड़े बदलाव की है जरुरत : संजय मेहता

इस दौरान लंबे समय से झारखंडी मुद्दों पर मुखरता से अपनी आवाज बुलंद कर रहे बरही विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह सोशल एक्टिविस्ट संजय मेहता ने महासभा में उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।
संजय मेहता ने कहा कि झारखंड को एक नए बदलाव की जरूरत है। झारखंड अपने निर्माण के 22 सालों के बाद भी आज शोषण से मुक्त नहीं हुआ है। राज्य की नौकरशाही ने इस राज्य को सिर्फ लूटा है। साथ ही यहाँ के नेताओं ने भी सिर्फ अपनी तिजोरी को भरा है। संजय मेहता ने कहा कि झारखंड की स्थानीय नीति, नियोजन नीति, पुनर्वास नीति में कोई स्पष्टता नहीं है। झारखंडी की पहचान आज तक परिभाषित नहीं हो पायी है। स्थानीय नीति को झारखंडी भावनाओं के अनुरूप परिभाषित करने की जरूरत है।

**स्थानीय नीति पर क्या कहा**

संजय मेहता ने स्थानीय नीति पर कहा कि 1932 के पहले और 1964 के बाद जिला का अंतिम सर्वे का खतियान ही झारखंड की स्थानीयता का आधार होना चाहिए। जब तक खतियान को स्थानीयता का आधार नहीं बनाया जाएगा बाहरी अतिक्रमण से झारखंड को बचाना मुश्किल है। हमारी नौकरी और जमीन को लगातार संस्थागत तौर पर लूटा जा रहा है।

**नियोजन नीति का क्यों है विरोध, क्या है तर्क**

संजय मेहता ने कहा कि ज्ञात हो कि पिछली सरकार से पहले नियुक्तियों में 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान था। लेकिन, इसमें ईडब्लूएस के तहत सवर्णों का आरक्षण जुड़ जाने के बाद यह 60 प्रतिशत हो गया। ऐसे में 60 प्रतिशत सीटों पर नियुक्तियां झारखंड के आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों की होंगी। वहीं 40 प्रतिशत सीटें 'ओपन टू ऑल' है। अर्थात कोई भी आवेदन कर सकता है। इसका मतलब यह हुआ कि केवल 60 प्रतिशत आरक्षित सीटें ही ऐसी हैं, जिन पर झारखंड के ही अभ्यर्थियों की नियुक्ति होनी है। बाकी के 40 प्रतिशत सीटों पर किसी भी राज्य के युवा झारखंड में रोजगार पा सकते हैं। ऐसे में झारखंड के छात्रों की प्रतिस्पर्धा भी बढ़ जाएगी। परंतु यहाँ एक पेंच यह भी है कि झारखंड में झारखंडी होने की परिभाषा ही तय नहीं है। ऐसे में कहने को यह नीति 60 और 40 की नीति है। ऐसे में खतरा सौ प्रतिशत सीटों पर है।
गहनता से अध्ययन करने पर स्थिति और भयावह नजर आती है। झारखंड का हाल जिस तरीके से है, जिस रूप में झारखंडी लोगों के साथ छल होता आया है। कई दूसरे राज्य के निवासियों ने भी स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र बना लिया है। ऐसे में सौ प्रतिशत सीटों पर इस तरह बाहरी लोग कब्जा करने की कोशिश करेंगे। जिससे झा-रखंड के लोगों का हक मारा जाता रहेगा।

**क्या है मांग**

संजय मेहता ने कहा कि झारखंड में भी बिहार की तरह नियोजन नीति लागू हो। बिहार पुनर्गठन अधिनियम 2000 की उपधारा 85 के तहत झारखंड सरकार के पास भी यह हक है कि संयुक्त बिहार के समय का कोई भी अधिनियम, संकल्प या गजट को अंगीकृत कर सकते हैं। इसी के तहत 1982 की नियोजन नीति को अंगीकृत कर बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी नियोजन की प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए। साथ ही नियुक्ति फॉर्म भरते समय अभ्यर्थी को अपने स्थानीय प्रमाण पत्र की क्रमांक संख्या लिखनी जरूरी की जाए। इसके तहत सारी सच्चाई निकलकर सामने आ जाएगी कि अभ्यर्थी कहां का खतियानी है। साथ ही, मांग यह भी है कि जनसंख्या के अनुपात में सभी वर्गों के लिए जिला स्तर पर आरक्षण लागू किया जाना चाहिए।

**विस्थापन को लेकर भी बोले**

विस्थापन के बाद पुनर्वास की स्पष्ट नीति नहीं और कंपनियों के द्वारा जमीनों की लूट को लेकर संजय मेहता ने कहा कि इस मुद्दे पर भी सरकार को गंभीर होना होगा। यह झारखंड का एक गंभीर विषय है।

**ओबीसी को मिले 27 प्रतिशत का आरक्षण**

ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण विधेयक को राज्यपाल द्वारा वापस किए जाने पर संजय मेहता ने कहा कि राज्यपाल महोदय को भी झारखंडी जनभावनाओं पर चिंतन करना चाहिए और यहाँ की बुनियादी माँगों पर कानून बनाने में सहयोग करना चाहिए।

**चतरा की समस्याओं को रखा**

संजय मेहता ने चतरा की समस्याओं को रखते हुए कहा कि देवरी - डुमरी फील्ड फायरिंग रेंज के अवधि विस्तार को लेकर ग्रामीणों में रोष है। इस अधिसूचना को वापस लिया जाए।

# राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच शाखा फारबिसगंज ने अयोजित किया साइकिल रेस

**कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी एवं विशिष्ट अतिथि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी व गणयमान्यों ने साइकिल चलाकर किया**

**साइकिल रेस में प्रथम स्थान पर मो. जावेद, द्वितीय पर बबलू कुमार एवं तृतीय स्थान पर रहे राहुल कुमार**

**फारबिसगंज /डा. रूद्र किंकर वर्मा।**

अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच शाखा फारबिसगंज के अध्यक्ष सीए निशांत गोयल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में शहर में साइकिल रेस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी फारबिसगंज सुरेन्द्र कुमार अलबेला एवं विशिष्ट अतिथि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खूसरू सिराज के द्वारा समाज के गणमान्य नागरिकों के द्वारा संयुक्त रूप से साइकिल चलाकर किया गया। साइकिल रेस शुरू होने से पूर्व अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की सदस्यों द्वारा सभी आगंतुकों एवं प्रतिभागियों को तिलक लगाकर एवं मुँह मीठा करवाकर शुभकामनाएँ दी गयी।



साइकिल रैली प्रातः 7 बजे हवाई फील्ड से शुरू होकर गोढ़ियारे चौक, दिनदयाल चौक, एस के रोड, राजेंद्र चौक, श्री लक्ष्मी नारायण मारवाड़ी ठाकुरवाड़ी पथ होते हुए स्टेशन चौक, पटेल चौक एवं आदर्श थाना से आगे कटहरा स्कूल में समाप्त हुई। एसडीएम एवं एसडीपीओ के द्वारा साइकिल चलाकर अंत तक बच्चों का हौसला अफजाई किए जाने से बच्चों में काफी खुशी एवं उत्साह नजर आया।

कटहरा विद्यालय पहुँचने के उपरांत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें तमाम विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए तमाम प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया गया। मौके पर एसडीएम श्री अलबेला ने कहा कि युवाओं का जोश व उत्साह इस बात का सबूत है कि युवा चीजों को सकारात्मक दिशा में परिवर्तित करने का हौंसला रखते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं के हौंसले को बढ़ाना समाज के प्रबुद्धजनों का दायित्व है एवं इसे हम सभी को मिलकर अच्छे से निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरीके का कार्यक्रम शहर में अनवरत होते रहना चाहिए ताकि एक नई ऊर्जा का संचार समाज में होते रहे। मौके पर एसडीपीओ श्री सिराज ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा जो पहल की गयी है वह सराहनीय है एवं इसे लगातार करने से और भी बेहतर परिणाम समाज में देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर इससे अच्छा और कुछ हो नहीं सकता कि युवा शक्ति आगे आकर समाज को नई दिशा में ले जाने का काम कर रही है। मौके पर अध्यक्ष श्री गोयल ने कहा कि समाज के सहयोग से कार्यक्रम सफल हो पाया और आगे भी इस तरीके का प्रयास जारी रहेगा ताकि समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके और लोगों को फि ट रहने के लिए जागरूक किया जाएगा। सचिव कुणाल केडिया ने प्रतिभागियों का हौंसला बढ़ाते हुए निरंतर प्रयास करते रहने की बात कही। साइकिल एसोसीएसन पूर्णिया के सचिव विजय सिंह ने कहा कि साइकिल चलाना एक ऐसा नशा है जिसके सेवन से शरीर पर अच्छा प्रभाव पड़ता है और इंसान हमेशा मजबूती के साथ अपने कर्तव्यपथ पर अग्रसर हो पाता है। साइकिल रेस में प्रथम स्थान मो जावेद, द्वितीय पर बबलू कुमार एवं तृतीय स्थान पर राहुल कुमार ने कब्जा जमाया। प्रथम आए प्रतिभागी को साइकिल एवं ट्रॉफी दूसरे पर आए प्रतिभागी को स्मार्ट वॉच एवं ट्रॉफी व तीसरे स्थान पर आए प्रतिभागी को वायरलेस ईरपोड एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

मौके पर नगर पालिका की पूर्व मुख्य पार्षद सुनीता जैन, अंचल पदाधिकारी संजीव कुमार, बिहार प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नगर अध्यक्ष बच्छराज राखेचा, अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष जयकुमार अग्रवाल, समाजसेवी मूलचंद गोलछा, सुभाष अग्रवाल, अजातशत्रु अग्रवाल, पूनम पांडिया, पंकज रंजित, रामप्रकाश प्रसाद, तमाल सेन, अभिषेक नीरज, अनिल अग्रवाल, हरीश गोयल, सुमित अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, मारवाड़ी महिला सम्मेलन की सचिव अंजु गोयल, कोमल गोयल, नीतू अग्रवाल, एकता गोयल, सीए प्रीति अग्रवाल, सुनीता बाँयवाला, कृष्णा गोयल, शमसाद अंसारी, राकेश रौशन, राशिद जुनैद, रामकुमार भगत व अन्य अतिथिगण मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में मंच के कोषाध्यक्ष गौरव लुनिया के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन करते हुए अनुमंडल प्रशासन के सहयोग एवं प्रतिभागियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए थानाध्यक्ष आफताब अहमद के द्वारा दल बल की प्रतिनियुक्ति किए जाने एवं अनुमंडल अस्पताल फारबिसगंज की उपाधीक्षक रेशमा अली के द्वारा एमबूलेंस मुहैया कराने की सराहना की जिसके उपरांत विद्यालय परिसर में विद्यालय के प्राचार्य राजीव मिश्रा की अगुवाई में वृक्षारोपण भी किया गया। मंच संचालन आदर्श गोयल के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संरक्षक अमित गोयल, अध्यक्ष निशांत गोयल, पूर्व अध्यक्ष ई आयुष अग्रवाल, सचिव कुणाल केडिया, कोषाध्यक्ष गौरव जैन, इवेंट कोऑर्डिनेटर विशाल गोलछा, आदर्श गोयल, प्रमोद केडिया, ऋषव अग्रवाल, शुभम फिटकिरिवाला, हर्ष बैद, सौरव अग्रवाल, अमन अग्रवाल, अमन धनावत, ऋषव सेठिया, रौशन सेठिया, अमित गौतम, प्रथम अग्रवाल, सीए नितेश अग्रवाल, ई. आयुष अग्रवाल, अभिषेक लोहिया, सीए अंकित अग्रवाल, यश जैन, मयंक अग्रवाल, विपुल छाजेड, राहुल धनावत, आनंद ड़ोकानिया व अन्य दर्जनों सदस्य की भूमिका सराहनीय रही।

# कुसार्कांटा के ज्योति ज्वेलर्स दुकान में लाखों की चोरी।

**कुसार्कांटा ।**

कुसार्कांटा थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार टेंपो स्टैंड के समीप शनिवार की रात चोरों ज्योति ज्वेलर्स दुकान की दीवार में सेंधमारी कर नगद समेत 1 लाख के जेवरात की चोरी कर ली इससे व्यवसायों में हड़कंप मच गया है रविवार की सुबह दुकानदार जब दुकान खोलकर अंदर पहुंच कर देखा की दुकान के अंदर जेवर रखने वाला छोटा-छोटा बैग इधर-उधर बिखरा पड़ा है चारों तरफ शीशे टूटे पड़े हैं उसके बाद दुकानदार के पैरों तले जमीन सिसकने लगी दुकानदार विक्की सोनी ने बताया कि दुकान के पीछे के हिस्से से चोरों ने दीवार में सेंधमारी कर अंदर प्रवेश किया नगद समेत सारे छोटे छोटे जेबरात और जेवरात बनाने वाले मशीन की चोरी कर ली चोरों के द्वारा जेवर से भरे तिजोरी को तोड़ने का प्रयास किया गया लेकिन असफल रहे। दुकान में सजा कर रखे सारे जेवरात व नगदी की चोरी कर ली चोरी की घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों व व्यवसाय की भीड़ जमा हो गई व्यवसाईयों में पुलिस के प्रति आक्रोश देखा जा रहा है घटना की जानकारी मिलते ही कुसार्कांटा थाना अध्यक्ष विमल कुमार मंडल पुलिस बल के साथ दुकान पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है



वहीं दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज में चोरों का चेहरा साफ दिख रहा है।

# जल जमाव की समस्या से परेशान लोगों ने किया सड़क जाम 2 घंटे यातायात रही बाधित।

**कुसार्कांटा**

कुसार्कांटा में पिछले 48 घंटों से रुक-रुक कर हो रही भारी बारिश से कई गांव, मोहल्लों में जलजमाव हो गया है. इस बीच पौहसी पंचायत के वार्ड संख्या 14 के लोगों ने रविवार को जलजमाव की समस्या से परेशान होकर अररिया सिकटी मुख्य सड़क को जाम कर दिया. और मुखिया के खिलाफ लोगों ने जमकर नारेबाजी की. लोगों का आरोप है कि पंचायत के द्वारा 10 वर्ष पुर्व नाला बनाया गया लेकिन नाले में ढक्कन नहीं होने के कारण लोगों ने उसमें मिट्टी भर दिया जिसकी वजह से नाला जाम हो गया। और जलजमाव की समस्या होने लगी है लोगों के घरों में पानी घुस गया है लोग घर छोड़कर दूसरे जगह में रहने को मजबूर हैं इधर सड़क जाम और हंगामा की खबर पर कुआडी. ओपी पुलिस अध्यक्ष रोशन सिंह सदलबल घटना स्थल पर पहुंचकर लोगों को समझा बुझाकर जाम को हटवाया और दो दिनों के अंदर जल निकासी करवाने की आश्वासन दिया। कई लोगों ने बताया कि यह समस्या कई वर्षों से है लेकिन इन पर ना तो जनप्रतिनिधि और ना ही प्रखंड में बैठे पदाधिकारी का नजर जाता है हर साल हमें मजबूर होकर सड़क जाम करना पड़ता है। प्रदर्शनकारी में राजेंद्र पासवान, ब्रह्मलाल शाह, छोटू पासवान, पवन लाल शाह, मुन्नी मियां , रजक मियां, ताज्बुल मियां, बंदे लाल साह, सरजूग शाह एवं ग्रामीण शामिल रहे।



# भरगामाः खेल के मैदान में कचरा भवन बनाने को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी

**बिना ग्रामीणों की सहमति से अंचल पदाधिकारी भरगामा द्वारा पश्चिमी भाग से पंचायत सरकार भवन एवं चिकित्सालय भवन बनवाने हेतु पूर्व में ही दिया गया एनओसी**

**अररिया।**

जिले के भरगामा प्रखंड के धनेश्वरी पंचायत स्थित वार्ड संख्या 09 में खेल के मैदान के नाम पर दर्ज खाता संख्या 490,खेसरा 253 4 एकड़ 20 डिसमिल जमीन को बिना ग्रामीणों की सहमति से अंचल पदाधिकारी भरगामा द्वारा पश्चिमी भाग से पंचायत सरकार भवन एवं चिकित्सालय भवन बनवाने हेतु पूर्व में ही एनओसी दिया जा चुका है और अब पुनः सड़क साइड से आगे कचरा भवन बनवाने का भी एनओसी निर्गत किया गया है। जिसका कायार्देश भी निर्गत हो गया है। जब ग्रामीणों को इस आशय की जानकारी प्राप्त हुई तब ग्रामीणों ने लिखित आवेदन बनाकर जिला पार्षद सदस्य नीलम देवी को दिया। साथ ही जिला पदाधिकारी अररिया एवं उप विकास आयुक्त अररिया को भी लिखित आवेदन दिया गया। जिला पदाधिकारी अररिया द्वारा यह जांच प्रखंड विकास पदाधिकारी भरगामा को दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी भरगामा द्वारा आवेदन कर्ता को सूचित किए बिना वस्तु स्थिति को समझे बिना रिपोर्ट भेज दिया गया। जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। जिला परिषद सदस्य नीलम देवी ने बताई की भरगामा प्रखंड अंतर्गत एकमात्र खेल का मैदान धनेश्वरी पंचायत में स्थित है। जहां पर छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीण युवाओं का खेलकूद का साधन है। जहां प्रतिनिधित्व सैकड़ो छात्र-छात्र व युवा खेलकूद करते हैं। जिस पर चिकित्सालय कचरा भवन बनने के बाद युवा एवं छात्र-छात्रा खेलकूद से वंचित रह जायेग

# जिला परिषद सभागार अररिया में सामाजिक न्याय समिति की अध्यक्ष रुपम कुमारी की अध्यक्षता में हुई बैठक

आंगनबाड़ी केंद्रों से सेविका से अवैध रूप से लिये जा रहे प्रति माह के बिल पर 3000 रूपए का मुद्दा छाया रहा

अररिया।

जिला परिषद सभागार अररिया में सामाजिक न्याय समिति की बैठक माननीया अध्यक्ष महोदया श्रीमती रुपम कुमारी जी के अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य कमजोर वर्गों के वर्गों के शैक्षणिक,आर्थिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास पर चर्चा की गई। इस दौरान सामाजिक न्याय समिति के सचिव जिला कल्याण पदाधिकारी ने विगत माह में हुए बैठक के अनुपालन के बारे में जानकारी दिए साथ ही कल्याण विभाग के संबंधित अन्य कई जानकारियां दिये। आईसीडीएस डीपीओ ने आगनंबाड़ी केंद्र में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दिए।



शिक्षा विभाग के डीपीओ ने पूरे जिला में अनुसूचित जाति/जनजाति एवं पिछड़ा/ अतिपिछड़ा को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दिए। सहायक निदेश सामाजिक सुरक्षा कोषांग ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के बारे में जानकारी दिये। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों से अवैध रूप से लिये जा रहे 3000 रूपए का भी मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। इसके साथ ही अध्यक्ष महोदया ने प्रत्येक प्रखंड में आगनंबाड़ी को निरीक्षण करने हेतु एक जाँच कमिटी गठित करने का आदेश दिए। जिला में अवस्थित महादलित छात्रावास एवं पिछड़ा/अतिपिछड़ा छात्रवास को भी एक कमिटी गठित कर जाँच करने का आदेश दिए। इस बैठक में विभाग के सचिव जिला कल्याण पदाधिकारी,आइसीडीएस डीपीओ, सभी सीडीपीओ, सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, जिला सहायक निदेशक बाल सरंक्षण,डीपीओ शिक्षा विभाग,अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री अजीत कुमार झा,श्री अविनाश मंगलम,मोहम्मद नोमान,मोहम्मद फैसल जावेद यासीन,श्री राजकुमार साह,जिला कल्याण प्रधान लिपिक श्री अशोक कुमार दास एवं मीडिया कर्मीगण मौजूद थे।

# यूभीके कॉलेज कड़ामा में नैक पीयर टीम के आगमन को लेकर तैयारी पूरी, महाविद्यालय का निरीक्षण आज

**पुरैनी।**भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा क्षेत्र अंतर्गत यूभीके कॉलेज कड़ामा पहला ऐसा महाविद्यालय है जिसकी नैक पीयर टीम के द्वारा दूसरी चक्र में जांच की जा रही है इसको लेकर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य सहित तमाम शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारी पूरी तरह से उत्साहित है।



विदित हो कि आज नैक की टीम जांच करने के लिए यूभीके कॉलेज पहुंचेगी इस टीम में चेयरपर्सन के रूप में शंकराचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय केरल के कुलपति डॉक्टर धर्मराजन पीके वहीं मेंबर कोऑर्डिनेटर के रूप में गोवा विश्वविद्यालय के डिपामेंट आफ जूलॉजी से डॉक्टर राम बल्लभ राय एवं महाराष्ट्र के एलआरटी कॉलेज ऑफ कॉमर्स के प्राचार्य डॉक्टर श्री प्रभु छापके सदस्य के रूप में मौजूद रहेंगे।

नैक पीयर टीम के आगमन को लेकर महाविद्यालय परिसर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है, सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर तैयारी भी पूरी कर ली गई है वहीं टीम के स्वागत को लेकर जिला के कई बड़े अधिकारियों के मौजूद रहने की भी संभावना है। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर माधवेंद्र झा ने बताया नैक का दूसरी बार एफिएशन प्राप्त करने के लिए हमने सभी अर्हता को पूरी कर ली है ऐसे में हम लोग अति सौभाग्यशाली हैं कि नैक की टीम महाविद्यालय ग्रेडिंग देने के लिए पहुंच रही है।

हम लोगों को आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि इस बार हम लोग अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए पूरे विश्वविद्यालय का नाम रौशन करेंगे।

# महिला उद्यमी – गाय पालन कर आशा ने बदली परिवार की तकदीर

सिकटी।

सिकटी प्रखंड के भिड़भिड़ी पंचायत के लाटखरीद गांव की रहने वाली आशा देवी अब महिला उद्मी के रूप में प्रसिद्ध हैं। इनकी पहचान अब ऐसी महिला के रूप में हो गयी है जो समाज के लिए मिसाल है। लोग इनका उदाहरण देकर दूसरी महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। ऐसा नहीं है कि ये शोहरत इन्हें आसानी से मिली है। इसके लिए इन्हें काफी मेहनत करनी पड़ी है। मेहनत भी काफी सालों की। आशा इंटर पास हैं। स्नातक में पढ़ाई कर रही थीं उसी वक्त इनकी शादी हो गई जिसकी वजह से इनकी पढ़ाई पूरी नहीं हो पाई। ससुराल आने के बाद घर की जिम्मेदारियों में बंध कर रह गईं। पति भी बीएड की पढ़ाई करने के बाद नौकरी की तलाश में लगे रहे। जब नौकरी मिलने में देर होने लगी तो इन्होंने भी खुद का व्यवसाय करना बेहतर समझा। आशा जीविका के स्वयं सहायता समूह से 2015 में जुड़ी थी। उसी वक्त से वह समूह की बैठकों में हिस्सा लिया करती थीं। जहां पंचसूत्रा का पालन करती थी। वहीं से बचत करने की आदत भी पड़ी। कोरोना काल के विषय परिस्थिति में आशा ने समूह से 40 हजार रुपये लोन लेकर गाय खरीदा। पति-पत्नी दोनों ने मिलकर गाय पालने में काफी मेहनत की। दूध बेचकर पैसा जमा करना शुरू किया। कुछ ही दिनों में समूह के पैसों को चुकाकर इन्होंने से दुबारा 40 हजार रुपये ऋण लिया। इन पैसों से इन्होंने दूसरी गाय खरीद ली। इसीतरह इस लोन को भी चुकाकर इन्होंने तीसरी बाद ऋण के लिए आवेदन किया। समूह से तीसरी बाद ऋण लेकर इन्होंने तीसरी गाय की खरीद की। आज इनके पास 5 गायें हैं। गाय के अलावा इनके पास 7 बकरियां भी हैं। जिनको पाल कर आशा अपने परिवार का भरण-पोषण बेहतर ढंग से कर रही हैं। इनके परिवार में खुशहाली आई है। दूध की बिक्री कर वो पैसे भी जमा करने लगी हैं। जिसकी वजह से आर्थिक मजबूती के साथ-साथ सामाजिक स्तर पर भी इनकी अलग पहचान बनी है। परिवार में पति-पत्नी के अलावा एक लड़की और दो लड़के हैं। लड़की नौवीं में जबकि बड़ा लड़का चैथी और छोटा लड़का दूसरी क्लास में पढ़ाई करता है। पति-पत्नी दोनों मिलकर मेहनत कर रहे हैं। जिससे परिवार में खुशहाली आई है। आशा का कहना है कि इसीतरह अगर उन्हें जीविका से मदद मिलती रही तो वह आने वाले दिनों में दूध का बड़े स्तर पर व्यवसाय करना चाहती हैं। इसके लिए वो प्रयासरत भी हैं।



# भव्य कलश यात्रा ने अररिया में बढ़ई लोगों में धार्मिक उत्सव की उमंग

**अररिया ।**

अररिया जिले में भगवान शिव के प्रति श्रद्धालुओं की उमंग बढ़ाने के लिए एक भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया है। इस कलश यात्रा ने नागरिकों के द धार्मिक उत्सव की उमंग को बढ़ावा दिया है।



कलश यात्रा का पहला चरण "शिव मंदिर निर्माण" कार्य के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें वरीय समाजसेवी संजय मिश्रा भी सहभागी रहे। उन्होंने इस यात्रा में अपने योगदान से निर्माण कार्य को समृद्धि दिलाई।

यात्रा के तीसरे चरण में, "हर हर महादेव" की ध्वनि से शहर में एक अद्वितीय माहौल बना। यह धार्मिक उत्सव नगर के लोगों के आत्मशांति का बोध कराया।

अंतिम चरण में, "पानी टंकी वार्ड 7" से "परमान नदी" से जल भरने के लिए एक यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालु भाग लिए। इससे नगर में परमान नदी के प्रति समर्पण को दिखाया गया।

इस पूरे उत्सव ने नगर के लोगों में एक उत्कृष्ट आत्मबल और सामाजिक सहयोग की भावना को मजबूती से बढ़ाया है। धार्मिक उत्सवों के माध्यम से समाज के आदर्श और संकीर्तन को मजबूत करने के लिए यह कदम एक महत्वपूर्ण दिशा है।

# सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा विभिन्न योजनाओं का निष्पादन ऑन-द-स्पॉट किया जाएगा- अजीत झा

**कुसार्कांटा ।**

सामाजिक सुरक्षा कोषांग और दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग द्वारा संचालित सभी योजनाओं के तहत होने वाली शिकायतों के निष्पादन के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है। ज़िला परिषद् प्रतिनिधि अजीत झा ने बताया इस शिविर का आयोजन दिनांक 29 अगस्त 2023 को प्रातः 10:00 बजे काली मंदिर के परिसर में किया जाएगा।

इस दिवसीय शिविर में समय पर पहुँचकर सामाजिक सुरक्षा और दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग के कर्मियों द्वारा संचालित सभी योजनाओं से संबंधित प्राप्त शिकायतों को ऑन-द-स्पॉट निष्पादित किया जाएगा। इसमें श्री वारीश आलम, लिपिक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, अररिया का प्रमुख भूमिका निभाएंगे।



यह शिविर समय पर पहुँचने और समय पर उपस्थित होने के लिए सभी योजनाओं के उपयुक्त प्रतिनिधियों के लिए एक अवसर होगा।

युवा नेता अजीत झा ने कहा सभी नागरिकों से आग्रह है कि वे इस दिवसीय शिविर में सक्रिय रूप से भाग लें और अपनी शिकायतों को संबंधित प्राधिकृत प्राधिकरणों तक पहुँचाएं।इस एक दिवसीय शिविर के आयोजन के लिए श्री राजीव रंजन प्रसाद सिंह, ळरए, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, अररिया श्री जितेन्द्र कुमार, कार्यपालक सहायक, प्रखण्ड कार्यालय, कुसर्कांटा श्री निशु कुमार, कार्यपालक सहायक, प्रखण्ड कार्यालय, पलासी कार्यभार दे दिया गया है।

# मन की बातः पीएम ने कहा कि भारत ने साबित कर दिया है कि संकल्प के सुरज चांद पर भी उगते है मिशन चंद्रयान नये भारत के उस भावना का प्रतीक है

फारबिसगंज ।

मन की बात के जरिये प्रधानमंत्री का समाज के साथ संवाद भारतवासियों के सामूहिक शक्ति का जागरण करता है उक्त बातें भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने युवा मोर्चा जिला मंत्री करण सिंह के अगुवाई में प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात के 104वें कड़ी को बूथ संख्या 153 पर भाजयुमो कार्यकताओं संग टीभी पर अवलोकन व श्रवण कर उनके विचारों को अंगीकार करने का संकल्प लेने के उपरांत कही।प्रदेश उपाध्यक्ष श्री कुमार ने पीएम के संबोधन की खास बातों का उल्लेख करते हुए कहा की पीएम ने मिशन चंद्रयान की सफलता आगामी जी20 शिखर सम्मेलन, खिलाड़ियों के उत्कृष्ट व सराहनीय प्रदर्शन,मातृभाषा का महत्व, संस्कृत भाषा,देश के जीवंत डेयरी सेक्टर,मेरी माटी मेरा देश एवं हर घर तिरंगा अभियान समेत कई अन्य विषयों पर बात करते हुए उन्होंने चंद्रयान3 मिशन के उल्लेखनीय सफलता पर इसरो के वैज्ञानिकों की सराहना की और कहा कि भारत ने साबित कर दिया है कि संकल्प के सुरज चांद पर भी उगते है मिशन चंद्रयान नये भारत के उस भावना का प्रतीक है जो हर हाल में जितना चाहता है और जितना जानता है।प्रदेश उपाध्यक्ष श्री कुमार बताया कि पीएम ने कहा कि भारत ने जी 20 को अधिक इनक्लूसिव मंच बनाया जिसके कारण पिछले एक वर्ष के दौरान 1.5 करोड़ लोग इससे सीधे जुड़े उन्होंने देश वासियों से जी20 सम्मेलन को सफल बनाने में सहयोग कर देश का मान बढ़ाने का जहां आह्वान वही हर घर तिरंगा अभियान के तहत 1.5 करोड़ तिरंगा के रिकार्ड बिक्री और पीछले वर्ष की तुलना में दोगुने यथा10करोड़ लोगों द्वारा तिरंगे के साथ सेल्फी पोस्ट करने की जानकारी दी।अपने संबोधन में पीएम ने मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत सितंबर माह में शहीद जवानों और बहादुर सेनानियों के याद में दिल्ली में बनने वाले अमृत वाटिका हेतु हर गांव में चलने वाले मिट्टी संग्रह अभियान को सफल बनाने का भी अपील किया। वही इस मौके पर भाजयूमो जिला उपाध्यक्ष संदीप कुमार, जिला मंत्री करण सिंह नगर मंत्री सत्यप्रकाश, प्रिंस जयसवाल,सौरभ सिंह पवन शर्मा आदि ने बताया कि पीएम नेरक्षा बंधन की शुभकामनाएं देते हुए पर्व और त्योहार के समय हमें लोकल फॉर वोकल को याद रखते हुए आत्म निर्भर भारत अभियान को बढ़ाने तथा अपने आस्था स्थलों और उसके आसपास स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने की बात कह



# पलासी पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पिस्टल लहराने का वीडियो वायरल मामले में युवक को किया गिरफ्तार

पलासी।

पलासी थाना पुलिस द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पिस्टल लहराने का वीडियो वायरल मामले में कार्रवाई करते हुए पिस्टल लहराने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार युवक का नाम अक्षय कुमार मंडल, पिता- राधेश्याम मंडल, ग्राम सहदपुर, थाना पलासी, जिला अररिया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों से गिरफ्तार युवक का पिस्टल लहराने का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (facebook / twiter / whatsapp पर वायरल हो रहा था। इसकी सूचना प्राप्त होने पर पलासी थाना पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई है।




पलासी थाना अंतर्गत उक्त संबंध में कांड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# कुसार्कांटा के ज्योति ज्वेलर्स दुकान में लाखों की चोरी।

**कुसार्कांटा ।**

कुसार्कांटा थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार टेंपो स्टैंड के समीप शनिवार की रात चोरों ज्योति ज्वेलर्स दुकान की दीवार में सेंधमारी कर नगद समेत 1 लाख के जेवरात की चोरी कर ली इससे व्यवसायों में हड़कंप मच गया है रविवार की सुबह दुकानदार जब दुकान खोलकर अंदर पहुंच कर देखा की दुकान के अंदर जेवर रखने वाला छोटा-छोटा बैग इधर-उधर बिखरा पड़ा है चारों




तरफ शीशे टूटे पड़े हैं उसके बाद दुकानदार के पैरों तले जमीन सिसकने लगी दुकानदार विक्की सोनी ने बताया कि दुकान के पीछे के हिस्से से चोरों ने दीवार में सेंधमारी कर अंदर प्रवेश किया नगद समेत सारे छोटे छोटे जेबरात और जेवरात बनाने वाले मशीन की चोरी कर ली चोरों के द्वारा जेवर से भरे तिजोरी को तोड़ने का प्रयास किया गया लेकिन असफल रहे। दुकान में सजा कर रखे सारे जेवरात व नगदी की चोरी कर ली चोरी की घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों व व्यवसाय की भीड़ जमा हो गई व्यवसाईयों में पुलिस के प्रति आक्रोश देखा जा रहा है घटना की जानकारी मिलते ही कुसार्कांटा थाना अध्यक्ष विमल कुमार मंडल पुलिस बल के साथ दुकान पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है वहीं दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज में चोरों का चेहरा साफ दिख रहा है।

# भारतीय ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की विचार गोष्ठी व संम्मान समारोह

-कोरंटाडीह डाकबंगला में आयोजन

-बतौर अतिथि सांसद, बीएसए, क्षेत्राधिकारी संग सेनानी रामविचार पांडेय का सहभाग

-समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अतुलनीय भूमिका निभाने वाले एक दर्जन विशिष्ट जनों का सम्मान

बलिया : नवगठित भारतीय ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की जिला इकाई द्वारा विचार गोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को कोरंटाडीह डाकबंगला परिसर में किया गया। आयोजन में सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अशोक मिश्र और सेनानी पं. रामविचार पांडेय ने बतौर अतिथि सहभाग किया। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले एक दर्जन विशिष्ट जनों को एसोसिएशन ने सम्मानित भी किया।

कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण से हुआ। संगठन के पदाधिकारियों ने अतिथियों का माल्यार्पण किया। विचार गोष्ठी के चयनित विषय ग्राम्य संस्कृति के संरक्षण में पत्रकारिता की भूमिका पर वक्ताओं ने विस्तार से प्रकाश डाला। समारोह को सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त,



बीएसए मनीष सिंह, सीओ सदर अशोक मिश्र, सेनानी रामविचार पांडेय, डा. जनार्दन राय, डा. अखिलेश राय, शिव दयाल पांडेय, अभय द्विवेदी, डा, सुभाष सिंह, शशिकांत मिश्र ने संबंधित किया। कार्यक्रम में केके पाठक, दिग्विजय सिंह, वीरेंद्र मोहन तिवारी, पुष्पेंद्र तिवारी, डा. अखिलेश राय, भाजपा नेता वंश नारायण राय, कुबेर तिवारी, विश्वंभर प्रसाद नीरज राय आदि की सहभागिता रही। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र नाथ सिंह और संचालन जिला महासचिव शशिकांत ओझा ने किया। सभी के प्रति आभार कार्यक्रम संयोजक रविकांत उपाध्याय ने व्यक्त किया।

### इन विशिष्ट जनों को किया गया सम्मानित

-साहित्यकार डा. जनार्दन राय
-लोकतंत्र सेनानी द्विजेन्द्र नाथ मिश्र
-प्रधानाचार्य शशि प्रेमदेव
-चिकित्सक डा. अभिषेक गुप्त
-चिकित्सक डा. सुभाष चंद्र सिंह
-पुरातत्व विद शिवकुमार कौशिकेय,
-राष्ट्रीय खिलाड़ी अक्षय कुमार राय
-किसान बूचन राय और धीरेंद्र राय
-सामाजिक कार्यकर्ता भानु प्रकाश सिंह
-सामाजिक कार्यकर्ता आनंद सिंह

# भाई बहन के प्रेम का पवित्र बंधन है रक्षाबंधन : राजयोगिनी बीके पुष्पा

-प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बैरिया शाखा में आयोजन

**अनिल सिंह, समाज जागरण**

बैरिया (बलिया) : प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा बैरिया के प्रभु दर्शन भवन में रविवार को रक्षाबंधन का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ एक उत्सव के रूप में मनाया गया। ब्रह्माकुमारी संस्थान शाखा बैरिया की प्रमुख प्रभारी राजयोगिनी बीके पुष्पा दीदी ने रक्षाबंधन के आध्यात्मिक रहस्य को विस्तार से बताते हुए कहा की इस संसार में परमपिता परमात्मा शिव ही सबका रक्षक है।

जैसे भगवान श्री कृष्ण ने द्रोपदी की चीर हरण से लाज बचाई। उसी तरह आज संगम युग में सभी बहने द्रोपती की तरह ही अपने अस्मत को बचाने के लिए भगवान श्री कृष्ण को पुकार रही है और भगवान परमपिता परमात्मा हम सभी बच्चों की रक्षा कर रहे हैं। यह भाई बहन का प्रेम हमें यह संदेश देता है कि हम अपने आध्यात्मिक ज्ञान व राजयोग से पूरे संकल्प के साथ सभी भाइयों को सभी बहनों की हर तरह से रक्षा करना उनका दायित्व और जिम्मेदारी समझे। राजयोगिनी बीके समता दीदी ने कहा आज के बदलते परिवेश में रक्षाबंधन के पवित्र त्यौहार पर सभी भाइयों को बहन की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए। आज समाज में बढ़ रही कुरीतियों के कारण बहनों को सबसे ज्यादा खतरा भाइयों से ही है आए दिन सड़कों पर बाजारों में बहनों की इज्जत तार तार हो रही है। बहनों की रक्षा के लिए अगर सभी भाई संकल्पित हो तो फिर बहनों को डरने की क्या जरूरत है। आज हर घर के माता-पिता अपनी पुत्री को कहीं भी अकेले नहीं जाने देना चाहते क्योंकि उन्हें यह डर सताता है कि कहीं कुछ हो ना जाए। सड़कों पर चलने वाली सभी लड़कियां, माताएं किसी न किसी की बहन हैं। इसलिए जरूरी है हर एक व्यक्ति का मन पवित्र हो विचार और चरित्र शुद्ध हो तब जाकर हमारे नए और सशक्त भारत का निर्माण होगा। राजयोगी बीके अजय भाई ने संस्था का संक्षिप्त परिचय बताते हुए आए हुए सभी भाई बहनों का आभार प्रकट किया। राजयोगिनी पुष्पा दीदी व समता दीदी ने सभी के हाथों की कलाइयों पर रक्षा सूत्र बांधते हुए सभी को सम्मानित किया और ईश्वरीय सौगात दिया।



इस दौरान मौके पर मौजूद सभी लोगों ने संकल्प लिया कि हम अपने जीवन में सारी बुराइयों को छोड़कर लोगों के सहयोग और सेवा करेंगे। इस दौरान ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला इकाई बलिया के अध्यक्ष सुधीर सिंह, गुप्तेश्वर पाठक , मुन्ना पाठक , नित्यानंद सिंह ,संस्था के मीडिया प्रभारी बीके अनिल सिंह , शशि सिंह ,डॉ शंकर दयाल भाई सूर्यकांत, सुरेश, सुमित, कुमारी अंकित सिंह सहित सैकड़ो स्थानीय भाई बहन मौजूद रहे।

## मनाई गई भारत रत्न मदर टेरेसा की जयंती

**अमित सिंह, समाज जागरण**

रामगढ़ (बलिया) : मदर टेरेसा कॉन्वेंट स्कूल पचरुखिया में अंतरराष्ट्रीय शांति नोबेल पुरस्कार एवं भारत रत्न मदर टेरेसा की जयंती मनाई गई। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिक्षक व विद्यार्थी ने मदर टेरेसा के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।



प्रबंधक प्रेम किशोर व प्रधानाचार्य सैकत घोष ने मदर टेरेसा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नोबेल शांति पुरस्कार एवं भारत रत्न मदर टेरेसा समाज को नई दिशा देने वाली और गरीबों, अनाथों, असहायों के दुख-दर्द के लिए जीने वाली प्रेम, दया, करुणा की प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने बचपन से ही गरीबी का दौर देखा था। शिक्षा प्राप्त करते हुए 12 वर्ष की आयु में उन्होंने संकल्प लिया कि वह अपना जीवन दूसरों की सेवा में लगाएंगी। रमेश सिंह ने बताया कि 18 वर्ष की आयु में सिस्ट ऑफ लोरेटो में शामिल हुई। एक बार वह भारत घूमने आई और उनके मन में भारत के गरीबों को देखकर सेवा का भाव उभरा. इसके बाद वह कोलकाता आ गई और लोगों की सेवा करने लगी। 1948 में उन्हें भारत की नागरिकता मिली। 1950 में उन्होंने कोलकाता में मिशनरीज ऑफ चैरिटी की स्थापना की। 1962 में भारत ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया और 1979 में मानव कल्याण कार्य हेतु उन्हें अंतरराष्ट्रीय नोबेल शांति पुरस्कार से नवाजा गया। इस मौके पर आकाश सिंह, अरविंद वर्मा, अविनाश शर्मा, राजेश राणा, सृष्टि ओझा, अजीत शंकर सिंह आदि मौजूद थे।

## मौखिक परीक्षा 30 अगस्त को

**समाज जागरण**

रामगढ़ (बलिया) : स्वर्गीय बलराम सिंह स्मारक महाविद्यालय दीघारगढ़ के प्रबंध समिति के सदस्य डॉक्टर श्रीप्रकाश पांडेय ने बताया कि बीए भाग 2 चतुर्थ सेमेस्टर समाजशास्त्र विषय की मौखिक / प्रायोगिक परीक्षा 30 अगस्त को सुबह 10:00 बजे से विद्यालय पर शुरू होगी।

सभी छात्र-छात्राएं अपनी प्रयोगिक फाइल एवं अपना आधार कार्ड लेकर समय से उपस्थित रहे। जो भी छात्र-छात्राएं समय से विद्यालय पर नहीं पहुंचते हैं। तो वे प्रयोगात्मक परीक्षा से वंचित माने जाएंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी छात्र-छात्राओं की होगी।

## सावन के पवित्र मास में कजरी संध्या का हुआ भव्य आयोजन

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : पारसनाथ उपाध्याय स्मृति ट्रस्ट सुखपूरा बलिया के तत्वाधान में टीडी कॉलेज चौराहा के समीप स्थित खोजो वे इंफ्रा सर्विसेज कार्यालय के सभागार में म्यूजिक प्लानेट द्वारा विलुप्त होती कजरी को जीवंत करने के उद्देश्य से कजरी संध्या का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया। आनंद जी वर्मा व बक्की भूषण ने सरस्वती वंदना कर स्वागत गीत भी प्रस्तुत किया। कजरी की शुरूआत जयप्रकाश यादव, सुनील सिंह व शशांक पांडेय ने संयुक्त रूप से मिजार्पुरी कजरी 'मिजार्पुर करी गुलजार हो' सुनाकर कार्यक्रम को गति प्रदान की। विशाल वर्मा, प्रदीप प्रजापति व श्याम वर्मा ने 'कैसे खेले जइबू सावन' में सुना कर वाही-वाही लूटी। प्राची तिवारी ने 'झूला झूले भोला दानी' कार्यक्रम में अमृत रस घोली। संगीत अध्यापक रजनीकांत कुशवाहा ने पारंपरिक कजरी प्रस्तुत की। श्याम वर्मा ने डूबे जोड़े मनवा भोले भजन सुना कर तालियां बटोरी। म्यूजिक प्लानेट के संस्थापक और कार्यक्रम संयोजक डा अरविंद उपाध्याय ने 'चांद पर झंडा अब भारत के फहरल' सुनाकर रसमयी



प्रस्तुति दी तो हर कोई भावविभोर हो गया। डॉ नवचंद्र तिवारी ने भारत की उपलब्धि को रेखांकित करते हुए 'चान पर तिरंगा फहरल बा। सुनि के पड़ोसी सहरल बा' व गांव के वर्तमान संदर्भ को उकरते हुए 'कैसे कहूं उन्हें साथियों प्रश्न हुआ यह भारी है। गांव छोड़कर शहर पलायन यह उपक्रम नित जारी है' सुनाया तो तालिया के गड़गड़ाहट बीच उत्साहित होकर लोग झूमने लगे।

प्रधानाचार्य डॉ शशि प्रेमदेव, डा कादंबिनी सिंह, फतेहचंद बेचैन, पूर्व प्रधानाचार्य रामेश्वर सिंह ने भी अपनी रचना से लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। इस दौरान पूजा, रिंकी, सरिता काशी ठाकुर, रामेश्वर सिंह, नागा जी सरस्वती विद्या मंदिर मालदेपुरके पूर्व प्रबंधक अनिल सिंह, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण विभाग के अनिल सिंह, पीडब्ल्यूडी के मनमोहन सिंह,एस एन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक डॉ विनोद तिवारी, सहसंचालक परमेश्वरन अग्रवाल, इंजी प्रभात उपाध्याय, श्री शिवजी, रोशन शुक्ला, दूरदर्शन कलाकार सुनील शर्मा आदि रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सतीश चंद्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य अभय शंकर सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि लोकगीत, लोकसंगीत सदैव प्रासंगिक है। इसे बरकरार रखना युवा पीढ़ी का भी कर्तव्य है। अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । संचालन म्यूजिक प्लानेट के संस्थापक डॉ अरविंद उपाध्याय ने किया ने किया। आभार जया उपाध्याय ने किया।

# बच्चों की सुरक्षा हो सर्वोच्च प्राथमिकता : जिलाधिकारी

-सड़क सुरक्षा समिति की जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बिंदुवार समीक्षा

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विद्यालययान परिवहन सुरक्षा समिति/सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में जिलाधिकारी ने विद्यालय से संचालित वाहनों, विद्यालय में परिवहन सुरक्षा समिति के गठन, सड़कों पर चलने वाले अवैध एवं ओवरलोड वाहनों आदि के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने एआरटीओ को निर्देश दिया कि विद्यालयों से चलने वाले प्रत्येक वाहनों का फिटनेस टेस्ट, उनके चालकों का ड्राइवरी लाइसेंस वेरीफिकेशन और विद्यालयों से चलने वाली वाहनों की सूची की रिपोर्ट सभी विद्यालयों के प्रबंधकों / प्रधानाचार्यो से अपने यहां उपलब्ध कराएं। कहा कि आप प्रतिदिन पांच विद्यालयों का कार्यक्रम जारी करें, जो भी उनके पास उपलब्ध वाहन हैं ,उनकी अध्यावधि सूची और अपनी सूची से मिलान करके अगले माह होने वाली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। मानक के अनुरूप फिटनेस टेस्ट पास न करने वाले वाहनों को निलंबित किया जाए और बिना ड्राइवरी लाइसेंस वाले वाहन चालकों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। यह कार्य 10 सितंबर तक हो जाना चाहिए। उन्होंने सभी विद्यालयों को अपने स्तर पर विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति गठित करने का निर्देश दिया और इसमें पुलिस अधीक्षक का एक प्रतिनिधि और उपजिलाधिकारी के एक प्रतिनिधि को शामिल करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी विद्यालयों द्वारा गठित परिवहन सुरक्षा समिति के बैठकों की कार्यवृत की सूची आरटीओ को उपलब्ध करने के निर्देश दिए।



विद्यालयों के प्रबंधक/ प्रधानाचार्य से आग्रह किया कि बच्चों की सुरक्षा का ध्यान रखना आप लोगों की जिम्मेदारी है। बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है। छोटे-मोटे लाभ के चक्कर में बच्चों की जान को जोखिम में नहीं डाला जा सकता,इस बात का ध्यान रखा जाए। बच्चों को स्कूल लाने ले जाने के लिए छोटे वाहनों का प्रयोग कदापि न किया जाए।

सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग अधिशासी अभियंता पर जिले की सड़कों पर ब्लैक स्पॉट की धीमी कर प्रगति पर नाराजगी व्यक्ति की। इसमें एनएच- डिविजन को छोड़कर बाकी कार्यदायी संस्थाओं के कार्य संतोषजनक नहीं पाए गए। इसमें लोनिवि,एनएचएआई एवं प्रांतीय (लोक निर्माण विभाग) के अधिशासी अभियंताओं को चिट्ठी जारी करने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि अगले माह तक सारे ब्लैक स्पॉट का कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए नहीं तो कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसमें सभी चीजें शासन की गाइडलाइन के अनुसार होना चाहिए।

जिलाधिकारी ने एआरटीओ को वाहन चालान के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। कहा कि तहसील स्तर पर एआरटीओ,सीओ और खनन अधिकारी संयुक्त अभियान चलाकर ओवरलोड एवं अवैध परिवहन चालकों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें एवं संबंधित वाहनों का चालान भी करें।

जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत ग्रामीण क्षेत्रों के ट्रैक्टरों पर रिफ्लेक्टर टेप लगवाने के कार्य में तेजी लाने एवं उन्होंने शहरी क्षेत्रों में वाहनों के विश्राम स्थल की निगरानी करने के निर्देश दिए।

## 20 लीटर अपमिश्रित अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**डीके पांडेय, समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : स्थानीय पुलिस ने 20 लीटर अवैध शराब अपमिश्रित सहित बनाने वाले सामानों के साथ रविवार को एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार किया गया अभियुक्त विभिन्न धाराओं में स्थानीय थाने में वांछित है। थानाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्रा ने बताया की उनि विकास यादव क्षेत्र में वांछितों की तलाश में थे कि सूचना पर थाना क्षेत्र के खैराचक हेतिम से झारखंड प्रांत निवासी राम प्रकाश लोहार को 20 लीटर अवैध देशी शराब अपमिश्रित व 200 ग्राम नौसादर, यूरिया, फिटकरी नमक समेत गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय थाने में विभिन्न धाराओं में पूर्व से ही अभियोग पंजीकृत है।



## तमंचा कारतूस संग दो को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**डीके पांडेय, समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : स्थानीय थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में भीमपुरा व नगरा थाने में दर्ज मुकदमा के दो अभियुक्तों को दो तमंचा व दो जिंदा कारतूस के साथ क्षेत्र के सिसवार चट्टी से रविवार को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्रा ने बताया कि नगरा थाने व भीमपुरा थाने में आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में वांछित अभियुक्त गण थाना क्षेत्र के सुपापाली गांव निवासी आकाश गुप्ता व आकाश गोंड़ को क्षेत्र के सिसवार चट्टी से दो अवैध तमंचों के साथ दो जिंदा कारतूस तथा दो छोटी बड़ी छेनी एक लोहे का हथौड़ा तथा एक लोहे की छोटी आरी भी बरामद की गयी। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया गया।



# लोकनृत्य प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय बालिका इंटर कालेज में

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : राज्य शिक्षा संस्थान उ.प्र. प्रयागराज की ओर से आयोजित एनसीईआरटी नई दिल्ली के निर्देशन में राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना अंतर्गत पाठ्य सहगामी प्रतियोगिताओं से संबंधित लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बलिया के सभागार में आयोजित हुआ।

प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक बलिया रमेश कुमार सिंह ने सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के संयोजक राजकीय इंटर कॉलेज बलिया के कला अध्यापक डॉ. इफ्तेखार खान ने बताया कि यह लोक नृत्य प्रतियोगिता केवल राजकीय माध्यमिक विद्यालय के युवा छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें जी.जी. आई.आई.सी बलिया की छात्राओं ने सोहर गीत पर नृत्य करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया प्रभावती देवी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जयप्रकाश नगर बलिया की छात्राओं ने पर्यावरण गीत पर नृत्य प्रस्तुत करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया ' वहीं जी.आई.सी.बलिया के छात्रों ने पर्यावरण बचाने के लिए स्थानीय धोबी गीत लाचारी एवं कजरी पर लोक नृत्य करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया ' तीनों विजेता टीमों को मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक बलिया रमेश कुमार सिंह के कर कमलो सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नृत्य देखकर उन्होंने कहा कि बच्चे बहुत अच्छा प्रदर्शन किए ' हर बच्चों में अलग-अलग प्रतिभाए होती है जिसको गुरु शिल्पी के रूप में तरास कर आगे बढ़ाते है और वे बच्चे जनपद,प्रदेश और देश का नाम रोशन करते हैं ' निर्णायक समिति में गुलाब देवी बालिका इंटर कॉलेज बलिया की



संगीत शिक्षिका गौरी वर्मा एवं साधना सोनकर तथा प्रमोद श्रीवास्तव थे ' कार्यक्रम विद्यालय की प्रधानाचार्य अलका पांडे की देखरेख में संपन्न हुआ ' इस अवसर पर जी.जी.आई.सी जयप्रकाश नगर की प्रधानाचार्या श्रीमती किरन सिंह,वेद प्रकाश पांडे,अक्षय कुमार श्रीवास्तव, प्रतिभा पांडे,रंजनी श्रीवास्तव, डॉ.शबनम,रश्मि राय, किरन चौहान,अनन्या पांडे आदि उपस्थित रही ल संचालन डॉ. इफ़्तेखार खान ने किया तथा आभार प्रधानाचार्य अलका पांडेय ने किया '

## *पटमदा:268 विद्यार्थियों ने दी ज्योतिफेलोशिप परीक्षा

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , बामनी संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : पटमदा प्रखंड के पटमदा डिग्री कॉलेज, जाल्ला में रविवार को टाटा स्टील फाउंडेशन, जमशेदपुर की ओर से ज्योतिफेलोशिप परीक्षा लिया गया जिसमें पटमदा-बोड़ाम प्रखंड के कुल 268 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और 11 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इस परीक्षा के लिए कुल 269 विद्यार्थियों ने फॉर्म भरा था। ज्योतिफेलोशिप परीक्षा हर वर्ष टाटा स्टील फाउंडेशन, जमशेदपुर की ओर से लिया जाता है जिसमें वर्ग 7 में पढ़ाई कर रहे अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति बच्चे इस परीक्षा बैठ सकते हैं। इस परिक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थी को वर्ग 7 में 4,000 रुपया से लेकर वर्ग 12 में 10,000 रुपया(लगभग ) तक स्कॉलरशिप मिलता है । इस परीक्षा को सफल बनाने में टाटा स्टील फाउंडेशन के लक्ष्मण हांसदा, अरुण माण्डी, शंकर कच्छप, मनीषा महतो, राजकृष्ण राय, सुभाष चंद्र महतो, ममता सिंह और पुष्प सिंह का अहम योगदान रहा।



## अपहृता किशोरी बरामद, अपहर्ता गिरफ्तार भी

**शकील खान, समाज जागरण**

सुरेमनपुर (बलिया) : बैरिया थाना क्षेत्र के एक गांव से अपहत किशोरी को बरामद करने के साथ ही आरोपी युवक को बैरिया पुलिस ने चिरैया मोड़ से गिरफ्तार कर लिया है।

एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि 08 अगस्त को हल्दी थाना क्षेत्र के बेलहरी गांव निवासी सागर गुप्ता पुत्र सुमिरन गुप्ता के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया था। सूचना मिली कि अपहर्ता व अपहता किशोरी बैरिया के चिरैया मोड़ पर खड़े हैं, जो कहीं जाने की फिराक में हैं। पुलिस ने चिरैया मोड़ से सागर गुप्ता को गिरफ्तार किया गया। वहीं थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी अपहता को भी बरामद किया गया। विधिक कारवाई करते हुए सागर गुप्ता पर दर्ज धारा 363, 366 भादवि में पाक्सो एक्ट की बढ़ोतरी करते हुए न्यायालय के सुपुर्द कर दिया। किशोरी को चिकित्सीय परीक्षण व बयान के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है।

# समायोजन समेत विभिन्न मांगों को लेकर टेट सफल सहायक अध्यापक रांची में देंगे धरना, बैठक में हुआ निर्णय

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , बामनी संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : टेट सफल सहायक अध्यापक संघ पटमदा-बोड़ाम प्रखंड कमेटी की एक आपातकालीन बैठक रविवार को बेलटांड़ में संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता वरीय शिक्षक ललित हांसदा ने की। मौके पर ललित हांसदा ने कहा कि वे लगातार ठगे जा रहे हैं और सबसे दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि सरकार से वार्ता होने के 9 माह बीतने के बावजूद 4 प्रतिशत इंक्रीमेंट का लाभ उनलोगों को नहीं मिला है। इसमें शिक्षा विभाग के अधिकारियों की उदासीनता एवं लापरवाही ही जिम्मेदार है।

इस दौरान निर्णय हुआ कि समायोजन एवं वेतनमान समेत अन्य मांगों को लेकर 8 सितंबर को राजभवन, रांची



में आयोजित आमरण-अनशन सह धरना कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दर्जनों की संख्या में टेट पास सहायक अध्यापक शामिल होंगे। धरना कार्यक्रम के लिए प्रति सदस्य 500 रुपये की सहयोग राशि निर्धारित की गई है। साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 14 शिक्षकों को जिम्मेवारी सौंपी गई।

बैठक में मुख्य रूप से गौतम मंडल, रवींद्र नाथ सिंह, उज्ज्वल कांति दास, ललित हांसदा, तापस हालदार, जयदेव बोस, तपन गोप, प्रकाश महतो एवं दशरथ महतो आदि

## बोड़ाम: बारियादा में ट्रांसफॉर्मर खराब,15 परिवार परेशान

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , बामनी संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : बोडाम प्रखंड के बारियादा गांव के 10 केवीए का ट्रांसफार्मर 15 दिनों से खराब है जिसके चलते 15 परिवारों को अंधेरे मे रहना पड़ रहा है । ग्रामीण गोपेन महतो ने कहा कि इसकी सूचना विधुत विभाग को दिया गया है लेकिन अभी तक ठीक नहीं किया गया है । इस बीच कुरवान अंसारी, मंगल महतो, लाल बाबू, मनसा राम महतो, उस्मान अंसारी, मोनसुर अंसारी, कमाल अंसारी ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से जल्द से जल्द नया ट्रांसफॉर्मर लगाने की अपील की।



# तेजरफ्तार वाहन और दुर्घटनाओं पर नियंत्रण हेतु राजनगर पुलिस ने लगाये 20 नए बेरियर।

**रवि कांत गोप,समाज जागरण,प्रखंड संवाददाता राजनगर(सरायकेला)**

राजनगर(झारखंड)27अगस्त2023: राजनगर थाना क्षेत्र में तेजरफ्तार वाहन और दुर्घटनाओं पर नियंत्रण हेतु राजनगर थाना प्रभारी ने हाता चाईबासा मुख्य मार्ग ठल्220 में दस जगहों पर लगवाये नए बेरियर ।ताकि तेज रफ्तार वाहनों की गति नियंत्रित हो ताकि दुर्घटनाओं पर काबू पाया जा सके ।वहीं थाना प्रभारी चंदन कुमार में क्षेत्र वासियों से अपील करते हुए कहा कि सड़क पर जब भी छोटे बड़े वाहन चलाते तो सड़क सुरक्षा पर भी ध्यान दें,नशा पान कर वाहन ना चलाएं ।तेजरफ्तार से वाहन ना चलायें । मुख्य मार्ग पर बेरियर आपकी सुरक्षा के लिए लगाए गए है,इसे नजरअंदाज ना करें ।जहां जहां बेरियर लगाए गए है वहाँ वाहन की गति अवश्य धीमी करे ।और यदि बेरियर गिर गया हो तो वापस उठा कर सड़क पर लगा दें। ताकि अन्य कोई वाहन दुर्घटनाग्रस्त ना हो।

# अपने खुद के भवन में स्थापित हुआ लाजिक सिस्टम्स

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : जनपद का सुप्रसिद्ध टेक्निकल इंस्टिट्यूट लाजिक सिस्टम्स के 25वां वर्ष पूरा होने पर अपने नव निर्मित भवन आवास विकास कालोनी बलिया में विभिन्न व्यावसायिक शैक्षणिक कार्यक्रमों का शुभारम्भ सतीश चंद्र कालेज के प्राचार्य डॉ वी एन पाण्डेय ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया।



इस अवसर पर लाजिक सिस्टम्स के संरक्षक सत्यप्रकाश तिवारी, निदेशक सुदेश उपाध्याय ने मुख्य अतिथि को बुके एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा पाण्डेय ने कहा कि इस संस्था से हजारों बच्चों का भविष्य उज्जवल होगा यह मेरा विश्वास है। कार्यक्रम में राधा-कृष्ण एकेडमी के प्रबंधक आदित्य मिश्र, मनस्थली एजुकेशन सेंटर रेवती के प्राचार्य डा चन्द्र मोहन मिश्र, शेमुषी विद्यापीठ के प्रबन्धक अभिषेक तिवारी, युवा नेता अभिज्ञान तिवारी, अलोक तिवारी, ज्ञान प्रकाश तिवारी, अरुण प्रकाश तिवारी ,आयूष तिवारी ,अशोक सिंह कामेश्वर चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव संतोष तिवारी, कृष्ण विजय पाण्डेय सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह, अनिल शुक्ला अधिवक्ता,संस्था के प्रबन्धक शाश्वत त्रिपाठी ने कार्यक्रम में आयें सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# विश्व का सबसे बड़ा टी.वी सिरियल है मन की बात कार्यक्रम : अमित

**दैनिक समाज जागरण साजिद , ब्यूरो चीफ**

बोकारो (झारखंड) बोकारो के सेक्टर 9 अ स्थित सी.एस.आर. भवन से दिनांक 27 अगस्त 2023 को पाँच सौ महिलाएँ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 104 वें संस्करण के लाईव प्रसारण जुड़ीं। ये सभी महिलाएँ सेल के बोकारो सी.एस.आर विभाग द्वारा प्रशिक्षित कुशल कारीगर हैं। इन महिलाओं के द्वारा जलकुम्भी, फटे पुराने कपड़े और बांस से अनेक प्रकार की उपयोगी वस्तुएँ बनाती है जिसे देश के साथ साथ विदेशों में भी बिक्री की जाती है। आज इस अवसर पर सांसद श्री पशुपतिनाथ सिंह, विधायक श्री बिरंची नारायण, अधिशासी निदेशक (संकाय) श्री बीरेन्द्र कुमार तिवारी, अधिशासी निदेशक(पी.एण्ड ए) श्री राजन कुमार, कार्यक्रम के समन्वयक श्री कुमार अमित एवं महाप्रबंधक (सी.एस.आर) श्री सुधांशु मुख्य रूप से उपस्थित हुए एवं मन की बात कार्यक्रम प्रारम्भ होने के पूर्व उपस्थित कारीगर महिलाओं को सम्बोधित भी किया। सांसद श्री पशुपतिनाथ सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम देश के जन जन के मन की बात व्यक्त करने का कार्यक्रम है। विधायक श्री बिरंची नारायण ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम जैसे लोकप्रिय कार्यक्रम से बोकारो के महिला कारीगरों का जुड़ना बोकारो के लिए गौरव का विषय है। सेल के अधिशासी निदेशक (संकाय) श्री बीरेन्द्र तिवारी ने कहा कि सेल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सपनों का नया भारत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। माननीय प्रधान मंत्री द्वारा मन की बात जैसे शक्तिशाली माध्यम पर हमारे प्रयासों को मान्यता देने से हमारी पहल को और भी अधिक ताकत मिलेगी और अधिक से अधिक महिलाएं इस तरह के प्रयासों से जुड़ने और लाभान्वित होने के लिए प्रोत्साहित होंगी। अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) श्री राजन कुमार ने कहा कि सेल स्टील उत्पादन के साथ-साथ आम जनों के प्रतिभा कौशल का विकास भी अपने समाजिक दायित्व के तहत कर रहा है। जब बीएसएल के प्रबंधन ने पहली बार ग्रामीण महिलाओं को हस्तशिल्प बनाने में प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया, तो इसका उद्देश्य मुख्य रूप से आजीविका सृजन था, हालांकि समय के साथ ये केंद्र सामाजिक परिवर्तन के शक्तिशाली माध्यमों के रूप में विकसित हुए हैं जो न की सिर्फ महिलाओं को सशक्त बना रहे हैं बल्कि जाति, समुदाय और स्थिति की पारंपरिक बाधाओं को तोड़कर उन्हें एक साथ एक जुट ला रहे हैं। विभिन्न धार्मिक, आर्थिक और सामाजिक पृष्ठभूमि से आ रही ये महिलाएँ एक बेहतर भविष्य के निर्माण के अपने साझा हित से एक साथ जुड़ी। इन केंद्रों पर अब तक 500 से अधिक महिलाओं को प्राकृतिक फाइबर जैसे बांस, जूट, जलकुंभी, कपड़े आदि से कलात्मक लेकिन उपयोगिता आधारित वस्तुएं बनाने का प्रशिक्षण दिया गया है। कार्यक्रम के समन्वय श्री कुमार अमित ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का मन की बात कार्यक्रम विश्व का सबसे बड़ा टी.वी सिरियल है। कार्यक्रम का संचालन सेल के महाप्रबंधक (सी.एस.आर) श्री सुधांशु ने किया। पूर्व सांसद श्री कुमार पाण्डेय भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।




# रजिस्ट्री कार्यालय बोकारो में दस्तावेज नविस संघ हड़ताल को मार्क्सवादी समन्वय समिति ने दिया समर्थन

**दैनिक समाज जागरण साजिद ब्यूरो चीफ**

बोकारो (झारखंड) रजिस्ट्री कार्यालय चास बोकारो में दस्तावेज नविस संघ के कर्मचारियों की हड़ताल को मार्क्सवादी समन्वय समिति ने दिनांक 27 अगस्त 2023 को समर्थन दिया है। जिला सचिव गयाराम शर्मा ने कहा रोजाना एक करोड़ सरकारी राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। ऐसा अनुमान है की अवर निबंधक के पद पर तैनात भ्रष्ट पदाधिकारी के कारण यह माहौल खड़ा हुआ है। यह भ्रष्ट अधिकारी बेखौफ होकर भ्रष्टाचार में लिप्त इसलिए रहते हैं कियोंकि इन्हे आला अधिकारीयों का संरक्षण प्राप्त हैं। रजिस्ट्री कार्यालय में लूट की छूट है इन्हें कोई रोकने टोकने वाला नहीं। यह सारा खेल जिला समाहर्ता के संरक्षण में होता है। रिश्वत की हिस्सेदारी समय पर पहुंचा दिया जाता है।भूमि एवं राजस्व विभाग में जानबूझकर ऐसे भ्रष्ट लोगों को तैनात किया जाता है ताकि भू माफियाओं की दाल गले। सक्रिय भू माफिया धन बल का उपयोग कर गरीबों ,किसानों आदिवासियों,हरिजनों, दलितों,जो कमजोर वर्गीय लोगों की भूमि को आसानी से छीन सके और अधिकारी को मालामाल कर सकें।राज्य सरकार इस विषय को गंभीरता से ले अन्यथा मासस सड़क से लेकर विधानसभा तक चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।



माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जी के पास भूमि एवं राजस्व, निबंधन विभाग है। बोकारो उपायुक्त ऐसे भ्रष्ट अधिकारीयों पर दण्डनात्मक करावाई करे एवं इनकी चल अचल सम्पत्ति की जांच हो तथा भ्रष्ट अधिकारी अवर निबंधक को तुरंत हटाया जाय नही तो मासस आंदोलन के लिए बाध्य हो जाएगी।

# बिष्णुगढ प्रखण्ड सभागार में डालसा ने लगाया शिविर करोड़ों रुपए के ऋण समेत परिसंपत्ति वितरण

**दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग( झारखंड) 27 अगस्त 2023 :- विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय सभागार में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग के तत्वाधान में कानूनी जागरूकता सह एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जिला न्यायाधीश विक्रांत रंजन , प्रमुख जैबुन निशा, मध्य जिप सदस्य शेख तैयब,वीडियो संजय कुमार कोंगारी समेत अन्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि अपने अधिकार एवं कानूनी जागरूकता के लिए शिक्षा ही मूल मंत्र है डालसा के द्वारा यह संदेश दिया किया कि समाज में कमजोर एवं पिछड़ा वर्ग के लोग निशुल्क अधिवक्ता व्यवस्था कर सामाजिक कुरीतियों जमीनी विवाद एवं अन्य घरेलू विवादों को मध्यस्थता कर सुलझाने का प्रयास किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान सरकार के द्वारा चलाए जा रहे हैं कल्याणकारी योजनाओं के तहत करोड़ों रुपए की ऋण वितरण किया गया, जेएसएलपीएस के 174 महिला सखी मंडल के बीच एक करोड़ 61 लाख ऋण वितरण किया गया। पीएम आवास स्वीकृति पत्र 5 लाभुक, सामाजिक सुरक्षा पेंशन 10 लाभुक ,कृषि विभाग से 20 किसानों को केसीसी ऋण 1लाख74 हजार 500, जॉब कार्ड 5 श्रमिक को,किशोरी समृद्धि योजना पांच लाभुक मुख्यमंत्री कल्याण योजना के तहत पांच, स्वास्थ्य विभाग की ओर से यक्ष्मा ग्रसित मरीजों के लिए 5850 रुपये, 10 लाभुकों को राशन कार्ड एवं सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के 2 लाभुकों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर जिप सदस्य मध्य शेख तैयब प्रमुख जैबुन निशा चिकित्सा पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद मुखिया संघ के अध्यक्ष उत्तम कुमार महतो निर्मल कुमार प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार डालसा से आए अधिवक्ता दयानंद गुप्ता अजय दयाल मनजीत कुमार अशोक कुमार वर्मा,20 सुत्री सदस्य छोटेलाल बेसरा गुरु प्रसाद साव , पंसस मुन्नि देवी , महताब हुसैन, घनश्याम पाठक , मुखिया उतम महतो, निर्मल कुमार,जेएसएलपीएस के बीपीएम रामगिरी उरांव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# डुमरी चुनाव को लेकर एक होटल लॉज में हो रही है तलाशी सांसद आदित्य साहू के कमरे की भी हुई चेकिंग

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड)27 अगस्त 2022 :- जैसे-जैसे डूमरी उपचुनाव के मतदान की तिथि नजदीक आ रही है वैसे-वैसे प्रशासन की शक्ति भी बढ़ाती जा रही है , चेक नाका पर वाहनों की चेकिंग हो रही है मतदाता को प्रभावित करने वालों पर विशेष नजर रखी जा रही है नकद लेन-देन के लिए नजर रखने हेतु उड़न दस्ता दल भी सक्रिय है , इसी कड़ी में शनिवार की रात डुमरी वी आसपास के होटल लॉज वह उन मकानों की जांच की गई जहां पर अय्याशी लोग रहा करते हैं । जिन होटल में राजनीतिक दल के नेता कार्यकर्ता रहते हैं उस पर विशेष ध्यान है प्रखंड क्षेत्र के होटल तृष्णा , कावेरी की भी जांच हुई , प्रशासन की कार्रवाई को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष महादेव दुबे ने बताया कि शनिवार रात उपचुनाव को लेकर जांच दल ने सभी होटल के कमरों की तलाशी ली थी इस दौरान एक होटल में पार्टी के सांसद आदित्य साहू भी मौजूद थे जांच टीम की और से उनके कमरे की भी तलाशी ली गई थी , जांच के क्रम में प्रशासन की टीम होटल तृष्णा के उस कमरे में भी दाखिल हुई जहां पर भाजपा नेता सह राज्य सभा सांसद आदित्य साहू ठहरे हुए थे , निमियाघाट थाना पुलिस के साथ मौजूद दंडाधिकारी ने संसद के पूरे कमरे की तलाशी ली इस दौरान सांसद ने जांच टीम को सहयोग भी किया , होटल की तलाशी के दौरान अलग-अलग टीम लगाई गई है ।इस टीम में डुमरी के सीओ ,वीडियो के साथ डुमरी थाना प्रभारी पवन सिंह शामिल है ।
दूसरी टीम में पीरटांड़ के सीओ विनय प्रकाश तिग्गा के अलावा मधुबन थाना प्रभारी राजू मुंडा भी साथ में है टीम द्वारा होटल वह लॉज के अलावा लाइन होटल तथा ढाबा को खंगाला जा रहा है बता दें कि शनिवार को ही बोकारो जिले के दुग्धा में स्पेशल सर्विलांस टास्क फोर्स ने 10 लख रुपए बरामद किया था ,यह रकम किसकी है इसकी छानबीन की जा रही है बताया जाता है कि इस रकम की बरामदगी के बाद प्रशासन ने विशेष जांच शुरू कर दी है ।
जिले के डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेस लकड़ा व एसपी दीपक शर्मा ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दे रखा है कि चुनाव के दौरान किसी तरह की अनैतिक कार्य नहीं हो इस पर विशेष ध्यान रखना है नकदी लेनदेन पर भी नजर रखने को कहा गया है।

# साई मंदिर में संगीत संध्या में कलाकारों ने बांधा समां

**दैनिक समाज जागरण साजिद ब्यूरो चीफ**

बोकारो (झारखंड) सेक्टर 6 बी स्थित साईं मंदिर में शनिवार की शाम श्री साईं अखिल भारतीय संगीत सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रसिद्ध तबलावादन पं. बच्चनजी महाराज के संयोजन में साईमंदिर के प्रमुख राकेश श्रीवास्तव के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में कलाकारों ने शास्त्रीय गायन, भजन व नृत्य की मनोहारी प्रस्तुतियों से संगीत प्रेमियों को आनंदित किया। कार्यक्रम में गया घराने के वरिष्ठ शास्त्रीय गायक पं कृष्ण मोहन पाठक ने ध्रुपद धमार सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रताप नारायण सिंह, दीप नारायण गोस्वामी व मिलन गोस्वामी ने शास्त्रीय गायन, सीमा सिंह ने शिव भजन, अरुण पाठक ने ह्यज्योत से ज्योत जगाते चलो प्रेम की गंगा बहाते चलो....ह्व व मैथिली नचारी ह्यपूजा के हेतु शंकर आयल छी हम पुजारी....ह्व, उमेश कुमार झा, प्रमोद कुमार, चंद्र कांत शर्मा ने भजन, शंकर कुमार, श्रीधर चौबे ने एकल तबला वादन, आदित्य राज ने गिटार वादन व रजनी पाढी व उनकी शिष्याओं ने भरतनाट्यम नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति से श्रोताओं की प्रशंसा पाई। कार्यक्रम में तबले पर पं. बाच्चानजी महाराज व दीप नारायण गोस्वामी एवं हारमोनियम पर उमेश कुमार झा व मिलन गोस्वामी ने संगति की। मंच संचालन पं. बच्चन महाराज ने और अंत में धन्यवाद ज्ञापन राकेश श्रीवास्तव ने किया।




# आजसू सुप्रीमो सुदेश व सांसद चन्द्रप्रकाश हत्यारे के साथ चलते : बेरमो विधायक कुमार जयमंगल

**दैनिक समाज जागरण साजिद , ब्यूरो चीफ**

बोकारो (झारखंड) डुमरी विधानसभा के उपचुनाव के एक सभा में दिनांक 23 अगस्त 2023 सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप ने कहा कि आजसू पार्टी के सुप्रीमो और गिरिडीह आजसू के सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी हत्यारा किशुन महतो को साथ लेकर चलते हैं । विधायक कुमार जयमंगल सिंह डुमरी विधान सभा के उपचुनाव में बोकारो के चंद्रपुरा प्रखंडे तेलो में मुख्य मंत्री हेमन्त सोरेन के साथ चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए आजसू पार्टी पर निशाना साधा। जयमंगल सिंह ने कहा कि दिवंगत मंत्री जगनाथ महतो के अनुज गणेश महतो की हत्या की गई थी । हत्या के बाद गणेश महतो की हत्या का आरोप निर्दोष के ऊपर मरने का कोशिश किया गया था । पुलिस ने अनुसन्धान में दिवंगत मंत्री जगनाथ महतो एव इनके अनुज गणेश महतो के पारिवारिक सदस्य बनकर साये की तरहे साथ में रहने वाला किशुन महतो हत्यारा निकला । यही हत्यारा किशुन महतो को साथ लेकर आजसू सुप्रीमो शुदेश महतो और संसद चन्द्रप्रकाश चौधरी घूम रहे हैं ।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा श्रीमती बेबी देवी के पक्ष में मतदान करने का अपील करते हुए कहा डुमरी उपचुनाव की लड़ाई महज दो प्रत्याशियों की लड़ाई नहीं है यह लड़ाई स्वर्गीय जगन्नाथ महतो जी के संघर्ष और उन झूठे मकारो के बीच भी है जिन्होंने हर बार बहरूपिया बन कर झारखंड को ठगने और बेचने का काम किया है ।मौके पर झारखंड सरकार के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता,स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता ,झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला सचिव जय नारायण महतो, जेएमएम के संगठन सचिव फैयाज आलम,प्रखंड उपाध्यक्ष रऊफ अंसारी, पंचायत अध्यक्ष अकबर अंसारी, मारूफ हुसैन, युवा नेता शम्सजहां, इदरीश अंसारी, ऐनुल अंसारी, नियामुदीन अंसारी, सेराज अंसारी, आसिम अंसारी, ईसाक काजी, कासिम अंसारी, इम्तियाज अंसारी, अयूब अंसारी, इरफान अंसारी, सगीर अंसारी, प्रवेज अंसारी, खुर्शीद अंसारी, सलीम अंसारी, मुस्तकीम अंसारी, इकबाल अंसारी, सजाद अंसारी, इत्यादि एवं हजारों लोग सभा में उपस्थित थे।



# किसानों के ज्वलंत समस्याओं के मद्दे नजर किसान संग्राम समिति का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**दैनिक समाज जागरण साजिद ब्यूरो चीफ**

बोकारो (झारखंड) किसान संग्राम समिति ने दिनांक 27 अगस्त 2023 दिन रविवार को कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन हुई जिसकी अध्यक्षता महादेव शर्मा ने किया । सभी वक्ताओं ने कहा कि देश मे किसानों की समस्या काफी ज्यादा बढ़ गया है जिसको लेकर किसान संग्राम समिति बोकरो जिला में किसानों के विभिन्न समस्याओं को लेकर किसानों का गोलबंद करने का काम किया जाएगा एवं किसानों विभिन्न समस्याओं को लेकर बोकारो जिला के सभी 9 प्रखंड पर आंदोलन करने का निर्णय लिया गया एवं इस आज इस किसान संग्राम समिति सम्मेलन में जिला संयोजक कमिटि का गठन किया गया । जिसमे संयोजक सह कार्यकारी अध्यक्ष कॉम ० बिरेन बाउरी , सुधीर बाउरी, भोला रजवार , अंगद महतो , बारिश अंसारी , इमरान अंसारी ,चंदन लाल चक्रवाला सर्वसम्मति से चुना गया। एवं इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से किसान संग्राम समिति के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र गोप , किसान नेता सत्तार अंसारी रांची जिला प्रभारी, रामगढ़ जिला कॉमङ्क प्रभारी प्रयाग महतो ,मासस जिला सचिव कॉम०गयाराम शर्मा , बोकारो जिला सहसचिव पशुपति महतो , मार्क्सवादी युवा मोर्चा बोकारो जिला अध्यक्ष कॉम० सुरेश महतो , जीमल हसन, रामदास दे , मार्क्सवादी युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष चंदनकियारी सागर रजवार , मासस चास प्रखंड अध्यक्ष देवीलाल महतो चंदनकियारी प्रखंड सचिव साधु चरण महतो , भरत लाल ठाकुर , तपन सरकार, सबराति अंसारी , कयामुद्दीन अंसारी , नूर हसन, वसीम अंसारी, जावेद अंसारी ,अकरमुल हक आदि कई लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



# मासस के बैनर तले हजारों की संख्या में महिला पुरुष युवा ने जुलूस निकालकर कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता**

धनबाद झारखंड
गोविंदपुर झसाधोबाद शिव मन्दिर प्रांगण मे मासस का कार्यकर्ता सम्मेलन किया गया! जिसकी शुरूआत बड़ाजमुवा दुर्गा मन्दिर बरवाड़ा से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता इकट्ठा होकर जुलूस के माध्यम से सुदूर ग्रामीण इलाको से होते हुए साधोबाद पहुँचे और जन आक्रोश सभा मे तब्दिल हो गया. इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि मासस केंद्रीय सचिव बबलू महतो तथा मायुमो कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश रवानी थे!
बबलू महतो ने अपने संबोधन मे कहा कि सिंदरी मे लोग लाल झंडा पर आरोप लगाते हुए कहते है लाल झंडा ने एक भी फेक्टरी नही खुलवाया लेकिन आज लाल झंडा उनलोगो से पूछना चाहता है भाजपा के 23 साल के कार्यकाल मे सिंदरी का दशा किया रह गया है । 23 सालो में भाजपा का चहरा बदला लेकिन सिंदरी का दुर्दशा नही बदला । फेक्टरी तो छोड़िये एक कोक प्लांट तक नही खोल सका ! एक बेहतर अस्पताल भी नही है ।आज भी इलाज के लिए लोगो को दूर दराज जाना पड़ता है ।कोरोना काल में गरीब और गरीब हो गया । अस्पताल के अभाव से आज भी लोग परेशानी का सामना कर रहा है ,एक विश्वविधालय खुला पर उसमे लोकल लोगो को पीयून तक की नोकरी नही मिल रहा है! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर फैक्ट्री का उद्घाटन करके कहां की यह मेरा सपना था मगर क्या इस सपने में यहां के ग्रामीण उनको नजर नहीं आते हैं यहां के युवा उनको नजर नहीं आते हैं आज एक भी ग्रामीण इस फैक्ट्री में नहीं लग पाया इसका आखिर दोषी कौन है यह सब चिंता और विषय का चर्चा है अगर हम लोग सब कोई इस विषय पर ध्यान से नहीं सोचेंगे तो फिर हम लोग 5 साल तक ठगे जाएंगे
जगदीश रवानी ने कहा अपने संबोधन में कहा आज एक रुपया चावल देने से क्या होगा , आज मोबाइल रिचार्ज की बात हो , रसोई गैस की बात हो , या फिर दैनिक उपयोग कोई भी समान का दर आसमान छू रहा है । चंद्रयान चांद पर पहुंच गया हमे भी गर्व है पर क्या इससे गरीबी दूर हो जाएगी । आज भी सरकारी स्कूलों में न ही स्मार्ट बोर्ड से पढ़ाई हो रही है , न ही कम्प्यूटर का शिक्षा दिया जा रहा है , स्कूलों में शिक्षक की इतनी कमी है कई बच्चे स्कूल में पड़ नही पाते । बच्चें स्कूल जाते है पर खिचड़ी खाने । कार्यक्रम में सैकड़ों युवा , माता बहने , मासस का दमन थमा और कहा इस बार लाल झंडा फहरा के रहेंगे ।मौके पर गोविंदपुर क्षेत्र के तथा साधोबाद ग्राम के हजारों की संख्या में माता बहने युवा ,बुजुर्ग कामरेड साथी मौजूद थे



# जीप सदस्य शेख तैयब के पहल पर हुआ बिजली बहाल!

**दैनिक समाज जागरण, घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड ) : - विष्णुगढ़ प्रखंड के गैड़ा पंचायत अंतर्गत कीतोडीह गांव के हुसैन नगर में जीप सदस्य के सहयोग से हुआ बिजली बहाल । तब जाकर पूरा महौला बिजली की रोशनी से जगमगा उठा!
बताते चलें की यहाँ वर्षों से बिजली बहाल नहीं हुई थी, यहाँ के लोग अँधेरे में जीवन व्यतीत करते थे यह महौल गाँव से थोड़ा दूर स्तिथ हैं । बिजली न होने के कारण लोग काफी परेशान थे ऐसी स्तिथ को दूर करने और एक दूसरे को जोड़ने का काम जिला परिषद के सौजन्य से हो पाया यह परेशानी लम्बे समय से था बिष्णुगढ़ मध्य जिप सदस्य शेख तैयब ने इस बिजली की समस्या से लोगों को छुटकारा दिलाया इन्हीं के पहल से पूरे महल्ला में बिजली बहाल हुआ । जिप सदस्य के प्रयास से 40 नए पोल,नए तार तथा नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है,गाँव में बिजली बहाल होने से ग्रामीणों के आँखों में खुशी की लहर दौड़ गई , तथा तैयब जी को दिल से आभार व्यक्त किया और आशीर्वाद दिया।मौके पर उपस्थित रहें जिप सदस्य शेख तैयब समेत पंसस प्रतिनिधि ताज अंसारी,सौकत अंसारी हाजी मखदूम नसीम अंसारी समेत सैकड़ों ग्रामीणों महिला पुरुष शामिल हुवे!



# चास में ट्रस्ट ने शुरू की जरुरतमंद बच्चों के लिए नि:शुल्क भोजन सोलागिडीह नंदुआथान के जरुरतमंद बच्चें

**दैनिक समाज जागरण साजिद ब्यूरो चीफ**

बोकारो (झारखंड) सोलागिडीह नंदुआथान में द नेशनल सोशल डेवलपमेंट चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में दिनांक 27 अगस्त 2023 को जरुरतमंद बच्चों के लिए निःशुल्क भोजन सेंटर शुरू किया गया। अवसर पर 2 सौ के करीब बच्चों को भोजन कराया गया। इसके अलावे ट्रस्ट की ओर से 10 सितंबर से कक्षा-1 से 8 तक निःशुल्क ऑनलाईन अनुभवी शिक्षकों की ओर से कोचिंग क्लास शुरू करने की तैयारी है। मौके पर ट्रस्ट के अमिन महतो ने कहा कि नंदुआथान, सोलागिडीह सहित सटे क्षेत्र में मजदूर वर्ग के लोग निवास करते है। इसमें महिलाएं भी छोटे-छोटे बच्चों को घरों पर छोड़कर कामकाज को चली जाती है। जिसको लेकर घरों पर पड़ा बच्चा भूखे रहता है। सर्वे के तहत ऐसे बच्चों को ट्रस्ट की ओर से चिन्हित करते हुए उन्हें निःशुल्क भोजन सेंटर से भोजन सहित शिक्षा दिलाएगी। मौके पर समाजसेवी सुधीर जयसवाल ने कहा कि पहले फेज में साप्ताहिक भोजन सेंटर चलेगा,इसके बाद आगे प्रतिदिन चलाने की योजना है।

# अखंड हरि कीर्तन का हुआ आयोजन

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता**

धनबाद झारखंड
तिसरा। भक्ति भाव के साथ कुइयां कोलियरी शिव मंदिर धाम में 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया अखंड हरी कीर्तन दिन के 1:00 बजे प्रारंभ हुआ सोमवार को इसका समापन होगा इसके बाद बालक भोजन एवं महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा जिसमें सैकड़ो भक्ति भाग लेंगे। मंदिर के पुजारी बवन मिश्रा ने विद्वत पूजा कराकर कीर्तन का प्रारंभ किया स्थानीय लोगों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष श्रावण माह में कीर्तन का आयोजन किया जाता है। कंपनी के समय से यहां कीर्तन कराई जाती है गांव एवं कोलियरी क्षेत्र के लोग शामिल होते हैं आपसी भाईचारा कायम रहता है। लोदना के व्यास सीताराम साव की कीर्तन मंडली ने हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे, हरे कृष्णा, हरे कृष्णा, कृष्णा कृष्णा हरे हरे की धुन पर सबको झूमने को मजबूर किया। मौके पर रमाकांत तिवारी सुशील सिंह श्याम बिहारी साव गणपत कुमार चितरंजन ओमप्रकाश संतोष मिश्रा साधु मुंडा आदि लोग थे।



# बिरनी के कोवाड मोड कमार्टांड़ के पास टेंपो एवं मोटरसाइकिल में भिड़ंत

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक ,ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड )27 अगस्त 2023 बिरनी प्रखंड के कोवाड़ मुख्य मार्ग में कमार्टांड़ के पास तेज रफ्तार टेंपो ने एक मोटरसाइकिल सवार को अपने चपेट में ले लिया , जिससे मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया , मिली जानकारी के अनुसार बता दें कि घायलों की पहचान राजधनवार निवासी 36 वर्षीय शिबू राउत और 35 वर्षीय सुधीर राम के रूप में किया गया है , घटना के संबंध में बताया जाता है कि राजधनवार के सुधीर राम अपने ससुराल बिरनी थाना के सारंडा बद्री रावत के घर जा रहे थे , तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से आ रहा टेंपो टक्कर मार दिया और मौके से फरार हो गया स्थानीय लोगों के पहल पर स्वास्थ्य केंद्र बिरनी ले जाया गया जहां इलाज चल रहा है वह दोनों काफी गंभीर हैं

# झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले बदलाव संकल्प महासभा का हुआ आयोजन

**दैनिक समाज जागरण, आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ**

चतरा (झारखंड) 27 अगस्त 2023:- जिले के बाबा घाट मैदान में रविवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले बदलाव संकल्प महासभा का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में टाइगर जयराम महतो ने संबोधित करते हुए कहा की झारखंड में भारत माला परियोजना में जिस किसी का भी जमीन भारत माला परियोजना व रेल परियोजना में जा रहा है उस जमीन का मुआवजा देने के बजाय उनलोगों को जमीन के बदले जमीन देकर उनलोगों को विस्थापित किया जाए।आगे टाइगर जयराम महतो ने कहा कि आगामी 2024 में चतरा लोकसभा में स्थानीय सांसद होना चाहिए जब तक स्थानीय सांसद या विधायक नही होगा तब तक किसानों का दर्द समझने वाला कोई नहीं है। देवरी - डुमरी फील्ड फायरिंग रेंज के अवधि विस्तार को लेकर ग्रामीणों में रोष है। इस अधिसूचना को वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि शिवपुर - कठोतिया रेल लाइन को चतरा से जोड़ने की बात थी जो अब तक सपना बना हुआ है। चतरा की माटी में आज तक माटी का सांसद नहीं बन पाया है। इसको लेकर संकल्प लेना होगा।उन्होंने आगे कहा कि झारखंड को बचाने की लड़ाई सबको मिलकर लड़नी होगी। झारखंड आज एक ऐसे रास्ते पर खड़ा है जहां से एक नए शुरूआत की जरूरत है। हमारी माटी के साथ छल इतना अधिक कर दिया गया है कि अब पूरा झारखंड जाग चुका है। यह आंदोलन अब नहीं रुकेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में एक बड़े बदलाव को लेकर हम सभी संकल्पित हैं। झारखंड के युवा जाग चुके हैं। अब यहाँ परिवर्तन होकर रहेगा।अभी तक छात्रों को छात्रवृति नहीं मिल पायी है। इसपर सरकार पहल करे। केजी से पीजी तक शिक्षकों की भारी कमी है। सरकार इसे दूर करे।सभा में छात्र नेता मनोज यादव,देवेंद्र महतो, भुवनेश्वर यादव, सुनील महतो आदि लोग सम्मिलित हुए और संबोधित किया।इस महासभा में हजारों की संख्या लोग उपस्थित थे।

## कुजूर फाउंडेशन के अध्यक्ष सह युवा नेता विनोद बिहारी कुजुर ने खराब चापाकल का मरम्मत कर लोगों को दिया राखी की उपहार

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

खरसावां जल ही जीवन है जल के बिना मनुष्य जीवन में सारा काम होता है अधूरा वहीं पानी की किल्लत को देखते हुए कुचाई प्रखंड क्षेत्र के रुगुडीह पंचायत अंतर्गत रामडीह गांव में बर्षों से खराब पड़ा चापाकल का कुजुर फाउंडेशन के अध्यक्ष सह युवा नेता विनोद बिहारी कुजुर ने अपने निजी खर्चा से मरामति कर ग्रामीणों को रक्षाबंधन की उपहार दिया मौके पर युवा नेता विनोद बिहारी कुजुर ने कहा कि ग्रामीणों ने प्रखंड मुख्यालय व विभाग की चक्कर व गुहार लगाते लगाते थक चुके थे। वहीं खराब पड़ा चापाकल की सुचना गांव के ही कार्तिक सिंह मुंडा ने कुजूर फाउंडेशन के अध्यक्ष सह युवा नेता विनोद बिहारी कुजुर को दिया। जिससे कुजूर ने तत्काल संज्ञान में लेकर मरामति कराया।मौके



पर कुजूर ने कहा कि जनता की हर दुःख सुख में कुजूर फाउंडेशन खड़ा है। उन्होंने कहा कि मेरा सहयोग आधी रात को भी जरूरत पड़े तो आप मेरा सहयोग ले सकते हैं। हम आपका हर संभव सहयोग करने के लिए तैयार है।

इस दौरान मुख्य रूप से कुजूर फाउंडेशन के अध्यक्ष सह युवा नेता विनोद बिहारी कुजुर कार्तिक सिंह मुंडा श्यामलाल पान गोड सिंह मुंडा दुर्गा मुंडा सोमा स्वांसी जितु पान कुंडी कुमारी बागराई मुंडा अंडो मुंडा आदि उपस्थित थे।

## राजनगर हाट मैदान में सरायकेला खरसावां ड्राइवर महासंघ की हुई विशेष बैठक कई बिंदुओं पर हुई चर्चा।

**रवि कांत गोप, दैनिक समाज जागरण ,प्रखंड संवाददाता राजनगर(सरायकेला)**

राजनगर(झारखंड)27अगस्त2023:- सरायकेला खरसावां ड्राइवर महासंघ की पहली बैठक रविवार को साप्ताहिक हाट मैदान राजनगर में आयोजित की गई।जहाँ ड्राइवर महासंघ से जुड़े सभी ड्राइवर (चालक)मौके पर मौजूद थे।सभी ड्राइवर खाकी वर्दी और ड्राइवर महासंघ के बैच पहने यूनिफॉर्म में उपस्थित हुए थे।वहीं मौके पर मुख्य रूप से सरायकेला खरसावां ड्राइवर संघ के जिला अध्यक्ष- अनिल महतो,उपाध्यक्ष- पंकज राउत,सभापति- शुकदेव केसरी,उपसभापति- सरोज तांडी उपस्थित थे।बैठक में आगामी 1 सितंबर को ड्राइवर दिवस मनाने पर सहमति बनी ,जो गम्हरिया बाजार के



समीप रापचा मैदान में मनाया जाएगा,जहाँ जिले के सभी ड्राइवरों(चालकों) को उपस्थित होने का आग्रह किया गया।

वहीं महासंघ की पहली बैठक में ड्राइवरों को यूनिफॉर्म(खाकी वर्दी) पहनकर वाहन चलाने का निर्देश दिया गया।नशा पान कर वाहन चलाने वाले ड्राइवरों पर दो हजार जुमार्ना लगाने पर चर्चा हुई।वहीं चालकों पर दुर्व्यवहार करने वाले वाहन मालिकों पर महासंघ विरोध करते हुए एकजुटता के साथ जवाब देने की बात कही गई।और ड्राइवरों को पुलिस प्रशासन और आम जनता द्वारा सम्मान करने की मांग की गई।

## नरवा पहाड़ यूसील कॉलोनी में दुर्गोत्सव को लेकर हुई तैयारी बैठक

### *माइंस एजेंट मनोरंजन महाली दूसरी बार बने दुर्गा पूजा कमिटी के अध्यक्ष*

**दैनिक समाज जागरण मोहम्मद कलीमुद्दीन, प्रखंड संवाददाता ,मुसाबनी**

नरवा पहाड़ यूसील कॉलोनी में दुर्गोत्सव को लेकर आज तैयारी बैठक।इधर इस बैठक में माइंस एजेंट मनोरंजन महाली दूसरी बार दुर्गा,लक्ष्मी,काली पूजा कमिटी नरवा पहाड़ यूसील कॉलोनी के अध्यक्ष चुने गए जबकि महासचिव शिवा तिम्बाड कोषाध्यक्ष सुब्रत गोप, संयुक्त महासचिव धनंजय सिंह को बनाया गया।इसके पूर्व 2022 का सभी सदस्यों के बीच लेखा_जोखा प्रस्तुत की गई।अगली बैठक में उप कमिटी की गठन का फैसला लिया गया होगा।

बैठक में शामिल कमिटी के सदस्य इस बैठक में कमिटी की ओर से प्रहलाद चंद्र दास, सी बी सिंह, टी के गिरी, पी सी पात्रो, मनोज कुमार सिंह, इंद्रजीत दास, पंकज कुमार, दिलीप कुमार सीट , लखन सरदार, बापी नामाता, सुभाष चंद्र बोस, धनेशर प्रसाद, इकबाल सिंह,



विशंभर साहू, बालकृष्ण मिश्रा, श्री प्रकाश कुमार, प्रकाश कुमार सिंह, रविंद्र नाथ महतो, अनूप भक्त, दीपेश भगत समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

1) 2022 का लेखा जोखा सभी सदस्यों के बीच प्रस्तुत की गई।
2)2023-नया कमेटी गठन।
3) अध्यक्ष जी का आदेश के बाद विभिन्न विषय में पूजा का बारे में चर्चा की गई'

अगला मीटिंग में सब कॉमेटी की गठन होगा एवं विभिन्न पूजा विषयों में चर्चा की जाएगी

नया कॉमेटी का अध्यक्ष - श्री मनोरंजन मोहाली पुनः , महासचिव -श्री शिवा तिम्बाड ,कोषाध्यक्ष श्री सुब्रत गोप,संयुक्त महासचिव श्री धनंजय सिंह, श्री प्रहलाद चंद्र दास, श्री सी बी सिंह, श्री टी के गिरी, श्री पी सी पात्रो,श्री मनोज कुमार सिंह, श्री इंद्रजीत दास, श्री पंकज कुमार, श्री दिलीप कुमार सीट , श्री लखन सरदार,श्री बापी नामाता,श्री सुभाष चंद्र बोस, श्री धनेशर प्रसाद,श्री इकबाल सिंह, श्री विशंभर साहू, श्री बालकृष्ण मिश्रा, श्री प्रकाश कुमार, श्री प्रकाश कुमार सिंह, श्री रविंद्र नाथ महतो, श्री अनूप भागत, श्री दीपेश भगत एवं और बहुत सारे सदस्य उपस्थित थे ।

## अखिल भारतीय ब्रह्महर्षी समाज के रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन, उमड़ा जन सैलाब

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 27 अगस्त 2023ः अखिल भारतीय ब्रह्महर्षी समाज सरायकेला -खरसावां जिला कमिटी का 13वां वार्षिक रक्तदान शिविर रविवार को आदित्यपुर स्थित अटल पार्क में आयोजित हुआ ,जहां रक्त देने लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा

रविवार सुबह 9 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक चले इस रक्तदान शिविर में अखिल भारतीय ब्रह्माशी समाज सरायकेला जिला कमेटी के सदस्य समेत अन्य रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, रक्तदान के प्रति लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला. जहां रक्त देने लोग कतार में खड़े होकर रजिस्ट्रेशन करा रक्त देते दिखे ,कार्यक्रम में सरायकेला के अलावा जमशेदपुर जिला से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, जमशेदपुर ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया,



रक्तदान शिविर कार्यक्रम में अतिथि के रूप में आमंत्रित विद्युत विभाग के महाप्रबंधक श्रवण कुमार ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इतने बड़े स्तर पर आयोजित रक्तदान शिविर का लाभ बड़ी संख्या में रक्त के जरूरतमंदों को प्राप्त होगा. वही समाज के अध्यक्ष ठाकुर लाल बाबू सिंह ने कहा कि ब्रह्महर्षी समाज सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में निरंतर कार्य करती है, इसी दिशा में पहल करते हुए रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है ,रक्तदान शिविर को सफल बनाने में मुख्य रूप से सुधीर सिंह, अवधेश्वर ठाकुर, श्री राम ठाकुर, विमल सिंह, विनीत सिन्हा, सुनील सिंह, अशोक सिंह, प्रेम कुमार निर्मल, गणेश सिंह, राकेश कुमार, नागेश्वर शर्मा, ज्ञानेंद्र कुमार मुन्ना, कृष्ण गोपाल पिंटू ,कमल नयन आदि का योगदान रहा।

## हेंसल में 22 वां रक्तदान शिविर को लेकर हुई विशेष बैठक।

**रवि कांत गोप,दैनिक समाज जागरण,प्रखंड संवाददाता राजनगर(सरायकेला)**

राजनगर(झारखंड)27अगस्त2023ः राजनगर प्रखंड के हेंसल स्थित बजरंगबली मंदिर प्रांगण में रविवार की संध्या गोपाल सरकार की अध्यक्षता में रक्तदान शिविर की तैयारी हेतु विशेष बैठक सम्पन्न हुई।जिसमें कमेटी के सभी गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।रक्तदान शिविर को सफल आयोजन हेतु कई बिंदुओं पर चर्चा की गई।आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।इस दौरान बजरंगबली पूजा कमेटी के सचिव मनोज पटनायनक ने कहा - आगामी 3 सितंबर को बजरंगबली पूजा कमेटी द्वारा स्वेछिक रक्तदान शिविर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर(विद्यालय,हेंसल)प्रांगण में आयोजन किया गया है। चुकी हमारे राजनगर क्षेत्र की जनता रक्तदान शिविर को लेकर काफी जागरूक है।यही कारण है कि प्रतिवर्ष 100 यूनिट से ज्यादा रक्तसंग्रह होता है।और हमारे रक्तदाता ,रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़ कर भाग लेते है।केवल पुरूष ही नही, महिलाऐं भी रक्तदान शिविर में बढ़कर कर भाग लेती है।पिछले वर्ष हमने 150 यूनिट का लक्ष्य पार किया था।और इस बार हमें उम्मीद है कि 200 यूनिट से ज्यादा रक्त संग्रह होगा।उन्होंने सभी रक्तदाताओं से इस आयोजन में बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील की है।

वहीं इस मौके पर बजरंगबली पूजा कमेटी के अध्यक्ष गोपाल सरकार सचिव मनोज पटनायनक, कोषाध्यक्ष आंनद साहू,विनोद ज्योतिषी, अशोक गोप,नीबू प्रधान,अशोक प्रधान,जमीनी महाकुड़,मनबोध गोप,भोलानाथ गोप,अशोक मिस्त्री,जोरासिंह साहू,संजय अधिकारी,विद्याधर गोप,चंडी गोप,रविकांत गोप,अरुण बारीक आदि उपस्थित थे।

## झारखण्ड बंगभाषी समन्वय समिति की घाटशिला में बैठक

### संदीप सिन्हा चौधरी ने कहा मातृभाषा की रक्षा से समाज व देश विकसित होगा

**सुधीर, समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान प्रमंडल**

जमशेदपुर (झारखंड), 27 अगस्त 2023 : पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत घाटशिला प्रखंड के कालचिति गांव में झारखण्ड बंगभाषी समन्वय समिति का बैठक बुध्येश्वर महतो के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इसके पूर्व गांव में मातृभाषा बांग्ला की रक्षा हेतु जनसंपर्क अभियान चलाया गया। बैठक को संबोधित करते हुए झारखण्ड बंगभाषी समन्वय समिति के महासचिव संदीप सिन्हा चौधरी ने कहा कि मातृभाषा हमें राष्ट्रीयता से जोड़ती है और देशप्रेम की भावना उत्पन्न करती है। मातृभाषा ही किसी भी व्यक्ति के शब्द और संप्रेषण कौशल की उद्गम होती है। एक कुशल संप्रेषक अपनी मातृभाषा के प्रति उतना ही संवेदनशील होगा जितना विषय-वस्तु के प्रति। मातृभाषा व्यक्ति के संस्कारों की परिचायक है। उन्होंने कहा कि विश्व के बहुत बड़ी जनसंख्या बंगला भाषियों का है। संदीप सिन्हा चौधरी ने कहा कि झारखण्ड बंगभाषी समन्वय समिति पिछले 23 वर्षों से बंगला भाषा की अस्तित्व का लड़ाई लड़ रहा है। ऐसी स्थिति में समिति की तरफ से 5 सूत्री मांगों का एक ज्ञापन झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दी जाएगी। बैठक के बाद लगभग 150 बच्चों के बीच प्रारभिक बांग्ला भाषा सिखने हेतु



आन्दोलन को तेज करने का फैसला लिया गया और उसी सिद्धान्त के अनुरूप आगामी 22 सितंबर 2023 को जमशेदपुर के साकची स्थित नेताजी सुभाष मैदान से एक ऐतिहासिक पदयात्रा शुरू होगी जो 5 दिन के उपरान्त 150 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए राँची पहुंचेंगी और बांग्ला पाठ्य पुस्तकों का निशुल्क वितरण किया गया। बैठक में संदीप सिन्हा चौधुरी, मंतोष चटर्जी, उदय सोम, रणजीत मित्रा, गौतम दास राजेश महतो, बुद्धेश्वर महतो, संदीप कुमार महतो, धनंजय सोरेन, बिनीता पटेल महतो आदि उपस्थित थे।

## जिप उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ने नीमडीह थाना क्षेत्र के आमटांड़ निवासी हलधर महतो का करा रहे हैं इलाज

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह (झारखंड), 27 अगस्त 2023 : सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत मुड़िया में स्थित डीडी स्टील एंड पावर लिमिटेड में 22 अगस्त को नीमडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत आमटांड़ निवासी हलधर महतो का रात लगभग दो बजे आर एम पी डिपार्टमेंट में ड्यूटी करने के दौरान अचानक कावन विहार बेल्ट से हाथ में चोट लगने के कारण बाएं हाथ के दो उंगली मे गंभीर चोट आई। कंपनी प्रबंधन द्वारा सुबह नौ बजे तक कोई चिकित्सा की व्यवस्था नहीं कराया गया था जिसके कारण रक्त स्राव अधिक समय से होते रहा। धीरे-धीरे शरीर अस्वस्थ होने लगी और चक्कर आने लगा। इसकी सूचना पाकर तत्काल सरायकेला खरसावां जिला के जिला परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती मधुश्री महतो घटनास्थल पर पहुंचे और तत्काल मजदूर को उचित



चिकित्सा हेतु शिवा नर्सिंग होम आदित्यपुर में भर्ती करवाया और उचित चिकित्सा हेतु व्यवस्था किया गया। मधुश्री महतो ने बताया कि कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों की सुरक्षा व्यवस्था पर लापरवाही तथा प्रदूषण समेत कई तरह कमी देखा गया। घटना के बीच कंपनी में उपस्थित एच आर से घायल कर्मचारियों के बारे में न्याय की उचित मांग पर वार्ता किया गया। संतोष जनक वार्ता नहीं होने के कारण पुन दिनांक 27 अगस्त लिखित वार्ता के लिए तिथि निर्धारण की गई थी। निर्धारित तिथि के अनुसार स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं घायल मजदूर के अभिभावक कंपनी पहुंचे परंतु कंपनी में कोई जिम्मेदार एच आर नहीं रहने के कारण किसी तरह का वार्ता नहीं हुई। जिप उपाध्यक्ष ने कहा कि इस गंभीर विषय पर कंपनी संचालक के ऊपर कानूनी कार्रवाई हेतु जिले के संबंधित विभागीय अधिकारियों को लिखित शिकायत के साथ जिले के मासिक बैठक में रखा जाएगा।

## टाटा-राची मुख्य राज्य मांग एन एच 33 में ट्रेलर की टक्कर से गाड़ी में लगी आग एक की मौत एक गंभीर।

**शशि भूषण महतो,दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)**

चांडिल : सराईकेला खरसावां जिले के टाटा रांची मुख्य राज्य मार्ग एन एच 33 चांडिल थाना क्षेत्र के भादुडीह स्थित सड़क दुर्घटना में टेलर गाड़ी चालक द्वारा रफ्तार से चलाने के कारण खड़ी चेचिस को मारी टक्कर 200मीटर घसीट कर ले गए। इतने में डीजल टंकी फटने से लगी आग ।आग के चपेट में आने से चेचिस चालक गाड़ी के अंदर में फांसे रहे और जलकर राख हो गया ट्रेलर चालक किसी प्रकार गाड़ी से छिटक कर पानी पानी चिलाने लगे ।टायर दुकान के सामने खड़ी थी चेचिस रांची से जमशेदपुर जाने के दौरान यह दुर्घटना घटी चेचिस के चालक जिंदा जलकर गाड़ी के साथ राख हो गए ।वही ट्रेलर चालक भी बुरी तरह झुलस गए चांडिल पुलिस द्वारा एमजीएम हस्पताल भेजागया । टायर दुकानदार ने बताए की चेचिस चालक कुछ देर के लिए गाड़ी खड़ी किए उसी दौरान रांची की ओर से ट्रेलर गाड़ी रफ्तार से जमशेदपुर जा रहा था ।ओर सीधे चेचिस चालक



की पीछे मारा और फंस गए इसी दौरान घस्टीते हुए ले गए । ट्रेलर गाड़ी में चुना का पैकेट लदे हुए थे ।ओर डीजल टंकी फटने से भयानक आग की लैपट उठने लगे जिसे आसपास के ग्रामीण पहुंचे और चांडिल थाना को सूचना दिया गया ।

टायर दुकान के अनुसार दोनो गाड़ी रांची की ओर से आ रही थी घटना रात्रि एक से टेढ बजे आसपास यह घटना घटी देखते ही देखते दोनो गाड़ी जलने लगा । डीजल टंकी फटने से जोरदार आवाज के साथआग फैलने लगा । रांची जाने वाले सड़क में आग की लपेट पहुंचने लगा जिसे कुछ देर के लिए आवाजाही बंद रहा।

चेचिस गाड़ी के टायर में आग लगने से साथही डीजल की लपेट से चालक जलकर राख हो गया ट्रेलर चालक बुरी तरह झुलस गया। लोगो का कहना हे एन एच आई का पूरा पूरी गलती है।जिसके कारण आए दिन इस तरह सड़क दुर्घटना घट रही है प्रत्येक जगह सड़क का कार्य अधूरा बना हुआ है। सड़क अधूरा ओर टूल टैक्स की उसूली में लगे हुए है। आज जितना सड़क दुर्घटना हो रहा जिसका जिंबेबार एन एच आई होता है ।

## नीमडीह ब्लॉक मैदान में रघुनाथपुर प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच संपन्न,

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह (झारखंड), 27 अगस्त 2023 : सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत नीमडीह प्रखंड मुख्यालय रघुनाथपुर ब्लॉक मैदान में रघुनाथपुर प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सुखराम हेंब्रम के हाथों द्वारा विजेता दल यंग स्टार इलेवन रघुनाथपुर को प्रथम पुरस्कार नगद रुपए व कप दिया गया। मुख्य अतिथि सुखराम हेंब्रम ने विजेता दल के सभी खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर हौसला अफजाई की। इस अवसर पर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि ईचागढ़ विधान सभा क्षेत्र में खेलकूद प्रतिभाओं की कमी नहीं है। खेलकूद से यूवा वर्ग अपना उज्वल भविष्य बना सकते हैं। राज्य के यूवा मुख्यमंत्री विकास पुरुष हेमंत सोरेन ने खिलाड़ियों को अवसर देने के



लिए कई योजनाएं शुरू किया है। खिलाड़ी व युवाओं को खेलकूद, शिक्षा आदि क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए वे सदैव सहयोग करने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि प्राचीन समय से ही खेलो को जीवन जीने का आधार माना गया है इससे हमारे शरीर का विकास तो होता ही है, साथ ही यह हमारे जीवन को भी सफल बनाता है। उन्होंने कहा कि खेल को भारतीय संस्कृति एवं एकता का प्रतीक भी कहा जाता है, इसमे कोई भी जाति भाषा तथा धर्म का विरोध नही किया जाता, कोई भी किसी भी धर्म का व्यक्ति इसे खेल सकता है। इस प्रकार खेल हमारे मार्ग की प्रगति को सुनिश्चित कर एक सफल जीवन बनाने मे सहायक है। इस अवसर पर झामुमो नेता कृष्णदास महतो, सुबोध महतो, मितेन माहली, दीपु प्रमाणिक, बलराम महतो, निरंजन कुमार, प्रभात प्रमाणिक, राकेश धवन, मंगल सिंह, लक्ष्मण महतो, कबीर प्रमाणिक, सुरेश योगी आदि उपस्थित थे।

## पीएलवी ने नशा के खिलाफ किया जागरूक

**दैनिक समाज जागरण ,शेखर सुमन , ईचागढ़ सराइकेला (झारखण्ड)**

ईचागढ़ - सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड कार्यालय के विधिक सहायता केन्द्र में पीएलवी कार्तिक गोप ने अपने कार्यालय मे ग्रामीणों को नशा पान से के खिलाफ लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशा नाश का कारण है, नशा मानसिक, शारीरिक एवं आर्थिक रूप से आदमियों को कमजोर करता है। उन्होंने नशा का सेवन से अपने आप को एवं नये युवा पीढ़ी को बचाए रखने का अपील किया। वहीं उन्होंने बाल विवाह से संबंधित एवं मध्यस्थता के बारे मे 1 जुलाई से 30 सितम्बर तक होने वाले शिविर में ग्रामीण को ज्यादा से ज्यादा भाग लेने का भी अपील किया। उन्होंने कहा कि विशेष शिविर में घरेलू विवादों, जमीन जायदाद संबंधित विवादों आदि का मध्यस्थता कर निपटारा किया जाएगा मौके पर रामेश्वर गोप, सिंहासन मुण्डा, चंचला माझी, चंदा देवी सावित्री उराँव , सोमवारी उराँव ,सोमवार माझी आदि ग्रामीण उपस्थिति थे।

## अबैध बालू के खिलाफ चलाया जांच अभियान

**दैनिक समाज जागरण ,शेखर सुमन , ईचागढ़ सराइकेला (झारखण्ड)**

ईचागढ़ - सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के टीकर चेक नाका पर शनिवार की देर रात को अंचलाधिकारी भोलाशंकर महतो ने अबैध बालू के खिलाफ जांच अभियान चलाया। चेक नाका पर बालू लदे वाहनों को रोक रोक कर चालान आदि का जांच किया। वहीं अंचलाधिकारी श्री महतो ने बालू लदे वाहनों का बालु चालानों का सत्यापन के बाद छोड़ दिया गया। उन्होंने बताया कि ईचागढ़ पुलिस के साथ संयुक्त रूप से अबैध बालू परिवहन के खिलाफ जांच अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान चालानों का सत्यापन खनन विभाग के पोर्टल पर कराया गया, जिसमें सभी बालू लदे वाहनों पर सही चालान पाया गया। उन्होंने कहा कि चालान सत्यापन के बाद सभी बालू लदे वाहनों को छोड़ दिया गया। वहीं उन्होंने कहा कि अबैध बालू परिवहन के खिलाफ लगातार जांच अभियान चलाया जाएगा एवं बीना चालान अबैध बालू परिवहन को रोक लगाने के लिए सख्त कार्रवाई किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिना चालान अबैध बालू परिवहन किसी भी सुरत में बर्दास्त नहीं किया जाएगा । उन्होंने बालू कारोबारियों को वैध चालान के साथ रात के बदले दिन को ही चलाने का अपील किया, ताकि रात को जांच के क्रम में परेशान नहीं होना पड़े। मौके पर थाना प्रभारी गौरव मिश्रा एवं पुलिस के जवान उपस्थित थे।



## बीडीओ ने स्कूली बच्चों को किया नशा के खिलाफ जागरूक, दिलाया सपथ

**दैनिक समाज जागरण ,शेखर सुमन , ईचागढ़ सराइकेला (झारखण्ड)**

ईचागढ़- सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के एएन प्लस टू उच्च विद्यालय पिलीद में ईचागढ़ के प्रखंड विकास पदाधिकारी कीकू महतो ने नशा के खिलाफ जागरूक करते हुए स्कुली बच्चों को शपथ दिलाई। ईचागढ़ बीडीओ कीकु महतो ने नशा मुक्ति अभियान के दौरान नशा के दुष्प्रभाव के बारे में स्कुली बच्चों को जागरूक किया ।बीडीओ श्री महतो ने कहा कि हमें नशा मुक्ति के खिलाफ इसे जड़ से मिटाने का संकल्प लेने की जरूरत है।बीडीओ श्री महतो ने कहा कि नशे का सेवन करने पर इंसान हिंसात्मक रूप धारण करने लगता है, नशे की लत में किसी के साथ भी लड़ाई झगड़ा करने लगता है, नशा करने वाला इंसान अपना आपा खो देता है ,उसे याद भी नहीं रहता है कि वह कहां है, क्या कर रहा है ,नशे का सेवन करने वाला इंसान घरेलू हिंसा को दावत देता हैऔर अपने शरीर के साथ गाड़ी कमाइ को भी बर्बाद कर देता है। उन्होंने बच्चों को नशा से दुर रहने व अपने आस पास नसेड़ीयों को जागरूक करने का सपथ दिलाया। मौके पर सैकड़ों विद्यार्थी ,शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



## कल्याणपुर के धातकीडीह में अबंती महतो निर्विरोध आंगनबाड़ी सेविका चयनित

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह (झारखंड), 27 अगस्त 2023 : सरायकेला खरसावां जिला के नीमडीह प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर गांव के धातकीडीह टोला आंगनबाड़ी सेविका चयन के लिए मुखिया सुलोचना सिंह के अध्यक्षता व नीमडीह के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के उपस्थिति में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें अबंती महतो निर्विरोध आंगनबाड़ी सेविका चयनित हुई। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य, कल्याणपुर के ग्राम प्रधान पंचानन महतो, वॉर्ड सदस्य प्रतिमा महतो, शिक्षिका विंदु महतो, गणेश चंद्र महतो, रथु गोप, सुकुरमनी महतो, पुष्पा गोप, कागजी महतो, घेनी महतो, कल्याणी महतो, अंगुरी महतो आदि उपस्थित थे।



## सहारा गार्डन सिटी दुर्गा पूजा कमेटी आदित्यपुर द्वारा पूजा पंडाल का हुआ भूमि पूजन

अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 27 अगस्त 2023ःझ सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत आदित्यपुर कॉलोनी सहारा गार्डन सिटी दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा पंडाल का भूमि पूजा संपन्न हुआ।सोसाइटी के लोगो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और पूरे उमंग के साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाया।





बता दे सोसाइटी के अध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने बताया कि 2008 से लगातार दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन किया जाता है। हर वर्ष की भांति इस बार भी सोसाइटी के बच्चे, बूढ़े, महिलाएं मिलकर पूजा को सफल बनाने के लिए सोसाइटी के सभी गणमान्य लोगो ने संकल्प लिया है।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सोसाइटी के लोगो ने बताया कि पूजा के छठवें दिन से झांकी, जागरण, बच्चो द्वारा प्रस्तुति, डांडिया इत्यादि का आयोजन होता है। वही दुर्गा पूजा कमेटी के सदस्य अध्यक्ष अभय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष पी.एन पाण्डे, पंकज कुमार पाण्डे, संजय सिंह, महामंत्री सुबोध झा, सचिव आर.के अम्बस्टा, सौरभ भट्टाचार्य, कोषाध्यक्ष बी.के श्रीवास्तव, पी.के साई, विमल ओझा, रतन राय, ऑडिटर अशोक कुमार मिश्रा, आर.के सिंह, बी.के सिंह, कमेटी संरक्षक उमा शंकर राम, अनिल सिंह, रिंकू सिंह आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सावन के शुभ अवसर पर आदित्यपुर कॉलोनी में हुआ भजन संध्या का आयोजन

अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 27 अगस्त 2023ःझ सरायकेला जिला अंतर्गत आदित्यपुर कॉलोनी के रोड नंबर 7 शिव काली मंदिर के प्रांगण में श्री शिव काली मंदिर पूजा समिति के द्वारा सावन के शुभ अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया,जिसमे भक्तो ने जम कर भजन का लुफ्त उठाया। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्गो ने भी जम कर भक्ति में सराबोर होकर भजन का आनंद उठाया। साथ ही तरह तरह की झांकियां भी प्रस्तुत किए जिसमे भगवान भोले नाथ की बारात ,वीर हनुमान,राधे कृष्णा और अंत में भस्म आरती के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।